


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 रोहित शर्मा ने कहा कप्तानी पर्सनल रिकॉर्ड से ऊपर, कुछ साल ..

सचिन के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ही नहीं, इन 4 हश्वलेयर्स के करियर के ... 11



वर्ष : 12 | अंक : 35 | पटना, गुरुवार, 16 मई, 2024 | विक्रम संवत 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## संक्षिप्त खबरें

### आंध्र प्रदेश : सड़क हादसे में छह लोगों की मौत

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पालनाडु जिले में चिलकलुरिपेट के पास एक निजी बस के ट्रक से टकरा जाने के बाद उसमें आग लगने से छह लोगों की झुलसकर मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को करीब एक बजे हुआ। अधिकारी ने बताया, इस हादसे में बस और ट्रक चालक सहित चार पुरुषों और एक महिला एवं एक बच्ची की मौत हो गई। मृतकों में एक आठ साल की बच्ची, उसकी दादी, दादा और एक अन्य यात्री शामिल हैं जबकि इस हादसे में 20 यात्री घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने टीवी चैनलों को बताया, हमें घटना के बारे में कुछ लोगों के माध्यम से जानकारी मिली जिसके बाद हमने एम्बुलेंस और दमकल विभाग को सूचित किया। जब हम मौके पर पहुंचे, तो बस आग की लपटों में घिरी हुई थी। हादसे में जान गंवाने वाले छह लोगों में दोनों वाहनों के चालक शामिल हैं।

### कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से आती है : जयराम

रांची। कांग्रेस के महासचिव और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चार चरणों के बाद स्पष्ट हो गया कि इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने जा रहा है। बाकी बचे तीन चरणों का कोई असर अब चुनाव पर नहीं पड़ने वाला है। दक्षिण में भाजपा साफ हो चुकी है। प्रधानमंत्री की भाषा बदल गयी है। प्रधानमंत्री बौखलाए हुए हैं। हताश हैं। दस साल अन्याय काल के बाद अब जनता समझ गई है कि बदलाव और परिवर्तन का समय आ गया है। जल्द ही ये पीएम पद से हटने वाले हैं। जयराम रमेश बुधवार को रांची के कांग्रेस भवन में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को ताकत अपने पांच न्याय और 25 गारंटी से आती है। हमारी गारंटी हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा से बदलाव दिखा। इन दोनों यात्राओं के जरिए हमने जनता की बात सुनी। गारंटी कार्ड घर-घर जा रहा है। आठ करोड़ घरों तक हम गए।

### भाजपा को 400 से ज्यादा सीटें मिलीं तो पीओके को भारत में मिला लिया जाएगा: हिमंत

रामगढ़। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को दावा किया कि मौजूदा लोकसभा चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी को 400 से ज्यादा सीटें मिलती हैं तो पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में मिला लिया जाएगा। झारखंड के रामगढ़ जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देशभर में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए भाजपा को 400 से ज्यादा सीटें हासिल करने की जरुरत है। शर्मा ने कहा, यदि भाजपा को 400 से ज्यादा सीटें मिलीं तो पीओके को भारत में मिला लिया जाएगा। उन्होंने कहा, भाजपा को श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर, ज्ञानवापी मंदिर बनाने और देशभर में समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए 400 से अधिक सीटों की आवश्यकता है। ठीक उसी तरह जैसे उसने 2019 में 300 से अधिक सीटें जीतने पर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवाया था। साथ ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त किया और नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू किया।

# नागरिकता संशोधन नियम के तहत नागरिकता प्रमाण पत्रों का वितरण शुरू

## केन्द्रीय गृह सचिव ने नागरिकता प्रमाण पत्र देकर की शुरूआत, दी बधाई

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सरकार ने धार्मिक उत्पीड़न के कारण पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बंगलादेश से आकर यहां बसने वाले छह समुदायों के व्यक्तियों को नागरिकता (संशोधन) नियम के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र बांटने का काम शुरू कर दिया है और केन्द्रीय गृह सचिव ने नागरिकता प्रमाण पत्र देकर बुधवार को इसकी शुरूआत की। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि गत मार्च में सीएए से संबंधित अधिसूचना जारी किये जाने के बाद योग्य लोगों को नियमों के अनुसार नागरिकता प्रमाण पत्र का वितरण शुरू हो गया है। केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने यहां कुछ आवेदकों को नागरिकता प्रमाणपत्र सौंपे। इस अवसर पर गृह सचिव ने आवेदकों को



बधाई देते हुए नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डाक विभाग के सचिव, खुफिया विभाग के निदेशक और भारत के महापंजीयक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर उपस्थित थे। सरकार ने गत 11 मार्च को नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 को अधिसूचित किया था। इन नियमों में आवेदन के तरीके, जिलास्तरीय समिति द्वारा आवेदन को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया और राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति द्वारा आवेदनों की जांच और नागरिकता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इन नियमों के लागू होने के बाद, पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो धार्मिक उत्पीड़न या इसके डर के कारण 31 दिसम्बर 2014 तक भारत आ गए थे। अधिकृत अधिकारियों के रूप में वरिष्ठ डाक अधीक्षकों, डाक अधीक्षकों की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समितियों ने दस्तावेजों के सफल सत्यापन के बाद आवेदकों को निष्ठा की शपथ दिलाई है। नियमानुसार आवेदनों की जांच के बाद, समिति ने आवेदनों को निदेशक (जनगणना संचालन) की अध्यक्षता वाली राज्यस्तरीय अधिकार प्राप्त समिति को भेज दिया है। आवेदनों की जांच पूर्णतः ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाती है। निदेशक (जनगणना संचालन), दिल्ली की अध्यक्षता में दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने उचित जांच के बाद 14 आवेदकों को नागरिकता देने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में, निदेशक (जनगणना संचालन) ने इन आवेदकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

### पीएम ने चुनावी सभा को किया संबोधित, विपक्ष पर बोला हमला

# अल्पसंख्यक का मतलब कांग्रेस के लिए सिर्फ वोट बैंक : मोदी

## बोलें- चार चरणों में विपक्ष पूरी तरह पस्त हुआ

प्रात : किरण

मुंबई/एजेंसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नासिक में कहा कि अब तक हुए चार चरणों के चुनाव में विपक्ष पूरी तरह पस्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का अब केंद्र सरकार में विपक्षी पार्टी भी बनना मुश्किल हो गया है। इसी वजह से महाराष्ट्र में इंडी अघाड़ी के एक बड़े नेता ने सभी छोटी पार्टियों को चुनाव के बाद सभी छोटी पार्टियों को कांग्रेस में विलय करने की सलाह दी है।

उन्हें लगता है कि अगर सभी दुकानदार एक हो जाएं तो कांग्रेस देश में विपक्षी पार्टी बन सकती है। सभा में पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के लिए अल्पसंख्यक सिर्फ एक ही हैं- उनका अपना प्रिय वोट बैंक। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि मैं जब मुख्यमंत्री था, तब कांग्रेस चाहती थी कि देश के कुल बजट का 15 प्रतिशत सिर्फ मुसलमानों पर खर्च हो। उस वक्त मैंने इसका पुरजोर विरोध किया था। पूरी भाजपा ने विरोध किया।



इसलिए वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाए। पीएम मोदी ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने के खिलाफ थे। लेकिन कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को नासिक में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नकली शिवसेना और एनसीपी का कांग्रेस में विलय होना तय है। जब नकली शिव सेना का कांग्रेस में विलय होगा तो मुझे बाला साहेब की याद आएगी। इस समय शिवसेना का विनाश देखकर बाला साहेब को बहुत दुःख हो रहा होगा। बाला साहब का सपना था कि अयोध्या में राम मंदिर बने। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म किया जाना चाहिए। हालांकि, इससे नकली शिव सेना नाराज है। कांग्रेस ने प्राणप्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया और नकली शिव सेना ने भी यही रास्ता अपनाया। पीएम मोदी ने कहा कि कल काशी में बाबा विश्वनाथ और कालभैरव को नमन कर नामांकन पत्र दाखिल किया है। मेरे जीवन का उद्देश्य आपकी सेवा करना है। चुनावी रैली में पीएम मोदी ने कहा कि आपने पिछले 10 साल में मेरा काम देखा है। मैं अब आपसे अपने तीसरे कार्यकाल के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। विकसित भारत बनाने के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मैंने पिछले 10 साल में बिना किसी भेदभाव के मुफ्त राशन, नल का पानी, पक्के घर और गैस कनेक्शन उपलब्ध कराएं हैं।

# संविधान व आरक्षण को खत्म करना चाहती है भाजपा : राहुल

प्रात : किरण

बोलांगीर/एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को नष्ट करना चाहती है और आदिवासियों, दलितों तथा पिछड़े वर्ग के लोगों को दिए गए आरक्षण को खत्म करना चाहती है। ओडिशा के बोलांगीर में एक रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने चेतावनी भरे स्वर में कहा कि अगर भाजपा यह चुनाव जीतती है तो वह सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर देगी और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। कांग्रेस ने हाथ में पकड़ी हुई भारत के संविधान की प्रति की ओर इशारा करते हुए कहा, भाजपा इस किताब को फाड़ना चाहती है लेकिन हम और भारत के लोग उन्हें इसकी इजाजत नहीं देंगे। राहुल गांधी



ने आशंका जताते हुए कहा, अगर भाजपा जीतती है तो आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया जाएगा और देश को 22 अरबपति चलाएंगे। इसलिए आम लोगों की सरकार बननी चाहिए।

**देश में इंडिया गठबंधन की आंधी :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष फिर से दावा किया कि देश के हर कोने में इंडिया गठबंधन की आंधी है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार जून के बाद इस पद पर नहीं रहेंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की ओर से एक्स पर जारी उनके भाषण से संबंधित दो वीडियो को फिर से पोस्ट करते हुए यह आरोप भी लगाया कि भाजपा झूठ की फैक्ट्री चला रही है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा की ओर से राहुल गांधी के एक भाषण के एक अंश में कांट-छांटकर यह प्रचार किया गया कि नरेन्द्र मोदी चार जून, 2024 के बाद हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। मुख्य विपक्षी दल का कहना है कि राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा था कि नरेन्द्र मोदी चार जून के बाद हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। राहुल गांधी ने कांग्रेस की इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कहा, झूठ की फैक्ट्री भाजपा खुद को कितना भी दिलासा दे ले, कोई फर्क नहीं पड़ने वाला। एक बार फिर कह रहा हूं कि चार जून के बाद नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। देश के हर कोने में इंडिया की आंधी चल रही है।

# कांग्रेस ने पाताल, समुद्र, अंतरिक्ष और जमीन पर किए घोटाले : नड्डा

## भाजपा अध्यक्ष ने मोतिहारी व शिवहर में चुनावी सभा को किया संबोधित

प्रात : किरण

मोतिहारी/शिवहर/एजेंसी। लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बुधवार को पूर्वी चंपारण के मोतिहारी में एक जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने शिवहर संसदीय क्षेत्र से जेडीयू प्रत्याशी लवली आनंद के समर्थन में यह सभा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और राजद पर जमकर निशाना साधा। साथ ही मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। जनसभा में विपक्षी दलों पर हमला बोलते हुए नड्डा ने राष्ट्रीय जनता दल को फूल फॉर्म बताया। उन्होंने कहा कि राजद में आर का मतलब रिश्वतखोरी, जे का मतलब जंगलराज और डी का मतलब



दलदल है। इसके बाद उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने कोई जगह नहीं छोड़ी, हर जगह घोटाला किया है। चाहे वह धरती हो, आकाश हो, पाताल हो, समुद्र हो या अंतरिक्ष हो। इस दौरान बीजेपी अध्यक्ष ने लालू यादव को लेकर कहा कि कांग्रेस के एक साथी ने तो चारा भी खा लिया। इतना ही नहीं उन्होंने नौकरी के लिए जमीन भी ले ली। जेपी नड्डा ने आरक्षण के मुद्दे पर भी कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ये लोग संविधान बदलना चाहते हैं। आपका आरक्षण मुसलमानों को देना चाहते हैं। ये लोग सनातन के विरोधी हैं। राष्ट्र विरोधी हैं। नड्डा ने आगे कहा कि कांग्रेस जितना बेईमान, धोखेबाज और गुमराह करने वाला कोई नहीं है। जब कोरोना की वैक्सीन बन रही थी तो उन्होंने देश की जनता को गुमराह किया कि ये वैक्सीन सही नहीं है, ये मोदी की वैक्सीन है। खुद जाकर छुपकर वैक्सीन ले आए और कहते रहे कि ये मोदी की वैक्सीन है मत लगवाओ। ये लोग कहते थे कि भारत गरीबों का देश है, यहां इंटरनेट से क्या होगा। लेकिन आज भारत में सब्जी बेचने वाला भी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी तुष्टीकरण और जातिवाद को हाशिये पर डाल सभी जाति और धर्म को समान रूप से विकसित बना रहे है। सभी सेक्टर में तेज गति से विकास हो रहा है। भारत की पहचान आज भष्ट्र और मांगने वाला देश के रूप में नही बल्कि ईमानदार सशक्त और दुनिया को देने वाले देश के रूप में हुई है। उन्होंने कहा नौकरी के बदले जमीन लेने वाले लालू प्रसाद चारा और अलकतरा खा गये।आज नौकरी का ढिंढोरा पीट रहे है।ऐसी नौकरी नही चाहिए कि नौकरी के बदले जमीन देनी पड़े। मोदी जी का ईमानदार नेतृत्व ही रोजगार और नौकरी देगा।

# प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार करने वाले दलों को न दें वोट : शाह

प्रात : किरण

कोलकाता/एजेंसी। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हुगली जिले के श्रीरामपुर में बुधवार को एक चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने मतदाताओं से अपील की की श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार करने वाले दलों को वोट न दें। शाह ने कहा कि पिछले चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 18 सीटें जीतीं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ममता और राहुल को भी दिया गया था लेकिन दोनों नहीं गए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी नहीं गए। उन्होंने कहा कि टीएमसी और कांग्रेस के नेताओं ने अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया था। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया उन्हें संसद में भेजना नहीं चाहिए। इन्हें घुसपैठिए पसंद हैं। रोहिंग्या को नागरिकता देती हैं



लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने से रोकती हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने ममता को चुनौती देते हुए कहा कि आप और आपके भतीजे चाहे जितना जोर लगा लो हम एक-एक शरणार्थी को नागरिकता देकर रहेंगे।

उन्होंने श्रीरामपुर से भाजपा उम्मीदवार कबीर शंकर बोस को जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी को प्रधानमंत्री बनने के लिए बंगाल से अधिक से अधिक सीटें जितनी जरूरी हैं। ममता दीदी, राहुल गांधी ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का विरोध किया लेकिन हमने हटाया।उन्होंने कहा कि मां, माटी, मानुष के वादे पर सत्ता में आई ममता अब मुल्ला, मदरसा और माफिया की तरफदारी कर रही हैं। शाह ने कहा कि यहां इमामों को महीने पर तनख्वाह दी जाती है, लेकिन पुजारियों और मंदिरों के रखवालों को कुछ नहीं मिलता।

# आईएनडीआईए की सरकार बनी तो सभी गरीबों को मिलेगा 10 किलो राशन : खड़गे

प्रात : किरण

लखनऊ एजेंसी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव में आईएनडीआईए की सरकार बनने का दावा किया है। खड़गे ने कहा कि सरकार बनने के बाद हम सभी गरीबों को 10 किलो राशन देंगे। खड़गे ने अखिलेश के साथ लखनऊ के ताज होटल में बुधवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में दावा किया 04 जून को आईएनडीआईए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा कानून कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार लाई थी। आईएनडीआईए की सरकार बनने के बाद हम



प्रति व्यक्ति 10 किलो राशन देंगे। हमारी लड़ाई गरीबों के लिए है। युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही है। पद रिक्त हैं लेकिन भर्ती नहीं हुई। ये देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। वोट का अधिकार ही सबसे बड़ी ताकत है। हम मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि हम दलित, आदिवासी, पिछड़ों एवं कमजोर वर्ग को आगे लाने के लिए जातीय जनगणना कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कम मतदान प्रतिशत पर नहीं बोलते। उन्हें इस पर भी बोलना चाहिए। अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता बदलाव चाहती है। उत्तर प्रदेश एवं देश में सबसे ज्यादा सीटें आईएनडीआईए जीतेगा। फ्रीडम आफ प्रेस का दिन 04 जून होगा। उन्होंने कहा कि 10 साल की सरकार में एनडीए सरकार के वादे झूठे निकले। आईएनडीआईए को जनसमर्थन मिल रहा है। किसान खुशहाली के रास्ते पर बढ़ेगा। किसानों के साथ जो अन्याय हुआ, उसे किसान भूला नहीं है। कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव अमीरों और गरीबों के बीच हक और हुकूक की लड़ाई है जिसमें इंडिया गठबंधन पूरी तरह देश की गरीब जनता के साथ है। श्री खड़गे ने यहां एक होटल में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आजादी के बाद से यह पहला लोकसभा चुनाव है जो हर लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। सभी जानते हैं कि यह दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। इसके एक तरफ भारतीय जनता पार्टी है जो चंद पूंजीपतियों के हक में खड़ी है और इसके लिये संविधान भी बदलने को तैयार है जब+ाकि दूसरी ओर 26 राजनीतिक दलों का गठबंधन है जो गरीब, आदिवासी, बेरोजगार और महिलाओं के हक और हुकूक की लड़ाई लड़ रहा है।

# केन्द्र की गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ युवा बेरोजगार : तेजस्वी

प्रात : किरण

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केन्द्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला है। बुधवार को पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों पर किसी को भरोसा नहीं हैं। बीजेपी के कथनी और करनी में बहुत अंतर है। केवल झूठ और नफरत के अलावा इनके पास कुछ नहीं है। जो इनके मुंह में आता है ये वही बोल देते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री जी पर मुझे एक चीज का भरोसा है, उनकी नीतियों ने 25 करोड़ नौजवानों को ओवरएज कर दिया, नौकरी नहीं निकली, जो भी ओवरएजड हुए उन्हें नौकरी नहीं मिली, बेरोजगार रह गए। तेजस्वी ने कहा कि,



प्रधानमंत्री के गलत नीतियों के चलते 25 करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं। पीएम खुद 75 साल के हो गए और मुझे विश्वास है कि वो अपने बनाए नीति को मार्गदर्शक मंडल में पालन करेंगे। तेजस्वी ने कहा कि, आशा है, कि उन्हीं के बनाए हुए मंडल लीग में वो जाएगें। तेजस्वी ने कहा कि, अग्निवीर योजना में देखिए 22 साल में रिटायरमेंट हो जा रहा है। युवाओं को 4 साल में बेरोजगार कर दिया जा रहा है। वहीं जो तैयारी कर रहे उनके लिए बहाली नहीं निकल रही है। और इंतजार करते करते वो ओवरएजड हो जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी की गलत नीतियों के कारण 25 करोड़ युवा ओवर ऐज्ड होकर बेरोजगार हैं। पीएम भी अब ओवर ऐज्ड हैं। प्रधानमंत्री ने स्वयं यह नीति बनाई है कि 75 वर्ष की आयु प्राप्त होने के बाद रिटायर होकर मार्गदर्शक मंडली में शामिल होना है। अगर वो अग्निवीर को 22 साल की उम्र में जबरन सेवानिवृत्त कर रहे हैं तो मुझे उम्मीद है कि पीएम 75 वर्ष में रिटायर होने की अपनी ही बनायी नीति, नियम और सिद्धांत का अनुपालन अवश्य करेंगे। वहीं लोकसभा के बीच में आकर बीजेपी के द्वारा अलग अलग घोषणाओं को की जा रही है। इस सावल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा के लोग कन्फ्यूज हैं। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा है।

### अध्ययन

### मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन की रिपोर्ट

# पिछले 30 वर्षों में लू से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में हुईं : शोध

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। दुनिया भर में प्रति वर्ष 1.53 लाख से अधिक मौतें भीषण गर्मी या लू के कारण होती हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 20 फीसदी मौतें भारत में होती हैं। एक अध्ययन से यह जानकारी मिली। पिछले 30 वर्षों से अधिक के आंकड़ों के आधार पर यह अध्ययन किया गया। भारत के बाद चीन और रूस का स्थान है, जिनमें से प्रत्येक में क्रमशः लगभग 14 फीसदी और आठ फीसदी मौतें भीषण गर्मी से जुड़ी होती हैं। मोनाश विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में पाया गया कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से संबंधित सभी मौतों का लगभग एक तिहाई और वैश्विक स्तर पर कुल मौतों का एक प्रतिशत है। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया है कि हर साल गर्मियों में होने वाली



कुल 1.53 लाख अतिरिक्त मौतों में से लगभग आधी एशिया में और 30 प्रतिशत से अधिक यूरोप में होती हैं। इसके अलावा, सबसे बड़ी अनुमानित मृत्यु दर (जनसंख्या के अनुपात में मृत्यु) शुष्क जलवायु और निम्न-मध्यम आय वाले क्षेत्रों में देखी गई। अध्ययन पीएलओएस मेडिसिन में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने लिखा है, 1990 से 2019 तक गर्म मौसम के दौरान, लू से संबंधित अतिरिक्त मौतों के कारण प्रति वर्ष 1,53,078 मौतें हुईं। इस तरह प्रति दस लाख निवासियों पर कुल 236 मौतें हुईं। अध्ययन के लिए, शोधकर्ताओं ने ब्रिटेन स्थित मल्टी-कंट्री मल्टी-सिटी सहयोगात्मक अनुसंधान नेटवर्क के आंकड़ों का इस्तेमाल किया। इसमें 43 देशों के 750 स्थानों पर दैनिक स्तर पर मौतें और तापमान के विवरण शामिल थे। अध्ययन में 2019 तक के दशक की तुलना 1999 तक के दशक से करने पर, दुनिया भर में हर साल भीषण गर्मी की अवधि औसतन 13.4 से 13.7 दिनों तक बढ़ी हुई पाई गई, जिसमें हर दशक में वातावरण का औसत तापमान 0.35 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि पिछले अध्ययन ने स्थानीय स्तर पर लू या भीषण गर्मी के कारण अधिक मौतों की संख्या निर्धारित की है, लेकिन लंबी अवधि में दुनिया भर में इन अनुमानों की तुलना नहीं की है। शोधकर्ताओं ने कहा है कि निष्कर्षों से पता चलता है कि स्वास्थ्य क्षेत्र को इनसे निपटने के लिए अनुकूल कदम उठाने से संभावित लाभ हो सकते हैं। उन्होंने लू या भीषण गर्मी के दौरान न केवल तत्काल स्वास्थ्य जोखिमों से निपटने के लिए व्यापक दृष्टिकोण का आह्वान किया, बल्कि समुदायों में असमानताओं को कम करने के लिए दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करने का भी आह्वान किया। अध्ययन में कहा गया कि रणनीतियों में जलवायु परिवर्तन से निपटने की नीति, गर्मी से निपटने की योजना (उदाहरण के लिए भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी प्रणाली), शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं, जागरूकता कार्यक्रम, और सामुदायिक सहभागिता और भागीदारी शामिल हैं।

# भारतीय अदालतें विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बदल गई हैं : प्रधान न्यायाधीश

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। देश के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जे20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। जे-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का एक समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जे-20 सम्मेलन का आयोजन ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट की ओर से किया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना अब थोपे गये साम्राज्य के बजाय विमर्श की लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। कोविड-19 महामारी के कारण अदालतों की व्यवस्थाओं को रातों-रात बदलना पड़ा।

उन्होंने मुकदमे से जुड़ें पक्षों और कम कनेक्टिविटी वाले स्थानों के बीच डिजिटल विभाजन और प्रतिनिधित्व संबंधी विषमता पर भी बात की। इन विषमताओं को अड़चनें बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमें इनसे निपटना होगा। जब हम न्यायिक दक्षता की बात करते हैं, तो हमें न्यायाधीश की दक्षता से परे हटकर देखना चाहिए और समग्र न्यायिक प्रक्रिया के बारे में सोचना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जानकी नवमी आज सत्य चंडी महायज्ञ में हुआ धार्मिक अनुष्ठान

पटना सिटी (प्राकि)। श्री भगवती सीता स्थान प्रबंधक समिति की ओर से मितन घाट बक्शी मोहल्ला स्थित श्री सीता स्थान में जानकी नवमी पर कल विशेष अनुष्ठान किया जाएगा। बुधवार को काशी से आए पंडित नित्यानंद त्रिपाठी के आचार्यत्व में धार्मिक अनुष्ठान किया गया। आयोजन में सचिव प्रभात बहादुर माथुर, शत्रुघ्न यादव, नितेश सिंह, नितेश तिवारी, प्रेम कुमार तिवारी, रंजीत वर्मा, डॉ विनय कृष्ण, यश माथुर आदि सक्रिय रहे।

### टिकट जाँच अभियान में बिना टिकट के 290 यात्री पकड़े गये

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत 15 तारीख बुधवार को दानापुर मण्डल के गुलजारबाग स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेनों को 5 मिनट अतिरिक्त ठहराव लेकर टिकट चेकिंग स्टाफ एवं आर पी एफ द्वारा संयुक्त सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इसमे बरौनी दानापुर मेमो पैसेंजर राजगीर दानापुर मेमो पैसेंजर इस्लामपुर पटना मेमो पैसेंजर पटना जसीडीह मेमो एक्स्प्रेस बक्सर फतुहा मेमो पैसेंजर पटना राजगीर पैसेंजर आदि ट्रेनों मे प्रमुखता से जाँच कराई गई, जिसमे 290 यात्रियों को बिना टिकटअनियमित यात्रा के आधार पर पकड़ा गया एवं जुमार्ने की राशि के रूप मे 87,285 /- रुपये वसूल किया गया। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मण्डल मे आगे भी जारी रहेगा। यात्रियों से अनुरोध है कि बिना टिकट कभी रेल यात्रा न करे। यह दंडनीय अपराध है। सदैव रेल टिकट लेकर ही उचित श्रेणी मे यात्रा करें।

### अज्ञात शव बरामद

दानापुर खगौल रेल पुलिस ने दानापुर नेउरा के बीच पोल संख्या 554/12के पास से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मृतक की उम्र करीब 40 वर्ष बतायी जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसी ट्रेन से गिड़ने व कटने से मौत हुई हो। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद सुरक्षित रखा गया है। फिलहाल शव का शिनाख्त नही हो सकी है।

### वरीय अधिकारी चेकिंग प्वाईंट को लेकर बनाये गये केन्द्रो का जायजा लेने पहुंचे

दानापुर नगर के अंतर्गत विधान सभा को लेकर क्षेत्र में जगह जगह बनाये गये वाहन चेकिंग प्वाईंट, एसएसटी केन्द्र एवं सीमा पर बनाये गये केन्द्र का अनुमंडलाधिकारी प्रदीप सिंह ने जायजा लिया। बुधवार को अनुमंडलाधिकारी प्रदीप सिंह, एएसपी सुश्री दीक्षा, प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद व अंचलाधिकारी के साथ चेकिंग प्वाईंट को लेकर बनाये गये केन्द्रो का जायजा लेने पहुंचे। इस क्रम में उन्होने जगह जगह सीमा सील करने एवं वाहन के विशेष चेकिंग को लेकर बनाये गये केन्द्र का निरीक्षण किया। साथ सख्त निर्देश दिया। लोगो के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर दीघानहर एम्स फ्लाईओवर के नीचे, खगौल लख, व छितनांवा पुल पर एसएसटी केन्द्र बनाये गये है। इसके अलावे लोकसभा क्षेत्र के सीमा अकिलपुर, पतलापुर बाजार व दीघा के पास केन्द्र बनाये गये है। इन स्थानो पर विशेष रूप से वाहनो की जांच करने को निर्देष दिया गया है। जहां सशस्त्र, कैस व शराब आदि पर विशेष नजर रखना एवं जांच किया जाना है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सभी केन्द्रो पर विशेष रूप से पदाधिकारी की तैनाती की गयी है। इन केन्द्रो पर चौबीसो घंटे पदाधिकारी व पुलिस बल तैनात रहेगे।

### सूर्य नारायण मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया

श्री गौरी शंकर सूर्यनारायण मंदिर, बालू घाट, महेन्द्रू गंगा किनारे अवस्थित मंदिर में 11वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। बुधवार को प्रातः धार्मिक विधि विधान से पंडित भोला तिवारी के द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। इसमें रेखा सिंह, गीता देवी, मंजू साह एवं सुषमा देवी ने पूजा करने में योगदान किया। हरिद्वार से आए गायत्री पीठ के आचार्य रजनीश कुमार, आचार्या रजना देवी एवं शिखा देवी के द्वारा गायत्री पाठ, गायत्री यज्ञ एवं भजन कीर्तन किया गया। मंदिर परिसर में स्थापित शंकर पार्वती, सूर्य देव, हनुमान जी, दुर्गा जी एवं भैरव नाथ की संध्या में आरती उतारी गई। 251 गायत्री दीप को मंदिर में प्रज्वलित किया गया। अंत में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल मंदिर के अध्यक्ष शिवनाथ मेहता, सचिव शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं सदस्य गणेश कुमार, अमन कुमार एवं विपुल कुमार शामिल थे।

# एफएमटी विभाग में डीएम सुपर स्पेशलिटी कोर्स शुरू होगा : डॉ. जीके पाल

## कार्यकारी निदेशक ने एम्स में अंतरराष्ट्रीय स्तर का फोरेंसिक मेडिसिन विभाग बनाने के विचार को किया साझा

- फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय फोरेंसिक मेडिसिन दिवस मनाया

प्रात :किरण संवाददाता



एम्स पटना के फोरेंसिक मेडिसिन एंड टॉक्सिकोलॉजी विभाग ने राष्ट्रीय फोरेंसिक मेडिसिन दिवस मनाया। अंतरविषयक अंतर्दृष्टि के माध्यम से यौन उत्पीड़न उत्तरजीवी की चिकित्सा-कानूनी जांच में चुनौतियां विषय पर सोमवार को एक सीएमई का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक और सीईओ, प्रोफेसर डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने मुख्य संरक्षक के रूप में कार्य किया। न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा (सेवानिवृत्त न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय) मुख्य अतिथि थे, और पारसनाथ सिंह (एडीजी पुलिस, बिहार सरकार) सम्मानित अतिथि थे। उद्घाटन भाषण में प्रो. डॉ. जीके पाल ने एफएमटी विभाग में डीएम सुपर स्पेशलिटी कोर्स शुरू करने की बात कही और न्याय वितरण प्रणाली में फोरेंसिक मेडिसिन की भूमिका से भी अवगत कराया। उन्होंने जांच प्राधिकरण की मदद के लिए विश्व स्तरीय फोरेंसिक जांच सुविधाओं के साथ एम्स पटना में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का फोरेंसिक मेडिसिन विभाग बनाने के अपने दृष्टिकोण को साझा किया। न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा (पटना उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश) ने यौन उत्पीड़न जांच में अपनी न्यायपालिका संबंधी अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने आपराधिक न्यायशास्त्र प्रणाली में फोरेंसिक चिकित्सा की भूमिका की सराहना की। बिहार पुलिस के एडीजी श्री पारसनाथ सिंह ने कहा कि बिहार पुलिस कर्मियों को ऐसे अपराधों की जांच करने और ऐसे मामलों में उचित समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उद्घाटन समारोह में प्रो. (डॉ.) प्रेम कुमार डीन (शैक्षणिक), प्रो. (डॉ.) पुनम प्रसाद भदानी, डीन (छात्र मामले), प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार, चिकित्सा अधीक्षक और डीन (परीक्षा) उपस्थित थे। एम्स पटना के ) ने भी विषय पर अपने विचार साझा किए। फोरेंसिक मेडिसिन, बाल रोग, स्त्री रोग, कानून और फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए और इस शैक्षणिक कार्यक्रम में भाग लिया। एफएमटी विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) अमित पाटिल ने विषय का परिचय दिया और भारत में यौन अपराधों पर आंकड़े साझा किए। एफएमटी विभाग के प्रो. (डॉ.) बिनय कुमार ने भारत में यौन अपराधों से संबंधित कानूनों पर व्याख्यान दिया, स्त्री रोग विभाग की डॉ. इंदिरा प्रसाद ने यौन उत्पीड़न के मामलों की जांच में स्त्री रोग विशेषज्ञों के लिए चुनौतियों पर बात की, जबकि डॉ. प्रदीप कुमार ने बाल रोग विभाग ने बाल यौन शोषण की रिपोर्टिंग में बाल रोग विशेषज्ञ की भूमिका और ऐसे मामलों से निपटने में चुनौतियों के बारे में बताया। हिमजय कुमार, उप एफएसएल पटना के निदेशक ने यौन उत्पीड़न के फोरेंसिक प्रयोगशाला पहलुओं के बारे में बताया इंतिहान। सीएमई कार्यक्रम में डॉ. तोशल वानखड़े द्वारा संचालित एक पैनल चर्चा हुई एफएमटी विभाग और न्यायमूर्ति विनोद कुमार सिन्हा (सेवानिवृत्त न्यायाधीश) की अध्यक्षता में पटना उच्च न्यायालय), यौन उत्पीड़न की चिकित्सा जांच की सुविधा पर उत्तरजीवी, ऐसे मामलों में शामिल चुनौतियाँ, योगदान और सहयोग पुलिस विभाग की, टुकड़ों की व्याख्या में न्यायपालिका की भूमिका सबूत, और बचे लोगों को जल्द से जल्द न्याय प्रदान करना। पैनलिस्ट सदस्य श्री पारसनाथ सिंह (एडीजी), प्रोफेसर (डॉ.) थे। मोनिका अनंत (ओबीजीवाई), प्रो. (डॉ) चंद्रमोहन कुमार (बाल रोग) और सलाहकार। बिनय कुमार पांडे, अन्य प्रतिभागियों में स्त्री रोग विभाग की प्रमुख प्रो. (डॉ.) थीं। हेमाली हेदी सिन्हा; बाल रोग विभाग के प्रमुख प्रो. (डॉ.) चंद्र मोहन कुमार, विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार (एफएमटी, पीएमसीएच); का प्रधान विभाग के प्रोफेसर (डॉ.) राजीव रंजन (एफएमटी, एनएमसीएच); विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरविंद कुमार (एफएमटी, एनएमएससीएच); प्रो. (डॉ.) मोनिका अनंत, डॉ. रितु कुमारी (पीएमसीएच), श्री हिमजय कुमार (उप निदेशक, फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला, पटना) एवं कनिष्ठ विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के निवासी। कार्यक्रम का आयोजन फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग द्वारा किया गया था टॉक्सिकोलॉजी, एम्स पटना, आयोजन सचिव डॉ. अशोक कुमार रस्तोगी; आयोजन संयुक्त सचिव डॉ. तोशल वानखड़े; और समिति के सदस्य डॉ अरोपप्रज्ञा थे पाल, डॉ. केशव चंद्रा, डॉ. शशांक रंजन, डॉ. राहुल, डॉ. डिनिल, डॉ. यशवंत, डॉ कुलदीप, डॉ हर्षित राज, डॉ ऋषभ, डॉ इशिता, और स्टाफ सदस्य।

# जीसस एंड मैरी एकेडमी को मिला क्लस्टर ऑफ अचीवर्स अवार्ड




पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

निःस्वार्थ सेवा भावना से किया गया कार्य अप्रत्याशित फल देता है। इसे चरितार्थ किया जीजस एंड मेरी एकेडमी ने, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल में सीओए (क्लस्टर ऑफ अचीवर्स) नामक संस्था द्वारा छात्रों के चहुमुखी सर्वांगीण विकास में विगत 53 वर्षों से समर्पित होने के कारण सुपर 30 के संचालक आनंद कुमार के द्वारा पारितोषिक दिया गया। विशेषकर शिक्षित बच्चे ही समाज, राज्य एवं राष्ट्र को विकास की नई दिशा की ओर अग्रसर करते हैं। यह संस्था कोरी कल्पनाओं के आधार पर किसी विद्यालय का इस पुरस्कार के लिए चयन नही करता, बल्कि जमीनी हकीकत से विद्यालय के समर्पण के आधार पर मूल्यांकन करता है। विद्यालय के उपनिदेशक अभिषेक पैट्रिक ने सम्मान ग्रहण किया।

इस अवसर पर उपस्थित गूगल ब्वाय कौटिल्य पंडित ने भी विद्यालय के निरंतर प्रयास और समर्पित मेहनत के लिए प्रशंसा की।

# तेजस्वी के झूठ से ऊब चुके हैं बिहारवासी : प्रभाकर मिश्र

## चार चरणों में खाता खुलते नहीं देख बौखला गए हैं राजद नेता

पटना, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि चार चरणों के मतदान में अपने दल का खाता खुलता नहीं देख वे बौखला गए हैं। जब चार चरणों के बाद यह हाल है, तो चुनाव परिणाम के बाद क्या होगा? भाजपा प्रवक्ता श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव के अनर्गल प्रलाप से बिहार की जनता ऊब चुकी है। इनके खोखले वादों की असलियत जनता जानती है। तेजस्वी कभी लाखों नौकरी देने का दावा करते हैं, तो कभी 10 किलो राशन देने वादा करते हैं, जबकि सच है कि उनके दावे और वादे दोनों झूठ हैं। दरअसल में तेजस्वी झूठों के सरदार हैं। बिहार के लोग जानते हैं कि पशुओं का चारा खा जाने वाला का पुत्र 10 किलो राशन क्या देगा। नौकरी के बदले गरीबों की जमीन हड़पने वाला जब नौकरी देने की बात करता है, तो झूठ को भी शर्म आती है। उन्होंने कहा कि मतदान के अंतिम चरण तक तेजस्वी के झूठ में और तेजी आएगी। ये स्वर्ग में सीढ़ी लगाने और सूरज को पश्चिम से उगाने का भी वादा करेंगे। लेकिन, बिहार के लोग इनके झांसे में नहीं आने वाले हैं।

# डीएवी बीएसईबी के छात्र यश गलहोत ने मारी बाजी

प्रात :किरण संवाददाता



डीएवी बीएसईबी के छात्रों ने दसवी और बारहवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वहीं दसवी कक्षा के छात्र यश गहलोत ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाजी मारी। यश गहलोत ने बताया कि एनसीईआरटी की किताबों का गहन अध्ययन किया था। उन्होंने कहा कि मैंने कभी टॉप करने के मकसद से पढ़ाई नहीं की। बल्कि मैने अपनी पढ़ाई को हमेशा इंजॉय किया है। यश गहलोत ने इस सफलता के लिए अपने माता - पिता का बड़ा योगदान रहने की बात करते हुए अपनी कड़ी मेहनत की चर्चा की। यश गहलोत के माता-पिता का मानना है कि उसकी पढ़ाई की रुचि को देखकर उन्हें लगता था कि यश गहलोत निश्चित ही अच्छा अंक लायेगा और उसने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक लाया। यश गहलोत की कड़ी मेहनत और लगन ने अपने माता पिता के साथ-साथ स्कूल का नाम भी रौशन किया है। यश गलहोत प्रतिदिन पांच से छह घंटे सेल्फ स्टडी करते हुए अपने स्कूल में दूसरा स्थान हासिल किया है।

# सुशील मोदी को दी गई श्रद्धांजलि

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता






पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में खाजेकलां के पानी टंकी स्थित न्यू राज दरबार में बिहार के राजनीतिक के युग पुरुष सुशील कुमार मोदी के निधन पर बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। यहां उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही सभा में शामिल लोगों ने दो मिनट का मौन रख कर शोक संवेदना व्यक्त किया। श्रद्धांजलि अर्पित के बाद बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले पचास सालों से उनसे मित्रवत संबंध रहा है। आज मैंने अपना सच्चा दोस्त खो दिया है। सुशील कुमार मोदी अपनी प्रशासनिक कौशल, राजनीतिक सुझबूझ व सामाजिक सरोकार के प्रति अपनी गहरी अंतर्दृष्टि के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में चुनाव संचालन समिति के संयोजक दिनेश पटेल, रंजीत कुमार तन्नू, किरण शंकर, शंभू केसरी, प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रदीप काश, राजेश साह, विनय केसरी, संजय सिंह, सुदीप जी, सुजीत कुशवाहा, लड्डू चंद्रवंशी, सुरेश सिंह पटेल, संजय गुप्ता, मृत्युंजय बल्दिहार, राजू गुप्ता, नवल किशोर सिन्हा, अशोक भारती, राजेश प्रताप, स्मिता रानी, साधना राव, विनोद पासवान, सुदामा प्रसाद सिन्हा, अजय पंडित, राजू जायसवाल, महेश पासवान, शंभू दास, विनय कुमार, शंकर मेहता आदि शामिल थे। रामजी मिश्र मनोहर मीडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप जैन और सचिव ज्ञानवर्द्धन मिश्र ने पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जाना लोकतंत्र के चौथे पाए के हिमायती का अवसान है। उनका सालाना चूड़ा-दही व चाट पार्टी ने पत्रकारों के लिए एक उत्सव का रूप ले लिया था। खिलाफ में छपने पर पर उनके माथे पर कोई शिकन तक नहीं आना उनकी धैर्यशीलता थी। लोकसभा व राज्यसभा में उनके प्रश्नों के मिले उत्तर को संदर्भ सामग्री के रूप में अखबारों को प्रेषित किया करते थे, जिससे खबर बनाने में पत्रकारों को बड़ी सहूलियत होती थी। भाजपा नेता अवधेश कुमार सिन्हा, भगवती प्रसाद मोदी, संजीव सिन्हा, जयकृष्ण प्रसाद चंद्रवंशी, रामानंद पांडेय, अमित कानोडिया, मां ब्लड बैंक से जुड़े सरदार जगजीवन सिंह, मुकेश हिसारिया आदि ने भी सुशील मोदी के निधन पर श्रद्धांजलि दी है।

# चार यूपीएचसी को मिला एनक्यूएएस का राज्य स्तरीय सर्टिफिकेट

- 10 यूपीएचसी ने किया आवेदन, 4 सर्टिफाइड, 6 का असेसमेंट बाकी
- सूबे के 40 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं कायाकल्प सर्टिफाइड

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) की रेस में अब शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (यूपीएचसी) भी शामिल हो गये हैं। इस वर्ष 10 यूपीएचसी ने एनक्यूएएस के राज्य सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन दिया था। इसमें से चार शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को राज्य स्तरीय एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिला है। इसमें गया जिले का इकबाल नगर और कटारी हिल तथा पूर्णिया जिले का पूर्णिया कोर्ट और माता चौक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल है। इसके अलावा बाकी 6 का असेसमेंट बाकी है। अब राज्य स्तरीय एनक्यूएएस सर्टिफिकेट मिलने के बाद गया के दोनों यूपीएचसी ने राष्ट्रीय असेसमेंट के लिए आवेदन भी कर दिया है।

उम्मीद है कि इसी मई महीने के अंत तक दोनों जगहों पर राष्ट्रीय टीम जांच संपन्न कर लेगी। इसके अलावा, राज्य में 40 यूपीएचसी ऐसे हैं जो कायाकल्प सर्टिफिकेशन प्राप्त कर चुके हैं। यूपीएचसी को 12 मानकों पर करना पड़ता है काम, 70 प्रतिशत अंक लाना जरूरी नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के स्टेट प्रोग्राम मैनेजर मो. मसऊद आलम ने बताया कि जुलाई 2023 में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए मिशन एनक्यूएएस के तहत पहली बार हम लोगों ने एक्शन प्लान पर विचार किया और इसके लिए जरूरी इंडिकेटर पर काम करना शुरू किया। मो. मसऊद आलम ने बताया कि चूँकि शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ दिन में संचालित होते हैं, इसलिए इनके एनक्यूएएस सर्टिफिकेट के लिए मानक जिला अस्पताल से भिन्न हैं। उन मानकों में कम से कम 70 प्रतिशत अंक प्राप्त करने होते हैं। जिन मानकों पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काम करती हैं उनमें जनरल क्लीनिक, मेटरनल हेल्थ, न्यू बॉर्न एंड चाइल्ड हेल्थ, टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग, संचारी रोग, गैर संचारी रोग, आउटरीच, फामेर्सी, लैबोरेट्री, ड्रेसिंग रूम और इमरजेंसी, जेनरल एडमिनिस्ट्रेशन, वेस्ट मैनेजमेंट, फायर सेफ्टी, इलेक्ट्रिसिटी लोड असेसमेंट शामिल हैं। कैसे होता है मानकों का असेसमेंट मानकों के असेसमेंट के लिए चार तरीके हैं जिसमें स्वास्थ्य केंद्र का आबजर्मेशन, स्टाफ इंटरव्यू, रिकॉर्ड रिव्यू और पेशेंट इंटरव्यू शामिल हैं।

# पूर्व मध्य रेल में जारी है सघन टिकट जांच अभियान

## 01 अप्रैल से 14 मई तक अनियमित यात्रा के 4 लाख 87 हजार से अधिक मामले पकड़ में आए

- दंडस्वरूप 31.55 करोड़ का रेल राजस्व हुआ प्राप्त

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना टिकट अथवा उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही है और इसकी रोकथाम के लिए निरंतर अभियान जारी है ताकि उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। ऐसे यात्रियों के कारण एक ओर जहां टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं दूसरी ओर रेल राजस्व की भी हानि होती है। पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाकर स्टेशन एवं ट्रेनों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के फलस्वरूप चालू वित्त वर्ष के 14 मई अर्थात 01 अप्रैल से 14 मई, 2024 तक अनियमित यात्रा के कुल 04 लाख 87 हजार 600 मामले सामने आए जिनसे जुमार्ने के रूप में लगभग 31 करोड़ 55 लाख का राजस्व प्राप्त हुआ। जांच अभियान के दौरान दानापुर मंडल में लगभग 01 लाख 23 हजार लोगों को बिना टिकट/उचित प्राधिकार के पकड़ा गया जिनसे दंडस्वरूप लगभग 07.67 करोड़ रूपए रेल राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ। इसी तरह सोनपुर मंडल में 01 लाख 12 हजार लोगों से 07.32 करोड़ रूपए, पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 86 हजार 500 लोगों से 5.45 करोड़ रूपए दंडस्वरूप प्राप्त हुए। जबकि समस्तीपुर मंडल में 01 लाख से अधिक लोगों को बिना टिकट/उचित प्राधिकार के यात्रा करते हुए पकड़ा गया जिसने 7.46 करोड रूपए,तथा धनबाद मंडल में 65 हजार से अधिक लोगों से 3.69 करोड़ की राशि रेल राजस्व के रूप में प्राप्त हुई। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में बिना टिकट अथवा बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों की धरपकड़ हेतु निरंतर टिकट जांच की जा रही है तथा भविष्य में भी यह जारी रहेगी। पूर्व मध्य रेल यात्रियों से अपील करती है कि वे हमेशा उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें।

# केला मंडी में 72 दुकान बना, अब आगे के निर्माण में देरी

## एसडीओ के आदेश के बाद भी नहीं कराया जा रहा शिफ्ट, बारिश होने पर संकट





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कृषि उत्पादन बाजार समिति, मुसल्लहपुर में कृषि विभाग के द्वारा केला मंडी में करीब 72 नया दुकान बन चुका है। इन दुकानों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, मगर आगे के भाग का बरामदा का निर्माण कार्य शुरू किया जाना है। इसमें करीब 25 प्रतिशत निर्माण कार्य रह गया है। इस संबंध में पटना सिटी एसडीओ सह विशेष पदाधिकारी गुंजन सिंह ने केला मंडी कारोबार से जुड़े लोगों को पत्र जारी कर दुकान खाली कर अपनी दुकान के पीछे बने नई दुकान में अस्थाई व्यवस्था के तहत व्यापार शुरू करने का आदेश दिया है। ऐसा इस कारण से कहा गया है, ताकि आगे बरामदा का बच्चा कार्य को ससमय पूरा किया जा सके। मगर परेशानी का कारण यह है कि कृषि विभाग के पदाधिकारी लगातार टालमटोल का रवैया अपना रखे हैं। हालांकि एसडीओ के द्वारा 4 अप्रैल, 24 को ही पत्रांक 30 के द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है। दुकानदार अपने पीछे की दुकान में शिफ्ट होने को तैयार भी हैं, मगर कृषि विभाग के पदाधिकारी के अड़ियल रवैया के कारण ऐसा संभव नहीं हो पा रहा है। वे कागज में लगातार त्रुटि निकाल कारवाइयों को परेशान करने पर तुले हैं। इस संबंध में कृषि उत्पादन व्यवसाय संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, उपाध्यक्ष रामजी प्रसाद, सचिव रघुनंदन सिंह एवं प्रवक्ता वरुण कुमार ने कहा है कि केला मंडी में पूर्व से 36 पुराना दुकान था और इतनी ही संख्या में नई दुकान भी बना है। हालांकि पिछले वह सब मौसम की मार खाते हुए और बिना पीने के पानी और शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के बाद भी दो साल से संघर्ष करते हुए कारोबार कर रहे हैं। मगर एसडीओ के आदेश के बाद भी अब तक पीछे की दुकान में शिफ्ट नहीं कराया गया है और मौसम की मार खाकर वे सब कारोबार कर रहे हैं। यदि दो-तीन दिनों तक अच्छी बारिश हो गई, तो ऐसी स्थिति में कारोबार करना ही मुश्किल नहीं हो जाएगा, बल्कि केला को भी खासा नुकसान पहुंचेगा। इससे कारोबारी को आर्थिक क्षति का सामना भी करना पड़ेगा। विदित हो कि एसडीओ ने चार अप्रैल को ही जारी आदेश में कहा है कि पत्र प्राप्ति के सात दिनों के अंदर अपनी दुकान खाली कर अपनी दुकान के पीछे बने नई दुकान में पूर्णतया अस्थाई व्यवस्था के तहत अपना कारोबार कर सकते हैं। इसे लेकर कुछ शर्तें भी लगाई गई हैं। इन शर्तों में इस प्रक्रिया को दुकान का आवंटन नहीं माना जाएगा। विभाग द्वारा आवंटन की प्रक्रिया का निर्धारण किया जाना है, इसके बाद नए नियम एवं शर्तों के आधार पर ही आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और यह आपको मान्य होगा। इसे लेकर एक वचन पत्र भी कार्यालय को समर्पित करना होगा। प्रोपराइटर का फोटो एवं आधार कार्ड भी साथ में देना होगा। खुद के द्वारा कारोबार किए जाने से संबंधित साक्ष्य देना होगा। किसी भी परिस्थिति में दुकान को किराया पर नहीं देना होगा। दुकान की दीवार, छत, फर्श, बिजली वायरिंग, शौचालय का फिटिंग आदि को क्षति नहीं पहुंचाया जाएगा और दुकान के स्वरूप में भी किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं करेंगे। दुकान में किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित सामान एवं नशीला पदार्थ का भंडारण एवं व्यापार वर्जित होगा।

# सीएस साहेब एसजीजीएस अस्पताल के कर्मियों के सैलरी शीट पर कब करेंगे साइन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल अधीक्षकविहीन हो गया है। मार्च में अधीक्षक के पद पर रहे डॉ आरआर चौधरी सेवानिवृत हो गए हैं। इसके बाद वित्तीय कार्य के निष्पादन के लिए पटना के सिविल सर्जन को अधिकृत किया गया है। मगर उनके पास अपने कार्य बोझ से इतनी फुर्सत नहीं है कि वह गुरु गोविंद सिंह सदर अस्पताल के चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ, नर्सिंग स्टाफ सहित अन्य कर्मियों के वेतन विपत्र पर साइन कर सकें। इसके अलावा अन्य विपत्र भी भुगतान के लिए उनके यहां पिछले दो माह से लंबित है। दरअसल सिविल सर्जन के द्वारा साइन नहीं किए जाने के कारण मार्च और अप्रैल माह का वेतन यहां पदस्थापित चिकित्सक व कर्मियों को नहीं मिल पाया है। अब जबकि मई माह भी आधा निकल चुका है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना में 12 मई को हुए रोड शो एवं इसके दूसरे दिन 13 मई को तख्तश्री पटना साहिब में आने को लेकर उनकी व्यस्तता हो सकती थी। इसके बाद भी अब तक सिविल सर्जन को सैलरी शीट पर और अन्य विपत्र पर भुगतान के लिए स्वीकृति देने के लिए फुर्सत नहीं है। ऐसे में समझा जा सकता है कि इस अस्पताल के विकास और विभिन्न विभागों में व्याप्त कमियों को कैसे पूरा किया जा सकेगा। जब तक लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगा है, तब तक अधीक्षक के पद पर स्थायी पदस्थापना भी विभाग के द्वारा संभव नहीं है। इधर यहां कार्यरत चिकित्सक व कर्मियों के समक्ष रोना है कि दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण बच्चों की पढ़ाई, इलाज से लेकर गृहस्थी चलाना मुश्किल सा हो गया है। बच्चे भी प्राथमिक, उच्च और उच्चतर शिक्षा के लिए बिहार या बिहार से बाहर में हैं। ऐसे में उन्हें रुपया भेजना भी जरूरी है। अस्पताल का प्रशासनिक कार्य का प्रभार देख रहे वरीय सर्जन डॉ आरिफ अब्दुल्ला का कहना है कि चिकित्सक एवं कर्मियों के द्वारा लगातार उन पर दबाव बनाया जा रहा है। वह बार-बार सिविल सर्जन के यहां वेतन एवं अन्य विपत्र के भुगतान के लिए पत्र भेज रहे हैं, मगर अब तक इस दिशा में आदेश प्राप्त नहीं हो पाया है। इसका कारण है कि वित्तीय अधिकार सिविल सर्जन के पास ही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### बस -ट्रक टक्कर में दर्जन भर जवान घायल

मुजफ्फरपुर ।चुनाव करा कर लौट रहे जवानों से भरी बस और ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें बस में बैठे दर्जनों जवान जख्मी हो गए हैं । दुर्घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया । घटना की सूचना मिलते ही सकरा थाने की पुलिस ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर घायल जवानों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया ।दुर्घटना सकरा थाना क्षेत्र के सबहा और सुजावलपुर चौक के बीच एन एच 28 पर हुई। चुनाव कराकर लौट रहे जवानों से भरी बस और ट्रक में जबरदस्त टक्कर हो गई , जिसमें बस में बैठे तकरीबन एक दर्जन जवान बुरी तरह जख्मी है ,जिनको इलाज के लिए सकरा थाना की पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है ।घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों के बीच अफरा तफरी की स्थिति मच गई।

### पूर्व डिप्टी सीएम के निधन पर जताया शोक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के भाजपाइयों ने बुधवार को कल्याणपुर में पूर्व डिप्टी सीएम सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र ठाकुर ने किया। संचालन शशि भूषण शर्मा ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों का सहारा किया गया। मौके पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राधेश्याम ठाकुर सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मारपीट की घटना में आधे दर्जन लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मनोरथपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में आठ लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सभी जख्मी को ईलाज केलिए पीएससी में भर्ती कराया गया। जहां सभी जख्मी लोगों का ईलाज कराया गया। वहीं जख्मी लोगों में मनोरथपुर के पप्पू राय, रोशन कुमार, विनोद राय, रविंद्र राय, रुण देवी, लालू राय, गुड्डू कुमार एवं राजू कुमार जख्मी हैं। पीएचसी के डॉक्टर रागिब अंसारी ने सभी जख्मी लोगों को प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं पप्पू राय के स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ईलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी लोगों के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### अवध असम एक्सप्रेस में सर्च ऑपरेशन के दौरान 20 लीटर विदेशी शराब बरामद

समस्तीपुर। समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर अवध असम एक्सप्रेस में सर्च ऑपरेशन के दौरान लाबारिस हालत में 20 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। हालांकि धंधेबाज गिरफ्त में नहीं आ पाया। रेल थानाध्यक्ष बीपी आलोक ने बताया कि अवध असम एक्सप्रेस के आते ही एसी कोच में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान कोच संख्या ए वन में गेट के पास बैग की तलाशी ली गयी। जिसमें 20 लीटर विदेशी शराब मिली। अज्ञात पर मामला दर्ज किया गया है।

### किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन जरूरी : डॉ रत्नेश मिश्रा

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में ह्यकिशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्यह्न पर सेमिनार का आयोजन किया गया । विभागाध्यक्ष प्रो मनसा कुमारी सुलतानिया की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव एवं मनोविज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो० रत्नेश मिश्रा ने कहा कि कोरोना महामारी से उत्पन्न विभिन्न मानसिक समस्याओं ने मानवजाति को झकझोर कर रख दिया, जिसमें विश्वभर में सबसे ज्यादा क्षति किशोरों में पाई गई है मनोविज्ञान किशोरावस्था को बदलाव की अहम अवस्था मानता है जिसमें युवा विभिन्न मानसिक, दैहिक और सामाजिक कारकों से गुजरते हैं। इसीलिए यह बेहद आवश्यक है कि युवा मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बनाए रखें विभागाध्यक्ष प्रो. मनसा कुमारी सुलतानियाँ ने मानसिक स्वास्थ्य के बहुआयामी परिदृश्य का उदाहरण सहित वर्णन करते हुए नारी शक्ति का आवाह्न किया। इस सेमिनार में विभाग के अनुभवी शिक्षक प्रो. इन्द्र कुमार राय (सेवानिवृत्त), प्रो. ध्रुव कुमार, डॉ. मो. ज्या हैदर ने अपने -अपने विचार साझा किऐ कार्यक्रम का संचालन अमृत कुमार झा एवं धन्यवाद प्रो. अनीश अहमद ने कियो इस अवसर पर रोहित कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, शिवाली कुमारी, माधुरी कुमारी सिंह एवं अन्य छात्र,छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर अपनी समस्याएं रखीं जिसका निदान वक्ताओं ने किया।

# दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का कुल औसत मतदान 57.39 प्रतिशत हुआ : डीईओ

## -मतदान प्रक्रिया में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों के अपेक्षा काफी अधिक रहा

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी राजीव रौशन ने कहा कि सभी मतदान केंद्र पर सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था की गई थी। दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का कुल औसत मतदान 57.39 प्रतिशत हुआ उन्होंने बताया कि बताया गया कि दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत गौड़ाबौराम विधान सभा क्षेत्र में पुरुष,महिला एवं ट्रांसजेंडर कुल मतदाता 262223 है ।जिनमें पुरुष मतदाता 70459,महिला मतदाता 83452 कुल मतदाता 153911 अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसका प्रतिशत निम्न रहा 51.35 पुरुष मतदाता, 66.75 महिला मतदाता कुल 58.69 प्रतिशत मतदान हुआ है ।बेनीपुर विधान सभा क्षेत्र में पुरुष,महिला एवं ट्रांसजेंडर के साथ कुल मतदाता 302251 है,जिनमें पुरुष मतदाता 83111,महिला मतदाता 91813 कुल मतदाता 174924 अपने मताधिकार का प्रयोग किया, इसका प्रतिशत में हम देखें तो 52.18 पुरुष मतदाता, 64.22 महिला मतदाता कुल 57.87 प्रतिशत मतदान हुआ है।

अलीनगर विधान सभा क्षेत्र में पुरुष,महिला एवं ट्रांसजेंडर कुल मतदाता 284883 है जिसमें पुरुष मतदाता 74041,महिला मतदाता 88577 कुल मतदाता 162618 अपने मताधिकार का प्रयोग किया, । इसका प्रतिशत में 49.75 पुरुष मतदाता, 65.11 महिला मतदाता कुल 57.08 प्रतिशत मतदान हुआ है ।दरभंगा ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र में पुरुष,महिला एवं ट्रांसजेंडर कुल मतदाता 301106है जिसमें पुरुष मतदाता 77163,और महिला मतदाता 87491 कुल मतदाता 164654 अपने मताधिकार का प्रयोग किया,। इसका प्रतिशत के रूप में 48.67 पुरुष मतदाता, 61.37 महिला मतदाता कुल 54.68 प्रतिशत मतदान हुआ है।

दरभंगा सदर विधान सभा क्षेत्र में पुरुष,महिला एवं ट्रांसजेंडर कुल मतदाता 317519 है जिसमें पुरुष मतदाता 92194,महिला मतदाता 83871 कुल मतदाता 176065 अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसका प्रतिशत 52.20 पुरुष मतदाता, 55.73 महिला मतदाता कुल 55.45 प्रतिशत मतदान हुआ है ।बहादुरपुर विधान सभा क्षेत्र में पुरुष,महिला एवं ट्रांसजेंडर कुल मतदाता 313374 जिनमें पुरुष मतदाता 93904,महिला मतदाता 95886 कुल मतदाता 189790 अपने मताधिकार का प्रयोग किया, । इसका प्रतिशत 56.67 पुरुष मतदाता, 64.94 महिला मतदाता कुल 60.56 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# मैथिली ठाकुर ने लोक गीतों के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। लोकसभा निर्वाच के तहत जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा जिले के मतदाताओं को जागरूक एवं प्रेरित करने के निमित स्टेट स्वीप आइकॉन मैथिली ठाकुर के द्वारा मंगलवार की शाम स्थानीय खुदी राम बोस स्टेडियम में जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भव्य एवं आकर्षक आयोजन हुआ। समारोह का उद्घाटन मुजफ्फरपुर के सामान्य प्रेक्षक बी.पी. चैहान, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन तथा उप विकास आयुक्त आशुतोष द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह में वैशाली के सामान्य प्रेक्षक शिव प्रसाद नकाते, व्यय प्रेक्षक जी. बामशी कृष्णा रेड्डी तथा मुजफ्फरपुर के पुलिस प्रेक्षक श्री डेक्का किशोर बाबु ने भी शिरकत की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा समारोह में उपस्थित जन समूह को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्टेडियम परिसर में आई. सी.डी.एस. की सेविका, सहायिकाओं द्वारा भव्य एवं आकर्षक रूप में वृहत आकार का मुजफ्फरपुर का मानचित्र तैयार कर सभी प्रखण्डों को दशार्या गया था। इस मानचित्र में एक हजार एक सौ ग्यारह दीपों को जलाकर जिले में शत-प्रतिशत मतदान की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। समारोह में जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त द्वारा एक हजार एक सौ ग्यारह गुब्बारों को उन्मुक्त गगन में उड़ाया गया। प्रत्येक गुब्बारा पर मतदाता जागरूकता पर आधारित स्लोग्न के माध्यम से संदेश प्रसारित किये गये थे तथा जिले में शत-प्रतिशत मतदान के संकल्प को अभिव्यक्त किया गया। बिहार की सांस्कृतिक विविधता की पावन भूमि पर इस समारोह में स्टेट स्वीप आईकॉन मैथिली ठाकुर ने मतदाता जागरूकता पर आधारित गीत, मैथिली गीत, देशभक्ति गीत, भक्ति गीत, लोक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को झुमने के लिए विवश कर दिया। कार्यक्रम का आगाज मतदाता जागरूकता गीत से की, जिसकी बोल थे,अपने अधिकारों का आओ सम्मान करें, चलो मतदान करें। लोकतंत्र के महापर्व को राष्ट्रीय भावना से जोड़कर स्वीप आईकॉन ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री गोपाल फलक ने किया।

# सुखी सायफन पुल पर चार चक्का वाहन जप्त किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली मधुबनी लोक सभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी मधुबनी के आदेशानुसार खजौली बीडीओ लवली कुमारी द्वारा एसएसटी टीम द्वारा सुक्की साईफन पुल के पूर्वी छोड़ पर दस चार चक्का वाहन को जप्त कर प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया. वही सुक्की साईफन पुल पर प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट गणेश प्रसाद दीपक एव पुलिस पदाधिकारी ब्यासदेव कुँवर द्वारा प्रखंड टीम के साथ पिकप, स्कॉर्पियो वाहन को रोककर जांच पड़ताल कर वाहन को जप्त किया गया.मजिस्ट्रेट गणेश प्रसाद दीपक ने बताया कि मधुबनी लोक सभा चुनाव को लेकर पुलिस फोर्स को खजौली में ठहराव किया गया है. साथ ही खजौली से ही सभी पुलिस फोर्स को कलुआही प्रखंड सहित अन्य प्रखंड में भेजा जाएगा. वही मधुबनी लोक सभा चुनाव को लेकर खजौली प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर वाहन चेकिंग की जा रही है. इस वाहन चेकिंग में चार चक्का, पिकप एव वाइक को जाँच की जा रही है.वही बीडीओ लवली कुमारी ने बताया कि 20 मई 024 तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे पर नियमित वाहन जांच की जाएगी.इस मौके मजिस्ट्रेट गणेश प्रसाद दीपक, एएसआई ब्यासदेव कुँवर, आवास पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार , आवास सहायक पुरुषोत्तम पंडित, स्वच्छता पर्यवेक्षक मो.अकबर,अमरेश कुमार सिंह,गोविंद कुमार, अरविंद कुमार, श्याम कुमार, अंनत कुमार मौजूद थे.

# आरबीआई के प्रबंधक ने किया मिथिला ग्राम नाबार्ड रुरल मार्ट का निरीक्षण



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय रिजर्व बैंक, पटना के प्रबंधक तान्या अग्रवाल ने जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान चीनी मील चौक पर अवस्थित मिथिला ग्राम नाबार्ड रुरल मार्ट का निरीक्षण तथा अवलोकन किया। उन्होंने स्थानीय कलाकारों के बढ़ावा हेतु नाबार्ड एवं सिविल सोसायटी औसेफा के पहल को सराहनीय बताया। एलडीएम पीके सिंह ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा पीएम मुद्रा योजना के तहत कलाकारों को ऋण सहायता भी प्रदान की गयी है। जिससे कच्चा सामाग्री खरीदने में काफी सहायक सिद्ध हुआ है तथा कलाकारों की आय में वृद्धि हुई है। डीडीएम नाबार्ड अभिनव कृष्ण ने बताया कि नाबार्ड द्वारा लगने वाली राष्ट्रीय स्तर के मेले में कलाकारों को मिथिला पेंटिंगों उत्पाद की विपणन हेतु अन्य राज्यों में भी भेजी गई है। जिससे कलाकारों के आय में वृद्धि के साथ साथ उनके मनोबल भी बढ़ा है।

# अपहरण मामले में 9 को आजीवन सश्रम कारावास व ग्यारह लाख रुपये अर्थदण्ड

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। व्यवहार न्यायालय दरभंगा के अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने सिंहबाड़ा में सोना चांदी का दुकान चलाने वाले व्यवसायी रमण कुमार ठाकुर उर्फ चुन्नू ठाकुर अपहरण मामले में बुधवार को 9 जूर्मियों को आजीवन सश्रम कारावास और ग्यारह लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाया है ।इस अपहरण मामले की प्राथमिकी सिंहबाड़ा थाना में अपहृत ठाकुर के पिता कादिरावाद निवासी बिष्णु देव भारती ने दर्ज कराया था। सिंहबाड़ा थाना प्राथमिकी संख्या 2/20 के अनुसंधानकर्ता ने अपहृत ठाकुर की रिहाई के लिए 5 करोड़ रुपये फिरौती मांगने वाले अपहरणकताओं के मोबाइल फोन नंबर को जांच कर उसे पकड़ने के लिए अग्रसर हुआ। पुलिस ने एक अपहरणकर्ता को गिरफ्तार कर उसके स्वीकारोक्ति बयान पर छापामारी कर दो माह 14 दिन पर अपहृत ठाकुर की बरामदगी किया। अभियोजन पक्ष का संचालन लोक अभियोजक नशीरुद्दीन हैदर ने किया। अभियोजन पक्ष को सहयोग करने वाले सूचक के अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह और ऋषभ श्रीवास्तव ने बताया कि पांच करोड़ रुपये की फिरौती के मामले में नौ जूर्मियों को आजीवन सश्रम कारावास और 11 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा बुधवार को सुनाई गई है कोर्ट ने आरोपी शिवहर जिला के अजय सिंह (नेपाली) नवल किशोर सहनी,अजय कुमार सिंह(पूर्व आर्मी)वैशाली जिला के हामीद खां उर्फ हमीद,मुजफ्फरपुर जिला के सुमन कुमार उर्फ लालबाबू,रविरंजन,अमरेंद्र कुमार सिंह,,एवं सीतामढ़ी जिला के बबलू झा ,रोहित कुमार को भादवि की धारा 364ए,में आजीवन सश्रम कारावास और 5 लाख रुपये अर्थदण्ड, 328में 5 साल की कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदण्ड ,344,में 2 साल की कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदण्ड, 411में 2 साल की कारावास ,120(बी) में आजीवन सश्रम कारावास और 5 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। पीपी नसीरुद्दीन हैदर ने बताया कि सभी सजायें साथ-साथ चलेगी।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान के पूसा शाखा की दूसरी वर्षगांठ

## केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ने की संस्थान के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के पूसा शाखा की दूसरी वर्षगांठ के शुभ अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीएस पाण्डेय मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। उनके साथ डॉ एमएस. कुंडू, डायरेक्टर ऑफ एक्सटेंशन एजुकेशन भी उपस्थित थे। जिनका स्वागत समस्तीपुर की सविता बहन ने तिलक लगाकर किया। रोसड़ा की कुंदन बहन ने बुके प्रदान किया। दलसिंहसराय की सोनिका बहन ने गुलाबासी की एवं पूसा की पूजा बहन ने पुष्प वर्षा की। स्वागत भाषण बीके तरुण ने किया। कृष्ण भाई ने पट्टा उढ़ाकर उनका सम्मान किया एवं कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कुलपति डॉ पीएस पाण्डेय ने कहा कि इस स्थान पर आकर मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने अपने अतीत का जिक्र करते हुए कहा कि मैं लगभग 36 वर्षों से इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय से परिचित हूं और यहां के द्वारा सिखाए जा रहे राजयोग का भी अभ्यास कर लाभ प्राप्त किया है। उन्होंने अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि सन-2008 में जब मेरे छोटे भाई को ओरल कैंसर की बीमारी हुई तो राजयोग के नियमित अभ्यास से इस असाध्य बीमारी से छुटकारा पाने में मदद मिली और आज वह बिल्कुल स्वस्थ हैं। उन्होंने संस्थान की कार्यशैली एवं इससे जुड़े भाई-बहनों की भूरि-भूरि प्रशंसा अपने व्यक्तिगत अनुभवों के आधार से की। उन्होंने विश्वविद्यालय की ओर से संस्थान को यथासंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। उन्होंने पूसा के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह स्थान वैदिक काल से ही महत्वपूर्ण स्थान है। पूषण देवता, जो सबका पोषण करते हैं उनके नाम से इस स्थान का नाम पूसा पड़ा। इस अवसर पर डॉ एमएस कुंडू ने भी संस्थान की उन्नति एवं प्रगति के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा कि ब्रह्मा कुमारीज परिवार जो सेवा कर रहा है, उससे निश्चित रूप से आने वाले समय में एक मूल्यनिष्ठ एवं सुखमय समाज की स्थापना होगी। समस्तीपुर से आए प्रमुख व्यवसायी सतीश चांदना ने शुभकामनाएं दीं। सविता बहन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों को प्रसाद स्वरूप ब्रह्मा भोजन स्वीकार कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आरके तिवारी, पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ टीएन शर्मा एवं अन्य शिक्षकगण के अलावा स्थानीय व्यवसायी सुनील अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, प्रकाश मोदी, मनोज भाई, टुनटुन भाई, उमेश भाई, अमरेश भाई आदि उपस्थित रहे।

# बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर शोक सभा आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा) ।बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन होने पर आज अलीनगर विधानसभा के दसौत गांव में शोक सभा का आयोजन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर कार्यकताओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई और 2 मिनट का मौन धारण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए दरभंगा जिला किसान मोर्चा के अध्यक्ष सह अलीनगर विधानसभा के संयोजक संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा की सुशील मोदी का जाना ना सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के लिए बल्कि संपूर्ण बिहार वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है. एक तरह से कहा जाए तो बिहार की राजनीति में एक युग का अंत हो गया. छात्र जीवन से अपनी राजनीतिक कैरियर का आरंभ करने वाले सुशील कुमार मोदी ने लालू के जंगल राज का खुलकर विरोध किया और बिहार में सत्ता परिवर्तन कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया. नीतीश सरकार में बतौर वित्त मंत्री उन्होंने बेहतर काम कर बिहार को पटरी पर लाकर विकास की गाड़ी को आगे बढ़ने का काम किया. यह उनकी दूरदर्शिता ही थी कि उनके कार्यकाल में बीजेपी का संगठन मजबूत होता रहा. जब बिहार में नीतीश कुमार ने राजद के साथ जाकर सरकार बनाने का फैसला लिया तब सुशील कुमार मोदी ने खुलकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का विरोध किया।

श्रद्धांजलि सभा में शिव शंकर झा, संजय झा, माधव झा आजाद, अश्वनी शरंगी, नुनू सिंह, संजीव सिंह, लाल मुखिया, रणधीर सिंह, बलराम सिंह, धनपति ठाकुर, अरुण पोद्दार, बलराम ठाकुर, पिंटू यादव, रमेश राय, सुधीर सिंह, नवीन मिश्रा, आनंद चौधरी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# महिला शक्ति को मिले अवसर से जिलावासी गौरवान्वित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । महिला सशक्तिकरण के दौर में सोमवार को जिले वासियों के लिए एक बड़ा अवसर बना जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा का संचालन करने का दायित्व रामवृक्ष बेनीपुरी महाविद्यालय की प्राचार्य और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सदस्या डॉ ममता रानी को मिला। हालांकि संचालन का अवसर उनके लिए कोई नई जिम्मेदारी नहीं थी । पूर्व में कई मौकों पर छोटे बड़े आयोजनों का सफल संचालन कर चुकी डा. रानी के लिए यह आयोजन निश्चय ही एक कठिन चुनौती के समान था क्योंकि एक और मंच पर देश के नामचीन प्रधानमंत्री की धमक और दूसरी और सभागार में उमड़ा जन सैलाब। लेकिन इस कठिन चुनौती के समक्ष ममता घबराई नहीं बल्कि अपने आत्मबल, उत्साह और ओजपूर्ण शब्दों के बेहतर संयोजन के माध्यम से इस गुनी महिला ने संचालन दायित्व को बिल्कुल आसान साबित कर दिया। चाहे नेताओं और मंत्रियों को समयावधि में संबोधन की सीमा का एहसास कराना हो अथवा प्रधानमंत्री की अगुवाई में एक सजग कार्यकर्ता की तरह अभिनंदन की चंचल पहल। डॉ ममता रानी के रूप में इस अनूठे प्रयास और एक महिला को सांगठनिक स्तर पर मिले अवसर से जिलेवासी स्वयं को हर्षित और गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं । विदित हो कि इससे पहले ममता रानी को बिहार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दीक्षांत समारोह, सीनेट बैठक की कार्यवाही का राज्यपाल की उपस्थिति में संचालन करने समेत उपमुख्यमंत्री दिवंगत सुशील मोदी के कई कार्यक्रमों के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा आयोजित तरंग आदि बड़े प्रतियोगिताओं का संचालन करने का अनुभव हासिल है।

# अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल की 117वीं जयंती मनाई

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल स्मृति समारोह समिति द्वारा आज शहीद बैकुंठ शुक्ल की117 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर बैरिया स्थित गोल्फर पर उनकी आदम कब प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद प्रतिमा स्थल पर रमेश कुमार केजरीवाल की अध्यक्षता में जयंती कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंच संचालन चंद किशोर पाराशर द्वारा किया गया। वृंदावन यादव पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में जयंती समारोह के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की प्रक्रिया संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभा स्थल पर अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल से संबंधित संजीव कुमार त्यागी, उत्तर प्रदेश गाजीपुर के द्वारा कविता पाठ किया गया। उपस्थित लोग इस कविता के माध्यम से अमर शहीद बैकुंठ शुक्ल की संपूर्ण जीवन वृत्त सुन भाव विभोर हो गये। इस अवसर पर सुरेंद्र प्रसाद सिंह अधिवक्ता चंदेश्वर चौधरी , मिंटू शर्मा, भूपाल भारती, हरि किशोर सिंह चंदन राय , रामचंद्र प्रसाद सिंह, राम बालक सिंह ,श्री शंभू चौधरी, रोशन शुक्ला, अभिषेक शुक्ला ,प्रभात शुक्ला, डॉ देवेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व रजिस्ट्रार संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा, विनोद कुमार अधिवक्ता सतीश कुमार आदि ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। फाउंडर सचिव अरुण कुमार शुक्ला ने वर्तमान चुनाव प्रक्रिया में संबंधित उम्मीदवार का आचरण व उनका क्रियाकलाप देखकर मतदान करने का अपील किया तथा विनम्र आग्रह किया कि देश के हित में चुनाव मतदान केंद्र पर देशभक्त होने के नाते अवश्य मतदान करने जाएं।

# हत्या के जूर्म में चार कों सश्रम कारावास व एक एक लाख रुपये अर्थदण्ड

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा( आससे ) । व्यवहार न्यायालय दरभंगा के अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर की अदालत ने कटहलबाड़ी भंडार चौक निवासी सलीम की हत्या के जूर्म में चार हत्या अभियुक्तों को बुधवार को धारा 302/34 में आजीवन सश्रम कारावास और एक एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।अर्थदण्ड भूगतान नहीं करने पर एक वर्ष की सजा भुगतने का प्रावधान की गई है। सभी चार जूर्मियों को 29 अप्रैल को दफा 302 में दोषी करार दिया गया था। अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे एपीपी चम्पा मुखर्जी ने बताया कि सलीम की हत्या 23 दिसंबर 22की रात्रि में 8.15 बजे कर दी गई थी। घटना की प्राथमिकी मृतक का भाई रुस्तम ने विश्वविद्यालय थाना में काण्ड सं 477/22 दर्ज कराया था ।इस मामले में आरोप पत्र पश्चात कोर्ट ने संज्ञान लिया। सत्रवाद सं.265/23 में ट्रायल किया गया। सभी चार जूर्मी विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी भंडार चौक निवासी अभियुक्त मो. गुड्डू और मो. नबाब उर्फ लीलू समेत मो.कासिम एवं अलीराजा,है। जिन सबों को हत्या के जूर्म में आजीवन सश्रम कारावास और एक एक लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा बुधवार को सुनाई गई है । सूचक के अधिवक्ता शिवचंद्र चौरसिया ने बताया कि घटना का कारण है कि मृतक सलीम का मोबाईल चोरी हो गया था ।चोरी हुई मोबाइल फोन नंबर पर कॉल करने पर मो. नबाब उर्फ लीलू ने कॉल रिसिव किया। मृतक का चोरी किया गया मोबाईल फोन सेट लौटाना नहीं पड़े ।इसके लिए चारों अभियुक्तों ने ईंटा से कान के जबड़ा पर प्रहार कर उसकी हत्या कर दी।

# सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष को लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ क्षमतावर्धन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के सदर अस्पताल मे लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर फिर से कवायद शुरू कर दी गई है। इसको लेकर सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष में जीएनएम का क्षमता वर्धन किया गया। साथ ही उपलब्ध सुविधाओं में गैप असेसमेंट को लेकर कर्मियों के साथ विचार विमर्श किया गया। पूर्व में भी प्रसव कक्ष से संबंधित चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी सफाई कर्मी, ममता, सुरक्षा गार्ड को भी वर्कशॉप के दौरान प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक नजमुल होदा के द्वारा दिया गया। ज्ञात हो कि इससे पूर्व वर्ष 2021 में सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष को लक्ष्य सर्टिफाइड कर दिया गया था। अब फिर से इस वर्ष 2024 मे भी सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष एवं ओटी ( ऑपरेशन थिएटर ) को लक्ष्य सर्टिफिकेशन के लिए कवायत शुरू कर दी गई है। अस्पताल को लक्ष्य असेसमेंट के सभी 5 मापदंडों को पूरा करना होगा। तभी सर्टिफिकेशन प्राप्त होगा। इसके बाद अस्पताल को पुरस्कार स्वरूप 3 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र मिलेगा। इसके साथ ही मौजूद नर्सों व डॉक्टरों से दी जा रही सेवाओं व चिकित्सीय उपकरणों के रखरखाव, इस्तेमाल के तरीके व मरीजों से संबंधित जानकारियों की रजिस्टर में इंट्री आदि तमाम बिंदुओं पर जांच की जाएगी। लक्ष्य कार्यक्रम के तहत तीन स्तर पर रैंकिंग की जाएगी। जिसमें पहले स्तर पर जिला, दूसरे स्तर पर रीजनल और तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय रैंकिंग होगी प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए 75 अंक प्राप्त करना होगा। तय मानकों के सापेक्ष 70 प्रतिशत उपलब्धि पर सांत्वना पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है। सांत्वना पुरस्कार के रूप में सदर अस्पताल को 3 लाख, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों या अनुमंडलीय अस्पतालों को 1 लाख एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 50000 रुपए दिए जाते हैं। इन मानकों पर तय होते हैं पुरस्कार,अस्पताल की आधारभूत संरचना। साफ-सफाई एवं स्वच्छता ।जैविक कचरा निस्तारण। संक्रमण रोकथाम। अस्पताल की अन्य सहायक प्रणाली। स्वच्छता एवं साफ सफाई की स्थिति। प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रीय अनुश्रवन एवं मूल्यांकन पदाधिकारी मोहम्मद किताबुर रहमान, प्रसव कक्ष इंचार्ज माधुरी कुमारी, पिरामल के मुदित पाठक, रितिका सिंह, नीता मरांडी एवं स्वर्णभा बयाल सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### देशी शराब की अवैध भट्ठी किया गया नष्ट

बिदुपुर । पुलिस एव एलटीएफ टीम ने संजुक्त छापेमारी कर थाने के गणिनाथ घाट से दक्षिण दियारे में एक देशी शराब की अवैध भट्ठी को नष्ट कर दिया साथ ही लगभग 150 किलो तैयार कच्चा जावा को नष्ट कर दिया छापेमारी का नेतृत्व एल टी एफ प्रभारी एसआई कृष्ण देव कुमार कर रहे थे ।एल टी एफ प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि दियारा क्षेत्र में अवैध रूप से शराब की भट्ठी चलाई जा रही है ।इसके सत्यापन के लिए एक पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई गणिनाथ घाट के दक्षिण विशनपुर दियारा क्षेत्र में एक भट्ठी मिला जहां से लगभग 150 लीटर तैयार कच्चा जावा नष्ट किया गया तथा भट्ठी के अन्य सामान को भी विनष्ट किया गया ।हालांकि पुलिस को देखते ही कारोबारी फरार हो गए पुलिस की इस करवाई से कारोबारियों में हरकंप मच गया है। छापेमारी दल में बिदुपुर पुलिस पदाधिकारी एव एलटीएफ की टीम के अलावे पीटीसी निशाकर एव अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

### एनडीए प्रत्याशी के प्रचार गाड़ी के बैनर को किया क्षतिग्रस्त

वैशाली। प्रखंड क्षेत्र के वैशाली वार्ड संख्या 4 मे कुछ आज्ञात लोगो ने एनडीए प्रत्यासी वीणा देवी के प्रचार वाहन मे लगे पोस्टर बैनर को फार डाला ।एवं वाहन चालक के साथ गाली गलौज किया। इस संबध मे पिकउप वाहन चालक हलीपुर सुमेरगंज निवासी योगेंद्र साह के पुत्र नंदेश्वर कुमार ने वैशाली थाने को आवेदन देकर कानूनी कार्यवाई करने की मांग की है ।दिए गए आवेदन मे उन्होंने कहा है की भागवतपुर से वैशाली आने के क्रम मे वार्ड संख्या 4 यादव टोला वैशाली मे कुछ अज्ञात लोगो द्वारा मेरे गाड़ी मे लगे एनडीए प्रत्याशी वीणा देवी के पोस्टर बैनर को फार दिया गया एवं मेरे साथ गाली गलौज किया गया ।थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।

### अमीर गुरुजी की 30वीं पुण्यतिथि सभा आयोजित

बिदुपुर । प्रखंड के खजबता स्थित पैतृक आवास पर महान स्वतन्त्रता सेनानी एव आजाद दस्ता के कमांडर स्व अमीर सिंह उर्फ अमीर गुरुजी की 30वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि नम आंखों से दिया गया ।इस मौके पर उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी और कहा गया कि अमीर गुरुजी देश की आजादी के लड़ाई में बढ़ चढ़ कर भाग लिए थे। आजाद दस्ता के पुराने मुजफ्फरपुर जिला के कमांडर होते हुए उन्होंने अंग्रेजो को नाके चना चबा दिया था। यही नही डाक लूटने से लेकर के डॉ राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण को नेपाल के हनुमानगढ़ी जेल से छुड़वा कर भगाने में उनकी अहम भूमिका रही।

# चुनाव कार्य में लापरवाह पदाधिकारी नपेंगे, बेहतर पदाधिकारी और कर्मी होंगे पुरस्कृत



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा ने आज कहा है कि चुनाव कार्य में लापरवाह पदाधिकारी और कर्मी नपेंगे। बेहतर कर्मी पुरस्कृत होंगे। उन्होंने अधिकारियों को अगाह किया कि कार्य में सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग और चुनाव आयोग को कार्रवाई के लिए सुस्त अधिकारियों की सूची भेजी जाएगी। वे आज समाहरणालय सभा कक्ष में सभी सेक्टर पदाधिकारिओं के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य संपन्न होने तक सारी छुट्टियां स्थगित रहेंगी। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे प्रतिदिन वीसी के माध्यम से बीएलओ के साथ बैठक करें और वीटीआर बढ़ाने की रणनीति बनाएं। वीसी में एआरओ भी कनेक्ट रहेंगे ।उन्होंने इसी तरह डीपीओ (आईसीडीएस) और डीपीएम (जीविका) को भी प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने कर्मियों के साथ मीटिंग करने का निर्देश दिया। पदाधिकारिओं से कहा कि वे मतदान के दिन लगातार भ्रमणशील रहें और अन्य कर्मियों को भी गतिशील रखते हुए मतदाताओं को वोट करने के लिए प्रेरित करें । मतदान की तिथि को गाड़ियों में लगे माइक से हर गांव पंचायत में जाकर अनाउंस करें कि आज मतदान की तारीख है, चलो मतदान करें। हाजीपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 234 सेक्टर पदाधिकारी हैं और सभी की गाड़ियों में माइकिंग की सुविधा रहेगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर पदाधिकारियों को ईवीएम और श्शढअळ की पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने आईटी मैनेजर को निर्देशित किया कि कम्युनिकेशन प्लान ठीक ढंग से तैयार करें। उन्होंने सभी पदाधिकारी और कर्मियों को निर्देश दिया कि 20 मई को मतदान के दिन गतिशील रहते हुए मतदाताओं को वोट के लिए मोटिवेट करें।

बैठक में एडीएम , डीडीसी, एडीएम (आपदा), डीपीआरओ, एसडीएम हाजीपुर, एसडीएम महुआ सहित कई जिलास्तरीय पदाधिकारी और सभी सेक्टर पदाधिकारी मौजूद थे।

# हाजीपुर से राजद प्रत्याशी की भारी बहुमत से होगी जीत : सरिता राय

## कहा-स्थानीय होने के कारण शिवचंद्र राम के प्रति जनता में उत्साह



प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर। लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी तापमान चरम पर है। चार चरण का मतदान संपन्न हो चुका है। पांचवे चरण में बिहार की पांच सीटों मधुबनी, सीतामढ़ी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर और सारण में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। पांचवे चरण के लिए चुनाव प्रचार युद्ध स्तर पर जारी है। प्रत्याशी चुनाव प्रचार में पसीना बहा रहे हैं। देर रात तक प्रत्याशी डोर टू डोर जनता से रूबरू होकर जीत का आशीर्वाद मांग रहे हैं। इसी कड़ी में हाजीपुर सुरक्षित सीट से राजद प्रत्याशी शिवचंद्र राम ने प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक दी है। वैशाली जिले के राजद महिला प्रकोष्ठ के प्रधान महासचिव सरिता राय ने मंगलवार को राजद प्रत्याशी के पक्ष में कई इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। श्री राय ने कहा है कि हाजीपुर सीट से शिवचंद्र राम भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। प्रचार में लोगों का हुजूम उमड़ रहा है। स्थानीय होने के नाते शिवचंद्र राम से जनता का सीधा जुड़ाव है। हाजीपुर की जनता स्वेच्छा से राजद प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार अभियान चला रहे हैं। श्रीमती सरिता राय ने कहा कि मंगलवार को शिव चंद्र राम के साथ जनसंपर्क यात्रा में शामिल हुआ। महुआ, लालगंज, हरोली होते हुए जनसंपर्क यात्रा हाजीपुर कचहरी पहुंचा। यहां अधिवक्ताओं से राजद प्रत्याशी ने आशीर्वाद लिया। कई दलित बस्तियों में भी जनसंपर्क यात्रा चला। इस दौरान सड़कों पर सैलाब उमड़ पड़ा। हर तबके के लोगों में राजद प्रत्याशी के लिए उमंग व जोश का माहौल दिखा। श्रीमती राय ने कहा कि डोर टू डोर कैंपेन भी चलाया जा रहा है। इस दौरान महिलाएं, बुजुर्ग, किसान, मजदूर सभी लोग राजद प्रत्याशी को जीत का आशीर्वाद दे रहे हैं।

# एनडीए के प्रत्यासी चिराग पासवान ने किया रोड शो



प्रात : किरण, संवाददाता

जंदाहा ।हाजीपुर सुरक्षित लोकसभा के एनडीए समर्थित लोजपा (आर) के उम्मीदवार चिराग पासवान द्वारा भव्य रोड शो किया गया।

रोड शो जंदाहा के आर एस हाई स्कूल के एतिहासिक मैदान से शुरू हुआ को जंदाहा के कुशवाहा चौक,सिनेमा रोड और और नीम चौक होते हुए जंदाहा के हृदय स्थली गांधी चौक पहुंचा जहां हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने लोजपा( आर )प्रत्यासी चिराग को फूल मालाओं के साथ शानदार स्वागत किया वहीं श्री पासवान ने मुस्कुराते हुए हाथ जोड़कर उमर परे जनसैलाब का अभिवादन किया।एं डी ये प्रत्यासी के रोड शो में खुले गाड़ी पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री उपेंद्र कुशवाहा, जद यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और पूर्व सांसद राम किशोर सिंह उर्फ रामा सिंह भी हाथ जोड़े विराजमान थे ।इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने श्री पासवान के समर्थन में जोरदार नारा लगाया।

तत्पश्चात रोड शो का काफिला अपने गनतव्य की ओर चल पड़ा।

# बकरियों को ईयर टैग लगाना मुश्किल पशुपालक नही दे रहे आधार कार्ड व मोबाईल ओटीपी



प्रात : किरण, संवाददाता

सुगौलीः प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में हो रहे पीपीआर टिकाकरण कार्य के दौरान पशुपालकों से आधार कार्ड और उनके मोबाईल नम्बर पर भेजे गए ओटीपी माँगने को लेकर पशु टिकाकमीर्यों को पशुपालक का विरोध का सामना करना पड़ा। टीकाकरण कार्य को सफल बनाने में लगे , पशु टिकाकर्मी सह स्वयंसेवक अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देश पर पूरे प्रखण्ड में भेड़ एवं बकरियों को पीपीआर रोग से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्य मे ज्यादातर प्राइवेट पशु टिककमीर्यो को लगाया गया है। गाय, भैस की तरह भेड़ व बकरियों को भी उनके कान में पशु ईयर टैग लगाना है, जो आधार कार्ड के नम्बरों की तरह बारह डिजिट का होता है। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देश पर सबसे पहले पशुपालकों से उनका आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, मोबाईल ओटीपी लेकर, भेड़ व बकरियों को ईयर टैग लगाकर रजिस्ट्रेशन करना है। उसके बाद पंजीकृत भेड़, बकरियों को पीपीआर का टीका निशुल्क लगाना है। उन्होंने कहा कि प्रखण्ड पशु चिकित्सालय सुगौली के आदेश पर हमलोग पीपीआर टीकाकरण कर रहे। लेकिन आये दिन हो रहे साइबर फ्रॉड की वजह से तथा जागरूकता की कमी से पशुपालक टैंगिग कार्य के दौरान आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर, मोबाईल ओटीपी, हमलोगो को उपलब्ध नही करा रहे हैं। पशुपालक हमलोग से बोल रहे हैं कि आप लिखित में दीजिए की, आने वाले समय में पशुपालक के साथ कोई फ्रॉड होता है, उस स्थिति में निजी पशु टिकाकर्मी जिम्मेदार होंगे। टिकाकर्मी गुप्ता ने कहा कि पशुपालकों के द्वारा आधार कार्ड, मोबाईल ओटीपी नही देने, संबंधित भारी विरोध के कारण, पीपीआर टीकाकरण को हमलोग स्थगित कर दिए हैं। वही टिकाकर्मी प्रवीण कुमार, अवधेश कुमार गुप्ता, मो एकबाल, कुणाल कुमार, मो अमजद हुसैन, मो अमीर हुसैन सहित अन्य ने बताया कि निजी पशु टिककमीर्यो का वर्षों से शोषण होते आ रहा है। टिकाकमीर्यों ने कहा कि वर्ष 2013 का पशु गणना का पैसा, वर्ष 2019-2020 का पीपीआर, एफएमडी टिकाकरण का पैसा, वर्ष 2022-2023 का ईयर टैंगिग, ब्रूसेलोसिस सहित अन्य टीकाकरण अभियानो का पैसा अभी तक नही मिला है। अधिकारी केवल आदेश जारी कर, बिना पारिश्रमिक दिए कार्य करा रहे हैं। अधिकारियों से जब बकाया पारिश्रमिक भुगतान करने की बात की जाती हैं, तो वे सरकार द्वारा आवंटित राशि उपलब्ध नही होने तथा एक दूसरे सीनियर अधिकारी से बात करने की बात कहकर शोषण करते है। इस प्रकार पशुपालक व अधिकारियों से हमसभी का शोषण होते रहता है।

# विद्यालय के चार दिवारी निर्माण एवं मनरेगा से हो रहे कार्य पर की गई चर्चा



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा उप विकास आयुक्त मधेपुरा की अध्यक्षता में डीआरडीए परिसर के झल्लू बाबू सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को आहूत की गई।

बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा शिक्षा विभाग में हो रहे आधारभूत संरचना एवं उपस्कर से संबंधित सुधार की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया।

विद्यालय में हो रहे चाहरदीवारी निर्माण कार्य मनरेगा के द्वारा एवं विभाग द्वारा आवंटित राशि से कराए जाने में तीव्रता लाने हेतु निदेशित किया गया। विद्यालयों में रसोईघर मरम्मती हेतु सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत आवंटित राशि से करने हेतु निर्देशित किया गया। विद्यालयों को हर आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराई जानी है। ताकि निकट भविष्य में कोई भी कार्य करने की आवश्यकता ना हो।

विद्यालयों में शौचालय मरम्मती हेतु नल जल सुविधा एवं टाइल्स लगाने हेतु निदेशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा मिशन दक्ष की समीक्षा की गई एवं कमजोर बच्चों को अपने कक्षा स्तर की शिक्षा देने हेतु निदेशित किया गया एवं ग्रीष्मावकाश के दौरान मिशन दक्ष अंतर्गत मध्यान भोजन की भी समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# विश्व परिवार दिवस पर समाजशास्त्रियों ने टूटते संयुक्त एवं एकल परिवार पर किया गहन चिंतन विचार विमर्श, परिवार की महत्ता विषयक परिचर्चा आयोजित

## परिवार बचाओ, समाज बचाओ, देश बचाओ, नारा किया गया बुलंद




प्रात : किरण, संवाददाता

अलौली। विश्व परिवार दिवस के अवसर पर परिवार बचाओ, समाज बचाओ, देश बचाओ, नारों के साथ देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के बैनर तले परिवार की महत्ता विषयक आनलाइन परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। परिचर्चा में कई अभिभावक, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, अधिवक्ता, सरपंच आदि ने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये तथा संयुक्त परिवार की महत्ता पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालें। परिचर्चा को संबोधित करते हुए पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने विश्व परिवार दिवस की बधाई देते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 15 मई 1993 को परिवार की महत्ता विषयक थीम केंद्रित अंतरराष्ट्रीय, विश्व, ग्लोबल परिवार दिवस के रूप में मनाने की घोषणा किया। उन्होंने कहा कि परिवार की महत्ता, जरूरत, जिम्मेवारी, कर्तव्य , नैतिकता पर आधारित परिवार दिवस समकालीन स्थिति परीस्थिति में भाग दौड़ की व्यस्ततम जिंदगी में अब संयुक्त परिवार समाप्ति के कगार पर है। एकल परिवार भी टूट रहा है। इससे अब और भी परिवार की महत्ता प्रासंगिकता बढ़ गई है। जब हमारा परिवार शिक्षित विकसित समृद्ध सुदृढ़ होगा , तभी समाज व देश आगे बढ़ेगा। सिर्फ पीएम मोदी के कहने से विश्व ही मेरा परिवार है, सार्थक नहीं होगा ; सच्चे अर्थों में वसुधैव कुटुंबकम व सर्वधर्म समभाव हेतु अप्प दीपो भव होना होगा। श्री यादव ने कहा कि टूटते संयुक्त एवं एकल परिवार का बढ़ता ग्राफ घोर चिंतनीय है। अधिवक्ता डॉक्टर कमल किशोर यादव ने कहा कि आज के दौर में परिवार खंडित हो रहा है, प्रतिदिन परिवार टूट रहा है। संयुक्त परिवार के बाद अब टूट कर एकल परिवार से भी टूट कर अब सात फेरे लेकर सात जनम साथ रहने की कसम खाने वाली दंपति भी आपसी विवाद के कारण कोर्ट से संबंध विच्छेद कर या यूं अकेले जिंदगी जीने को विवश हैं। सरपंच राजेंद्र यादव ने कहा कि प्रति सप्ताह ग्राम कचहरी में भी पति-पत्नी संबंध विच्छेद करने, संयुक्त परिवार अलग होने हेतु आपसी बंटवारा करने संबंधी आवेदन प्रायः आती है। टूटते रिश्ते को जोड़ने का भरसक प्रयास की जाती रही है। अभिभावक बृजनंदन महतों, महेश्वर यादव, दानवीर यादव, लालमणि सदा, विष्णु देव यादव , धर्मेंद्र कुमार, सुनील कुमार आदि ने कहा कि परिवार के बुजुर्ग माता-पिता को समुचित भरण पोषण, स्वास्थ्य दवा, स्वार्थ, संस्कार, विचार, नैतिकता , कर्तव्य, जिम्मेदारी आदि के कारण संयुक्त व एकल परिवार भी टूट रहा है।

# गिद्धौर अंचल में जमीनी मामले को लेकर धरना पर बैठे शिक्षक राजवंश केशरी



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को स्थानीय शिक्षक राजवंश केशरी शांतिपूर्वक धरना पर बैठे। उन्होंने बताया कि मैं प्रखंड अंतर्गत पतसंडा पंचायत का निवासी हूं। मेरी जमीन पर वर्षों से अवैध कब्जा करके मेरे पड़ोसी सदानंद साह द्वारा अब जबरदस्ती मारपीट की धमकी गाली गलौज करके निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमें उनका पूरा परिवार एक मत से शामिल है। उक्त मामले को लेकर इसी वर्ष 11 मई को जनता दरबार में गिद्धौर अंचल अधिकारी के पास उक्त जमीन पर दायर केस की छाया प्रति के साथ केवाला की प्रति भी आवेदन के साथ संलग्न कर अपनी पत्नी के साथ जाकर दिया। किंतु विरोधी पक्ष नोटिस के बाद भी नहीं पहुंचा। वहीं विभागीय स्तर पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि उक्त जमीन पर केस के बाद यथास्थिति बनी रहनी चाहिए थी। लेकिन अंचलाधिकारी को फोन करने और व्हाट्सएप के माध्यम से सूचना देने के बावजूद भी इस दबंग परिवार पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। नियम, कानून, शासन, प्रशासन, न्यायालय सब की धज्जियां उड़ाई जा रही है। साथ ही मुझे और मेरे परिवार को भी प्रताड़ित किया जा रहा है। जिस पर प्रशासनिक हस्तक्षेप भी नहीं हो रहा है। इसे लेकर मुझे अंततः बाध्य होकर धरना पर बैठना पड़ा। इस धरना की सूचना मेरे द्वारा अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन एवं ईमेल द्वारा पूर्व में ही दे दिया गया था। वहीं मामले के संदर्भ में गिद्धौर अंचलाधिकारी आरती भूषण से रिपोर्टर द्वारा पूछे जाने पर कहा गया कि आप कल ऑफिस में आकर के बात कर लीजिए। कोई मैटर नहीं है उनका। ठीक है।

# संत जोसेफ महुआ और संत जॉन्स के मेधावियों ने सीबीएसई दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में लहराया परचम

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा दसवीं की परिणामों की घोषणा होते ही सेंट जोसेफ स्कूल ,सिंघाड़ा में जश्न का माहौल बना हुआ है ।हर वर्ष की तरह विद्यार्थियों ने अपना परचम लहराया। परिक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यालय के प्राचार्य विवेक ने बताया की सत्र 2023 -24 का परिणाम शानदार रहा ।94% अंक लाकर खुशी कुमारी ने अपनी उपलब्धि हासिल किया। इनके पिता राज नारायण राय एवं माता इंदु देवी करहटिया बुजुर्ग ने विद्यालय प्रबंधन का आभार जताया। उन्होंने अपनी बच्ची की सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासनात्मक माहौल एवं बेहतर शिक्षण को दिया। इस परीक्षा में शामिल कुल 108 विद्यार्थी सफल रहे ।17 विद्यार्थी 90% से ऊपर और 63 विद्यार्थी 80% से ऊपर रहकर विद्यालय को विद्यालय का मान बढ़ाया ।खुशी राय 93.20%, कुमारी कल्पना 92.20%, अभिषेक शरदा 91.40%,अंजली जयसवाल 90%,अभि रंजन 89.40%, सौरभ 89%,आयुष सिंह 88.20, रोहित राज 88, लक्ष्य जयसवाल 87.80%, ओर अभिषेक कुमार 87.80% लाकर विद्यालय के टॉप टेन बच्चो में अपनी पहचान बनाने मे कामयाब हुए हैं। वही सी बी एस ई दशमी तथा बारहवीं का परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा घोषित कर दिया गया परीक्षा परिणाम प्रकाशित होते ही विद्यालय में खुशी की लहर छाई हुई है। संत जॉस ग्रुप के अन्तर्गत संचालित अने वाले विद्यालयों में महुआ संत जॉन्स एकेडमी मानपुरा महुआ,संत जॉन्स एकेडमी केशोपुर वैशाली और संत जॉन्स एकेडेमी इंडस्ट्रीयल एरिया हाजीपुर हिलालपुर के छात्र छात्राओं ने काफी बेहतर परिणाम दिया ।मिली जानकारी के अनुसार दसवीं के परिणाम में पुष्कर राज तथा श्रोषसी सिहं ने सर्वाधिक 98%, अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया एवं 90% से अधिक अंक पाने वाले छात्र छात्राओं की संख्या लगभग ३०हैं वहीं 80% से 90% तक अंक लाने वाले छात्र छात्राओं की संख्या 45 है। विधालय से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है ।बारहवीं के परिणाम में मुस्कान कुमारी ने सर्वाधिक 97.4%, संस्कृति 94.2% अखिनी कुमार 93.6% समीक्षा 94% समेत उज्जवल राज ने भी अपना परचम लहराया। अन्य छात्रों में लक्की कुमारी, आदित्य राज चौधरी एवं आहित्य राज प्रमुख है। जिन्होंने 92% से अधिक अंक प्राप्त करने में सफल रहे। बेहतर परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं में खुशी राज, अरमान अंसारी प्रिन्स राज, अभिषेक कुमार सिंह आदि शामिल है ।दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में बेहतर परिणाम ला कर उत्तीर्ण होने वाले छात्र- छात्राओं को विद्यालय के सचिव जागेश्वर राय एवं जेनरल मैनेजर आरती राय, कौशल कुमार, राम प्रवेश राय आदि ने धन्यवाद दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों ने भी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उन सबों के उज्जवल भविष्य की कामना कि है।

# डीएम ने स्वीप कार्यक्रम के तहद चल रहे अभियान की समीक्षा, मतदान को बढ़ाने के दिए निर्देश



प्रात : किरण, संवाददाता

बिदुपुर ।प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में बुधवार की सुबह डी एम यशपाल मीना ने स्वीप कार्यक्रम के तहद चल रहे अभियान की समीक्षा की तथा मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए बैठक में जिले के आला अधिकारियों के अलाव प्रखंड के अधिकारियों और सेक्टर मेजिस्ट्रेट के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीति बनाने का निर्देश दिया डी एम ने देर से आने वाले अधिकारियो को जम कर फटकार लगाई पातेपुर विधान प्रतिशत में पूर्व के हुए मतदान से इस वार कम मतदान को लेकर समीक्षा करते हुए जाना की जागरूकता लाने का दायित्व उठाने वाले स्वीप के सहायक वोटिंग के समय मतदाताओ के पास न जाकर मतदान केंद्रों पर आए मतदाताओ की गिनती करने में ही अपना समय बिता दिए नतीजतन अवेर्नेस का कार्य छूट गया और कम मतदान हुआ डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद के मतदाताओ को पांच छह ग्रुप बांट कर अलग अलग ग्रुप के लिए अलग अलग जागरूक कर्मी को दायित्व दिया जाए ताकि सभी मतदाताओ को बूथ पर आने के लिए प्रेरित किया जा सके ।

इसकी मॉनिटरिंग की जवाबदेही बीएलओ को दिया प्रत्येक सेक्टर मजिस्ट्रेट को सख्ती से इसका अनुपालन की समीक्षा करते रहने का आदेश दिया सभी सेक्टरों को दो भाग में बांट कर बीडीओ और सीओ को इसकी मॉनिटरिंग करने को कहा डीएम ने आंगनबाड़ी सेविकाओं,आशा कार्यकर्ता,जीविका और विकास मित्रो द्वारा चलाये जा रहे स्वीप अभियान में कही भी कोताही न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिया डीएम ने आज से ही मतदान के दिन तक के लिए जागरूकता अभियान में पूरी ताकत झोकने का निर्देश दिया बैठक में एडीएम, डीडीसी और एसडीएम के अलावे बीडीओ किरण कुमारी सीओ करिश्मा कुमारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रेखा सिन्हा, बीईओ अरुण कुमार, बीएओ रत्नेश कुमार, सीडीपीओ मीनाक्षी सहित तमाम बीएलओ,एव अन्य सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद थे

# अपराधी दे रहे है खुली चुनौती, एक निजी अस्पताल कर्मी को अपराधियों ने मारी गोली



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा मधेपुरा में बेखौफ अपराधियों का तांडव जारी है। आम लोगों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है। निजी अस्पताल के स्टाफ को घर जाने के दौरान बीते देर शाम बदमाशों ने गोली मारी जिसका गंभीर हालत में निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। दरअसल मधेपुरा जिले के भराहीं थाना क्षेत्र अंतर्गत सुंदरपट्टी पेट्रोल पंप से लगभग 2 सौ मीटर उत्तर गैमन इंडिया प्लांट के समीप मंगलवार की देर शाम बाइक सवार बदमाशों ने एक निजी अस्पताल के स्टाफ को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली अस्पताल कर्मी के दाएं जांघ में लगी है। घायल व्यक्ति की पहचान मुरलीगंज थाना क्षेत्र के पड़वा नवटोल वार्ड संख्या 5 निवासी ललन ठाकुर के 38 वर्षीय पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। फिलहाल पीड़ित राजकुमार का इलाज मधेपुरा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है वो मधेपुरा स्थित डॉ. उचित कुमार राजा के सतीश मेमोरियल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में एक्स-रे टेक्नीशियन के रूप में काम करते हैं। वहीं आसपास के लोगों ने उसे ई-रिक्शा से सतीश मेमोरियल हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी भराहीं थाना को दी गई जिसके बाद मौके पहुंची भराहीं थाने की पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं इस मामले में भराहीं थानाध्यक्ष मनोज कुमार बच्चन ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिली है, फिलहाल घायल का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है पुलिस मामले की जांच में जुट गई है बहुत जल्द मामले का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सुशील मोदी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

भगवानपुर ।भारतीय जनता पार्टी भगवानपुर दक्षिणी मंडल के सदस्यों ने सराय बाजार में बिहार सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के निधन पर एक शोक सभा का आयोजन किया ,जिसमें दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय मोदी की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता सह भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष कुणाल कुमार गुप्ता, भाजपा के मंडल अध्यक्ष विश्वजीत कुमार सिंह, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के जिला प्रवक्ता सोनू कुमार सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पंकज यादव, भाजपा अति पिछड़ा मंच के मंडल अध्यक्ष चितरंजन भगत, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सौरभ कुमार सिंह, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के साकेत सिंह, भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के रोहित सिन्हा, हरि नारायण केसरी, मोह्म्द कैसर अली आदि ने शोक व्यक्त किया ।इन नेताओ ने कहा की स्व मोदी की भरपाई संभव नही है।

सम्पादकीय

## मुद्रास्फीति के विरोधाभासी रुख

एक मुद्रास्फीति कम हुई है, तो दूसरी महंगाई दर बढ़ी है। आप अचंभित न हों, क्योंकि महंगाई हमारे जीवन का अंतरंग हिस्सा बन गई है। सरकार मानने को तैयार नहीं है, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चिंतित है। अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर 4.83 फीसदी है, जो बीती मार्च में 4.85 फीसदी थी। हालांकि यह दर 11 माह के दौरान सबसे कम मुद्रास्फीति है। इसी दौरान खाने-पीने की वस्तुओं, अनाज, फल, सब्जियों, मांस-मछली आदि की खुदरा महंगाई दर बढ़ कर 8.70 फीसदी हो गई है। मार्च में यह 8.52 फीसदी थी। भारत सरकार ने रिजर्व बैंक को लक्ष्य दिया है कि मुद्रास्फीति 4 फीसदी रहनी चाहिए। उसमें अधिकतम 2 फीसदी की बढ़-घट हो सकती है। खुदरा मुद्रास्फीति सबसे कम है, लेकिन 4 फीसदी से अधिक है। अनाज की कीमतों में 8.63 फीसदी, फलों में 5.22 फीसदी, मांस-मछली में 8.17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि अंडे, दालों, सब्जियों और मसालों की कीमतें कुछ कम हुई हैं। ये आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के हैं, जो मुद्रास्फीति की सरकारी स्थितियों का खुलासा करते हैं। अलबत्ता खुले और बेलगाम बाजार की कीमतें कुछ और ही होंगी, लिहाजा मुद्रास्फीति उन्हीं के मुताबिक तय होगी। कुछ सर्वेक्षणों में 22 अर्थशास्त्रियों ने अप्रैल माह में खुदरा महंगाई के 4.87 फीसदी पर स्थिर रहने का अनुमान जताया था। उनका कहना था कि मार्च के बाद से खाद्य पदार्थों की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है, जो काफी हद तक मौसमी है। क्रिसिल ने अपनी रपट में कहा है कि भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, जून तक तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावनाएं हैं, जिसका असर सब्जियों के उत्पादन पर पड़ेगा। नतीजतन अगले कुछ माह तक सब्जियां महंगी रह सकती हैं। दिलचस्प है कि देश में लोकसभा चुनाव जारी हैं। औसतन हर सर्वेक्षण में बेरोजगारी के बाद महंगाई दूसरा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। मतदाता भी सडकों पर आंदोलित दिखाई दिए हैं। देश के औसत और कामगार तबके में, महंगाई के कारण, रोष भी दिखाई दिया है, लेकिन महंगाई चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया है। हालांकि इस साल अच्छी बारिश होने की संभावनाएं और अपेक्षाएं हैं। मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून को ह्यसामान्य से ऊपरह्ण आंका है। यदि ऐसा हुआ, तो कृषि-उत्पादन बेहतर होगा और कीमतें नियंत्रण में रह सकेंगी। गैर-खाद्य वर्ग में मुद्रास्फीति कपड़ा, जूते, घरेलू वस्तुओं, सेवाएं, मनोरंजन आदि वर्गों के मातहत रहती है। खाद्य मुद्रास्फीति से जुड़ी अनिश्चितताओं का एमपीसी पर भारी प्रभाव पड़ता है। खाद्य मुद्रास्फीति कई महीनों से 8 फीसदी से ऊपर चल रही है। एमपीसी की पिछली बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की टिप्पणी थी-एमपीसी को हर दम चौकस और जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि खाद्य कीमतों की अनिश्चितताएं चुनौती देती रहती हैं। बहरहाल विश्व के प्रमुख विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने दरों में कटौती आरंभ करनी है। हालांकि कुछ घटनाएं इस संभावना की ओर संकेत करती हैं कि इन देशों की नीतियों में विचलन हो सकता है। अमरीकी फेडरल रिजर्व की मार्च में हुई बैठक में पाया गया कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर प्रगति का अभाव है।

## मंडी सीट पर कांटे की रोचक टक्कर

डा. देवेंद्र गुप्ता

कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में नामांकन परचा भर दिया है। इस अवसर पर जमा हुई भीड़ ने कांग्रेस के कार्यकताओं में न केवल जोश भर दिया, बल्कि भाजपा को भी ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए चनौती दी है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहेगा और तीसरे अभिकल्प या शक्ति की कोई गुंजाइश नहीं है। भाजपा की ओर से सिने अभिनेत्री कंगना रनौत और कांग्रेस के युवा आइकॉन और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच सीधी कांटे की टक्कर है और मुकाबला रोचक होने जा रहा है। कांटे की टक्कर इसलिए है कि कांग्रेस ने बहुत सोच-विचार के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को पीछे करते हुए उनके बेटे विक्रमादित्य को चुनावी मैदान में उतार दिया। जाहिर है प्रतिभा सिंह और कंगना के बीच उम्र और राजनीतिक हैसियत के हिसाब से दिन-रात का अंतर था, लेकिन विक्रमादित्य सिंह की घोषणा से भाजपा भी अब डिफेन्स की मुद्रा में आ गई है। भाजपा मंडी के चुनावी रण को और भी गंभीरता से ले रही है। अब दोनों युवा प्रत्याशी मुकाबले को बराबरी का समझ रहे हैं। इस सीट पर चुनाव रोचक इसलिए भी कि जहां कंगना हो, वहां विवाद कैसे पीछे रह सकते हैं? चुनाव प्रचार में मतदाता और क्षेत्र की समस्याओं, मुद्दों से इतर एक-दूसरे पर छींटाकशी, कभी-कभी निजी जीवन को लेकर कुत्सित आरोप लोकतंत्र की गरिमा को आए दिन आहत कर रहे हैं। कंगना की पार्टी के वर्कर इस बात को लेकर परेशां हैं कि न जाने अगले पल वह क्या बोल जाएंगी? इधर विक्रमादित्य इन गैर जरूरी पचड़ों में न फंसते हुए गंभीरता के साथ चुनाव की धार पैना रखे हुए हैं। चुनावी अभियान को जनता के मुद्दों से जोड़ कर गरिमा से चलाने का करिश्मा उन्होंने प्रारम्भिक दौर में ही दिखा दिया है। जाहिर है मतदाता उन्हें गंभीर उम्मीदवार मानने लगे हैं। कंगना को वैयक्तिक और गैर जरूरी बयानों से बचते हुए अपनी ही पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की इज्जत का भी ध्यान रखना होगा। कंगना ने प्रत्याशी बनते ही ऐलान कर दिया था कि राजा भैया तो बाहर के हैं! उनका तो घर भी मंडी में नहीं है। बाद में उन्हें ज्ञात हुआ होगा कि रामपुर में विक्रमादित्य का घर है और वह भी मंडी संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। ऐसी और भी बातें हैं जो भाजपा नेत्री/अभिनेत्री के सामान्य ज्ञान की ओर इशारा करती हैं। यह उदाहरण उनकी राजनीतिक समझ और हैसियत को बेनकाब करता है। यह ध्यान रखना होगा कि राजनीतिक मंच मनोरंजन नहीं, अपितु जनता के कल्याण और समस्याओं के संबोधन का मंच होता है। यह भी चर्चा गर्म है कि कंगना की जन्मभूमि तो मंडी है, परन्तु कर्मभूमि मुम्बई है। मतदाताओं में यह शंका घर कर गई है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि चुनाव जीतने के बाद कंगना मैडम अभिनेता सन्नी देओल की तरह संसदीय क्षेत्र से ओझल न हो जाए? काम पडे पर जब लोग उनके पास जाते तो यह जवाब मिलता था कि कोंस्टीचुएंसी में अमुक आदमी के पास जाओ, वह मेरा रिप्रेजेन्टेटिव है। इस बात पर कंगना रनौत अपने लोगों को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई हैं। विक्रमादित्य की जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों हिमाचल है। वह पूर्णकालिक रूप से राजनीतिज्ञ हैं। जनता में सहज उपलब्ध हैं। विक्रमादित्य राजनीति को समाज सेवा के लिए माध्यम मानते हुए युवा कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष बने। दो बार वह विधायक होने के साथ वर्तमान में शहरी विकास मंत्रालय के केबिनेट मंत्री हैं। इस तरह विक्रमादित्य राजनीतिक बोध के हिसाब से कंगना से इक्कीस ही बैठते हैं। कंगना अभी राजनीति का ककहरा सीख रही हैं। अलबत्ता वह संसदीय क्षेत्र में अपनी परिचय यात्रा के दौरान इलाके विशेष की पोषाक, वेशभूषा धारण करके सेल्फी जरूर ले रही हैं, ताकि वहां के लोगों के साथ कनेक्ट कर सकें। भाजपा के विषय में यह जगजाहिर है कि वह साधारण सक्रिय कार्यकर्ता को भी बड़े अवसर प्रदान करती है और सीएम, मंत्री, प्रधानमंत्री बनाती है। इन चुनावों में संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा टिकट के तलबगार थे, लेकिन टिकटों के चाहवान और उनके समर्थक ऊपर से थोपी गई कंगना को टिकट दिए जाने से अंदरूनी खाते संतुष्ट नहीं हैं और पर्यवेक्षकों का कहना है कि इधर का वोट उधर जाने से भी भाजपा को नुक्सान उठाना पड़ सकता है। नाराज चल रहे इन असंतुष्टों को साधना और साथ लेकर चलना पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के लिए बड़ी चुनौती है। इसलिए मंडी सीट साधने के लिए वह कंगना के सारथी बनकर उनका चुनावी रथ हांक रहे हैं। अभी यह दूर की बात नहीं है। 2021 के मंडी लोकसभा उपचुनाव में प्रतिभा सिंह ने मोदी लहर के बावजूद और जयराम ठाकुर की कथित डबल इंजन की सरकार के रहते जीत दर्ज की थी। यह सीट जीत कर प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस में संजीवनी फूंक दी थी। प्रधानमंत्री के इस बार 400 पार के तिलिस्म को तोडे का बड़ा काम या बड़ी जिम्मेदारी विक्रमादित्य के कन्धों पर है। विक्रमादित्य जानते हैं कि मंडी सीट को उनके यशस्वी पिता वीरभद्र सिंह ने और माता प्रतिभा सिंह ने बड़े यत्न से सींचा है और सेवा भाव से मंडी की जनता का प्रतिनिधित्व किया है। इस विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर विक्रमादित्य अब खोना नहीं चाहेंगे। यही कारण है कि वह बड़ी संजीदगी के साथ आगे बढ़ते नजर आते हैं। चुनाव प्रचार के हर दिन के साथ-साथ कंगना रनौत भी अब अपनी पार्टी की चिर-परिचित लाइन पर आगे बढ़ती दिख रही हैं। वह बड़ी आसानी व सहजता के साथ विक्रमादित्य पर रजवाड़ाशाही, परिवारवाद, वंशवाद आदि शब्दावली की बौछार कर देती हैं। यहां तक कि वह विक्रमादित्य की निजी जिंदगी को भी सार्वजनिक मंचों पर उछाल रही हैं। विक्रमादित्य भी मंजे खिलाड़ी की तरह बड़ी संयत भाषा में सभ्याचार के साथ कंगना को मतदाताओं के असली मुद्दों की बिसात में चुनावी रण में घेर रहे हैं। भाजपा इन चुनावों में एक बार फिर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा, सनातन धर्म, हिंदुत्व, राष्ट्रींय सुरक्षा, कश्मीर, पाकिस्तान, मुसलमान, आरक्षण आदि मुद्दों को भी हिमाचल में खूब उठाने का प्लान कर रही है। उधर कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य पूर्व भाजपा सांसदों को संसद में प्रदेश के हितों को न उठा पाने पर खूब घेर रहे हैं।

# भारत में जनसंख्या असंतुलन के निहितार्थ

चिंता यह नहीं है हिन्दू कम क्यों होते जा रहे हैं, बल्कि चिंता इस बात की है कि मुसलमानों की जनसंख्या में यह वृद्धि कहीं घुसपैठ के कारण तो नहीं है। अगर यह सत्य है तो और भी गंभीर चिंता का विषय है। इसी घुसपैठ के चलते भारत के नौ राज्यों में आज हिन्दू अल्पसंख्यक की श्रेणी में आ गया है। इसके कारण देश में विभिन्न प्रकार की समस्याएं पैदा हो रहीं हैं। सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है, क्योंकि संसाधन सीमित होने के बाद भी जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। देश में घटती हिन्दू जनसंख्या के बारे में विचार किया जाए तो कई तथ्य दिखाई देते हैं। कश्मीर से विस्थापित हुए हिन्दुओं के बारे में अगर उसी समय समाधान निकलता तो संभवतः अन्य राज्यों में इसकी पुनरावृति रुक सकती थी, लेकिन समाधान निकालने के किसी भी तरीके पर सरकार की ओर से कोई चिंतन नहीं किया गया। इस कारण यह समस्या आज पूरे देश में तेजी से पैर पसारती जा रही है। इसका मुख्य कारण देश विरोधी कार्यों को अंजाम देने वाली राजनीति को माना जा सकता है। कश्मीर का सबसे जघन्य सच यह है कि वहां से जो हिन्दू धर्म को पूरी तरह से मानते थे, उन्हें ही भगाया गया, बाकी सब मुसलमान बन गए। यह एक प्रकार से धर्मान्तरण का ही खेल था। धर्मांतरण का खेल कौन चला रहा है, यह भी लगभग सभी जानते हैं। महात्मा गांधी ने धर्मान्तरण के बारे में कहा था कि धर्मांतरण के कारण एक व्यक्ति केवल दूसरे सम्प्रदाय को ही स्वीकार नहीं करता, बल्कि देश का एक और दुश्मन पैदा हो जाता है। इस बात से यह संदेश मिलता है कि ईसाई संस्थाएं और इस्लामिक संस्थाएं अपने विचार को फैलाने के लिए जो कार्यक्रम चलाती हैं, वह भारत के लिए किसी न किसी रुप से ठीक नहीं जा सकती हैं। क्योंकि इन संस्थाओं के विचार पूरी तरह से भारतीय विचार से सामंजस्य नहीं रखते।





सुरेश हिन्दुस्थानी
लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

अभी हाल ही में जनसंख्या पर आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 43.15 प्रतिशत की दर से मुस्लिमों की जनसंख्या बढ़ रही है, जबकि हिन्दू की जनसंख्या में 7.82 प्रतिशत की गिरावट सामने आई है। यानी आनुपातिक दृष्टि से भारत में हिन्दुओं की संख्या लगातार कम होती जा रही है। चिंता यह नहीं है हिन्दू कम क्यों होते जा रहे हैं, बल्कि चिंता इस बात की है कि मुसलमानों की जनसंख्या में यह वृद्धि कहीं घुसपैठ के कारण तो नहीं है। अगर यह सत्य है तो और भी गंभीर चिंता का विषय है। इसी घुसपैठ के चलते भारत के नौ राज्यों में आज हिन्दू अल्पसंख्यक की श्रेणी में आ गया है। इसके कारण देश में विभिन्न प्रकार की समस्याएं पैदा हो रहीं हैं। सबसे बड़ी समस्या रोजगार की है, क्योंकि संसाधन सीमित होने के बाद भी जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। देश में घटती हिन्दू जनसंख्या के बारे में विचार किया जाए तो कई तथ्य दिखाई देते हैं। कश्मीर से विस्थापित हुए हिन्दुओं के बारे में अगर उसी समय समाधान निकलता तो संभवतः अन्य राज्यों में इसकी पुनरावृति रुक सकती थी, लेकिन समाधान निकालने के किसी भी तरीके पर सरकार की ओर से कोई चिंतन नहीं किया गया। इस कारण यह समस्या आज पूरे देश में तेजी से पैर पसारती जा रही है। इसका मुख्य कारण देश विरोधी कार्यों को अंजाम देने वाली राजनीति को माना जा सकता है। कश्मीर का सबसे जघन्य सच यह है कि वहां से जो हिन्दू धर्म को पूरी तरह से मानते थे, उन्हें ही भगाया गया, बाकी सब मुसलमान बन गए। यह एक प्रकार से धर्मान्तरण का ही खेल था। धर्मांतरण का खेल कौन चला रहा है, यह भी लगभग सभी जानते हैं। महात्मा गांधी ने धर्मान्तरण के बारे में कहा था कि धर्मांतरण के कारण एक व्यक्ति केवल दूसरे सम्प्रदाय को ही स्वीकार नहीं करता, बल्कि देश का एक और दुश्मन पैदा हो जाता है। इस बात से यह संदेश मिलता है कि ईसाई संस्थाएं और इस्लामिक संस्थाएं अपने विचार को फैलाने के लिए जो कार्यक्रम चलाती हैं, वह भारत के लिए किसी न किसी रुप से ठीक नहीं जा सकती हैं। क्योंकि इन संस्थाओं के विचार पूरी तरह से भारतीय विचार से सामंजस्य नहीं रखते। वास्तव में विश्व के किसी भी देश में सबसे पहले यही शिक्षा दी जाती है कि वह उस देश की संस्कृति से जुड़े रहे। चाहे वह ईसाई देश हो या फिर मुस्लिम देश ही क्यों न हो? सबसे पहली बात यही होती है कि देश भक्त बने, केवल अपने संप्रदाय का भक्त नहीं। लेकिन हमारे देश में क्या हो रहा है। ईसाई और मुस्लिम संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे शिक्षण केन्द्रों में भी भारत की संस्कृति से परिचय नहीं कराया जाता। इसके कारण ही देश में देश विरोधी नारे लगाने वाली जमात पैदा हो रही है।

पूर्वांचल के राज्यों की स्थिति भी किसी से छिपी नहीं है, वहां लम्बे समय से ईसाई मिशनरियां मतांतरण के कार्यक्रम चलाती रही हैं। इसके कारण कई राज्यों में ईसाई बहुसंख्यक की स्थिति में आ गए हैं और हिन्दू लगातार कम होते जा रहे है।

देश के नौ राज्यों में हिन्दू समाज अल्पसंख्यक की स्थिति में आ चुका है। यह उस समय के आंकड़े हैं, जब देश में कांग्रेस नीत संप्रग की सरकार थी। मतलब 2011 की जनगणना के हैं। हम जानते हैं कि कांग्रेस की सरकार के समय ईसाई संस्थाओं को अप्रत्यक्ष संरक्षण मिलता रहा था। इस बात के संकेत दिल्ली के आर्कबिशप अनिल काउटो के पत्र से भी मिल गए थे। उन्होंने अप्रत्यक्ष तौर पर देश में होने वाले चुनावों के लिए प्रार्थना करके कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही थी। अगर कांग्रेस को समर्थन देने की बात सही मानी जा सकती है तो यह भी तय है कि उनको हिन्दू समाज को ईसाई बनाने की खुली छूट भी मिल सकती है।

भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद से ही हिन्दुओं की संख्या में लगातार कमी होती जा रही है और जहां भी हिन्दू कम हुआ है, वहां समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। इसका मतलब यह भी है कि हिन्दू जिस राज्य में भी बहुतायत में होता है वहां शांति का वातावरण होता है, देश का हिन्दू समस्या नहीं समाधान का हिस्सा है, समाधान का हिस्सा हिन्दू समाज की संस्कृति है। आज कई राज्यों में हिन्दुओं की संख्या में बहुत बड़ी कमी देखी जा रही है। इस कारण देश के नौ राज्यों में हिन्दुओं का अल्पसंख्यक का दर्जा मिल सकता है। लक्ष्यद्वीप में 2.5, मिजोरम में 2.75, नागालैंड में 8.75, मेघालय में 11.53, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में 28.44, अरुणाचल प्रदेश में 29, मणिपुर में 31.39 और पंजाब में 38.40 प्रतिशत हिंदू हैं। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों में भी कई जिलों में हिन्दुओं की जनसंख्या में कमी आती जा रही है। इसमें उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और केरल के जिलों के नाम शामिल किए जा सकते हैं। यहां चिंतन की बात यह नहीं है कि इन राज्यों में हिन्दुओं को अल्पसंख्यकों के अधिकार मिलने चाहिए, बल्कि चिंतन इस बात का करना चाहिए कि इन राज्यों में ऐसे कौन से कारण रहे, जिसके चलते हिन्दू अल्पसंख्यक हो गया। इसका मूल कारण क्या है, इसका उत्तर खोजा जाए तो स्ववाभाविक रुप से ऐसे कारण नजर आएंगे, जो देश के हित में नहीं हैं। कभी इसका कारण मतांतरण मिलेगा तो कहीं भय के कारण हिन्दू पलायन की स्थिति दिखाई देगी। कश्मीर इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है, वहां एक समय हिन्दुओं की संख्या प्रभावी थी, लेकिन अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान परस्त व्यक्तियों ने हिन्दुओं पर अत्याचार किए, इसके कारण आज घाटी हिन्दू विहीन हो गई है। पाकिस्तान परस्त मानसिकता वाले कट्टरपंथी मुसलमान आज भी देश के कई हिस्सों में योजनापूर्वक हिन्दुओं को प्रताड़ित करते हैं, जिससे हिन्दू किसी अन्य स्थान पर चले जाएं। उत्तरप्रदेश के कैराना और पश्चिम बंगाल के कई जिलों में ऐसे ही हालात निर्मित हुए। इतना ही नहीं कई स्थानों पर हिन्दू समाज अपने त्यौहार खुलकर मनाने की स्थिति में नहीं हैं। सवाल यह भी है कि भारत देश के कई हिस्सों में हिन्दू भय की स्थिति में जीने को मजबूर हो रहा है। सवाल यह है कि क्या हमारा देश अहिन्दूकरण की ओर कदम बढ़ा रहा है। यह देश के हिन्दुओं को समझना होगा। अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जो कभी कश्मीर में हुआ था, वह पूरे देश में दिखाई दे सकता है। देश में इस बात के कई बार स्पष्ट प्रमाण मिल चुके हैं कि भारत में रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कुछ राजनीतिक दल इस मामले पर खुलकर घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं, और कुछ मौन रहकर इसको स्वीकृति दे रहे हैं। जो बहुत ही खतरनाक है। देश के राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि जनसंख्या का यह आनुपातिक असंतुलन क्यों पैदा हो रहा है। इसके निहितार्थ क्या हैं? अगर इस पर अभी विचार नहीं किया गया तो आने वाला समय बहुत ज्यादा खतरनाक हो सकता है।

# सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर निगरानी की कमी

मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बन कर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनिया भर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएं, लड़कियां और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाजार बनकर उभरा है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। देश भर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियां रिहा कराई गई, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं। समाज के सबसे कमजोर वगरे में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है। उन जगहों, जहां उनका जीवन दयनीय है, से पलायन करने की इच्छा व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरू आती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं






प्रियंका सौरभ
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

मानव तस्करी में बल, धमकी या जबरदस्ती जैसे तरीकों का उपयोग करके व्यक्तियों को परिवहन करना, भर्ती करना, स्थानांतरित करना, आश्रय देना और प्राप्त करना शामिल हैं। इन कृत्यों और साधनों का अंतिम उद्देश्य इन व्यक्तियों का शोषण के उद्देश्य से उपयोग करना है। मानव तस्करी के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है। पश्चिम बंगाल मानव तस्करी का नया केंद्र बन कर उभरा है। भारत से पश्चिम एशिया, उत्तरी अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में मानव तस्करी होती है। दुनिया भर में मानव तस्करी के पीड़ितों में एक-तिहाई बच्चे होते हैं। एक अनुमान के अनुसार पिछले एक दशक में बांग्लादेश से लगभग 5 लाख महिलाएं, लड़कियां और बच्चे अवैध रूप से भारत में लाए गए और यह संख्या साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल आज भारत का सबसे बड़ा सेक्स बाजार बनकर उभरा है। आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। देश भर के कोठों में देह व्यापार करने वाली जो लड़कियां रिहा कराई गई, उनमें प्रति 10 लड़कियों में से 7 उत्तरी और दक्षिणी 24 परगना से लाई जाती हैं। समाज के सबसे कमजोर वगरे में से एक, जो तस्करी के प्रति अधिक संवेदनशील है, युवा महिलाएं हैं, और ऐसा इसलिए है क्योंकि अधिकांश समाजों में सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से महिलाओं को अवमूल्यन और अवांछित माना जाता है। उन जगहों, जहां उनका जीवन दयनीय है, से पलायन करने की इच्छा व्यक्तियों को तस्करों से संपर्क करने के लिए तैयार करती है जो शुरू आती चरणों में उन्हें बेहतर जीवन के वादे के साथ लुभाते हैं, लेकिन एक बार जब पीड़ित उनके नियंत्रण में आ जाते हैं, तो उन्हें झुकाने के लिए जबरदस्ती के उपाय लागू किए जाते हैं। अन्य कारण हैं सीमाओं की छिद्रपूर्ण प्रकृति, भ्रष्ट सरकारी अधिकारी, अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक समूहों या नेटवर्क की भागीदारी और सीमाओं को नियंत्रित करने के लिए आव्रजन और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की सीमित क्षमता या प्रतिबद्धता। पिछले कुछ वर्षो में तस्करी का खतरा ड्रग सिंडिकेट के बराबर एक संगठित आपराधिक सिंडिकेट बन गया है। इसने पैसे और भ्रष्ट राजनेताओं की मदद से समाज में अपनी जड़ें गहरी जमा ली हैं। भारतीय कानूनी ढांचे में ठोस परिभाषाओं की कमी भी इस उद्देश्य में मदद नहीं करती है क्योंकि विभिन्न तस्कर कानूनी पण्रालियों में तकनीकी खामियों के आधार पर छूट जाते हैं। ठोस परिभाषाओं के बिना भी, कानून पर्याप्त होने चाहिए थे, लेकिन भारत में इन कानूनों के कार्यान्वयन में बहुत कुछ अधूरा रह गया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मो पर निगरानी की कमी ने तस्करों के लिए अपना व्यापार जारी रखने के लिए एक नया मंच खोल दिया है। तस्करी की समस्या पर डेटा अपर्याप्त हैं, इसलिए तस्करों के पैटर्न और कार्य तंत्र उतने स्पष्ट नहीं हैं, जितने होने चाहिए। यहां तक कि जब पीड़ितों को तस्करों से बरामद किया जाता है तो उनका पुनर्वास इस तरह से नहीं किया जाता कि वे दोबारा तस्करी का शिकार न हों। मानव तस्करी वर्तमान विश्व के सम्मुख उपस्थित कई बड़ी समस्याओं में से एक है। तमाम कोशिशों के बावजूद इसे रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है, और न केवल अल्प-विकसित तथा विकासशील देश, बल्कि विकसित राष्ट्र भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। मानव तस्करी भारत की भी प्रमुख समस्याओं में से एक है।

मंडी सीट पर कांटे की रोचक टक्कर

डा. देवेंद्र गुप्ता

कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में नामांकन परचा भर दिया है। इस अवसर पर जमा हुई भीड़ ने कांग्रेस के कार्यकताओं में न केवल जोश भर दिया, बल्कि भाजपा को भी ऐसा ही प्रदर्शन करने के लिए चनौती दी है। इस सीट पर मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही रहेगा और तीसरे अभिकल्प या शक्ति की कोई गुंजाइश नहीं है। भाजपा की ओर से सिने अभिनेत्री कंगना रनौत और कांग्रेस के युवा आइकॉन और शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच सीधी कांटे की टक्कर है और मुकाबला रोचक होने जा रहा है। कांटे की टक्कर इसलिए है कि कांग्रेस ने बहुत सोच-विचार के उपरांत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को पीछे करते हुए उनके बेटे विक्रमादित्य को चुनावी मैदान में उतार दिया। जाहिर है प्रतिभा सिंह और कंगना के बीच उम्र और राजनीतिक हैसियत के हिसाब से दिन-रात का अंतर था, लेकिन विक्रमादित्य सिंह की घोषणा से भाजपा भी अब डिफेन्स की मुद्रा में आ गई है। भाजपा मंडी के चुनावी रण को और भी गंभीरता से ले रही है। अब दोनों युवा प्रत्याशी मुकाबले को बराबरी का समझ रहे हैं। इस सीट पर चुनाव रोचक इसलिए भी कि जहां कंगना हो, वहां विवाद कैसे पीछे रह सकते हैं? चुनाव प्रचार में मतदाता और क्षेत्र की समस्याओं, मुद्दों से इतर एक-दूसरे पर छींटाकशी, कभी-कभी निजी जीवन को लेकर कुत्सित आरोप लोकतंत्र की गरिमा को आए दिन आहत कर रहे हैं। कंगना की पार्टी के वर्कर इस बात को लेकर परेशां हैं कि न जाने अगले पल वह क्या बोल जाएंगी? इधर विक्रमादित्य इन गैर जरूरी पचड़ों में न फंसते हुए गंभीरता के साथ चुनाव की धार पैना रखे हुए हैं। चुनावी अभियान को जनता के मुद्दों से जोड़ कर गरिमा से चलाने का करिश्मा उन्होंने प्रारम्भिक दौर में ही दिखा दिया है। जाहिर है मतदाता उन्हें गंभीर उम्मीदवार मानने लगे हैं। कंगना को वैयक्तिक और गैर जरूरी बयानों से बचते हुए अपनी ही पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की इज्जत का भी ध्यान रखना होगा। कंगना ने प्रत्याशी बनते ही ऐलान कर दिया था कि राजा भैया तो बाहर के हैं! उनका तो घर भी मंडी में नहीं है। बाद में उन्हें ज्ञात हुआ होगा कि रामपुर में विक्रमादित्य का घर है और वह भी मंडी संसदीय क्षेत्र में पड़ता है। ऐसी और भी बातें हैं जो भाजपा नेत्री/अभिनेत्री के सामान्य ज्ञान की ओर इशारा करती हैं। यह उदाहरण उनकी राजनीतिक समझ और हैसियत को बेनकाब करता है। यह ध्यान रखना होगा कि राजनीतिक मंच मनोरंजन नहीं, अपितु जनता के कल्याण और समस्याओं के संबोधन का मंच होता है। यह भी चर्चा गर्म है कि कंगना की जन्मभूमि तो मंडी है, परन्तु कर्मभूमि मुम्बई है। मतदाताओं में यह शंका घर कर गई है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि चुनाव जीतने के बाद कंगना मैडम अभिनेता सन्नी देओल की तरह संसदीय क्षेत्र से ओझल न हो जाए? काम पडे पर जब लोग उनके पास जाते तो यह जवाब मिलता था कि कोंस्टीचुएंसी में अमुक आदमी के पास जाओ, वह मेरा रिप्रेजेन्टेटिव है। इस बात पर कंगना रनौत अपने लोगों को संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई हैं। विक्रमादित्य की जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों हिमाचल है। वह पूर्णकालिक रूप से राजनीतिज्ञ हैं। जनता में सहज उपलब्ध हैं। विक्रमादित्य राजनीति को समाज सेवा के लिए माध्यम मानते हुए युवा कांग्रेस के निर्वाचित अध्यक्ष बने। दो बार वह विधायक होने के साथ वर्तमान में शहरी विकास मंत्रालय के केबिनेट मंत्री हैं। इस तरह विक्रमादित्य राजनीतिक बोध के हिसाब से कंगना से इक्कीस ही बैठते हैं। कंगना अभी राजनीति का ककहरा सीख रही हैं। अलबत्ता वह संसदीय क्षेत्र में अपनी परिचय यात्रा के दौरान इलाके विशेष की पोषाक, वेशभूषा धारण करके सेल्फी जरूर ले रही हैं, ताकि वहां के लोगों के साथ कनेक्ट कर सकें। भाजपा के विषय में यह जगजाहिर है कि वह साधारण सक्रिय कार्यकर्ता को भी बड़े अवसर प्रदान करती है और सीएम, मंत्री, प्रधानमंत्री बनाती है। इन चुनावों में संसदीय क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा टिकट के तलबगार थे, लेकिन टिकटों के चाहवान और उनके समर्थक ऊपर से थोपी गई कंगना को टिकट दिए जाने से अंदरूनी खाते संतुष्ट नहीं हैं और पर्यवेक्षकों का कहना है कि इधर का वोट उधर जाने से भी भाजपा को नुक्सान उठाना पड़ सकता है। नाराज चल रहे इन असंतुष्टों को साधना और साथ लेकर चलना पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के लिए बड़ी चुनौती है। इसलिए मंडी सीट साधने के लिए वह कंगना के सारथी बनकर उनका चुनावी रथ हांक रहे हैं। अभी यह दूर की बात नहीं है। 2021 के मंडी लोकसभा उपचुनाव में प्रतिभा सिंह ने मोदी लहर के बावजूद और जयराम ठाकुर की कथित डबल इंजन की सरकार के रहते जीत दर्ज की थी। यह सीट जीत कर प्रतिभा सिंह ने कांग्रेस में संजीवनी फूंक दी थी। प्रधानमंत्री के इस बार 400 पार के तिलिस्म को तोडे का बड़ा काम या बड़ी जिम्मेदारी विक्रमादित्य के कन्धों पर है। विक्रमादित्य जानते हैं कि मंडी सीट को उनके यशस्वी पिता वीरभद्र सिंह ने और माता प्रतिभा सिंह ने बड़े यत्न से सींचा है और सेवा भाव से मंडी की जनता का प्रतिनिधित्व किया है। इस विरासत को आगे बढ़ाने का अवसर विक्रमादित्य अब खोना नहीं चाहेंगे। यही कारण है कि वह बड़ी संजीदगी के साथ आगे बढ़ते नजर आते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चिकित्सक पुत्री ने सीबीएसई दसवी मे 84 प्रतिशत मार्क्स पा कर बढाया मान

जलालपुरेजलालपुर बाजार के चिकित्सक डा मुन्ना भास्कर की पुत्री कुंजल कुमारी ने सीबीएसई की दसवी परीक्षा में 84% अंक पाकर जलालपुर वासियों को गौरवान्वित किया हैपिता डा भास्कर ने बताया कि कुंजल यूपी के गौतम बुद्ध नगर के दादरी स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा है वह बचपन से काफी कुशाग्र हैमाता दुर्गा देवी की लाडली कुंजल डॉक्टर बनना चाहती हैउसकी सफलता पर जलालपुर के कई गणमान्यों विजय यादव,अमर यादव पूर्व मुखिया दिनेश पंडित ,राजेश तिवारी ,अखिलेश्वर पांडेय ,धीरज तिवारी,अविनाश तिवारी ने चिकित्सक परिवार को बधाई दी है

### लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की धरपकड़ शुरू

परसाः-आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा मतदान को लेकर परसा पुलिस-प्रशासन ने वाहनों को जब्त करने का कार्य शुरू कर दिया है।बुधवार से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों से वाहन जांच व जब्त की कार्य शुरू कर दिया गया।इस बाबत जानकारी देते हुए अंचल अधिकारी ने बताया कि अब वाहन कोषांग के लिए वाहन का धरपकड़ शुरू कर दिए गए है। इन वाहनों से पोलिग पार्टी व सुरक्षा बलों को मतदान केंद्रों तक भेजना होता है। इसलिए जरूरत के मुताबिक बस व छोटी गाड़ियों को जब्त किया जा रहा है। इसमें कई छोटी वाहने मालिकों द्वारा प्रशासनिक सूचना पर स्वेच्छा से जमा कराए जा रहे है।प्रशासन द्वारा पहले ही वाहन मालिकों को अपना वाहन चुनाव कार्य के लिए वाहन कोषांग में जामा कराने का निर्देश दिया था। चुनाव कार्य को बाधित करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत होगी कार्रवाई।

### चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति तक सभी प्रकार के अवकाश को किया रद्द : जिला निर्वाचन

बेतिया(प.च).जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर पश्चिम चम्पारण जिला के 1-वाल्मीकिनगर एवं 2-पश्चिम चम्पारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक- 25.05.24 को मतदान निर्धारित है तथा 04.06.24 को बाजार समिति, बेतिया में मतगणना निर्धारित है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन अतिमहत्त्वपूर्ण कार्य है तथा सभी की सहभागिता से इसे सम्पन्न कराया जाना है। इसके निमित्त जिला स्तर पर विभिन्न कोषांग यथा कार्मिक कोषांग, ईवीएम कोषांग, वाहन कोषांग, सामग्री कोषांग, प्रशिक्षण कोषांग इत्यादि का गठन करते हुए विभिन्न पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अतिरिक्त निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रमों यथा मतदान, पोल्ड ईवीएम की रिसिविंग, मतगणना, विधि-व्यवस्था संधारण, आदर्श-आचार संहिता का अनुपालन इत्यादि के लिए भी कर्मी/पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। ऐसी स्थिति में सभी कर्मी/पदाधिकारियों को सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करना अपरिहार्य है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि मतदान कार्मिकों का द्वितीय नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिया गया है। मतदान कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु मतदान पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि ऐसी सूचना प्राप्त हो रही है कि निर्वाचन कर्तव्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों को कतिपय कार्यालय प्रधान के द्वारा अवकाश स्वीकृत किए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में निर्वाचन कार्य प्रभावित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# व्यवहारिक व रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा । जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। यहां पहली बार राज्य के नामचीन और उन्नत शिक्षण संस्थानों के साथ संयुक्त रूप से व्यवहारिक और रोजगारपरक शिक्षा प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई के नेतृत्व में आज बुधवार को चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना तथा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के साथ जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा का समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने के साथ ही जयप्रकाश विश्वविद्यालय में नवाचार, प्रबंधन, उद्यमिता विकास, स्टार्टअप प्रारंभ करने में सहायक नए पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे। इसके साथ ही एक ओर जहां जयप्रकाश विश्वविद्यालय चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के साथ मिलकर प्रबंधन एवं अन्य संबद्ध विषयों में व्यवहारिक एवं रोजगारपरक पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा वहीं छात्र-छात्राओं के लिए प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट के लिए भी चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान का मार्गदर्शन प्राप्त करेगा। पहले समझौता ज्ञापन पर जयप्रकाश विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार तथा चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान की ओर से निदेशक डॉ राणा सिंह ने हस्ताक्षर किए। वहीं, दूसरे समझौता ज्ञापन पर कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार तथा आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की ओर से प्रो. अंकित शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. बाजपेई ने कहा कि अब जयप्रकाश विश्वविद्यालय में ही छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगारपरक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई का अवसर प्राप्त होगा।

छात्र-छात्राओं को नवीनतम विषयवस्तु और प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिलेग। पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद उनको प्लेसमेंट में भी सहयोग प्राप्त होगा। कुलपति महोदय ने कहा कि विश्वविद्यालय में पहली बार इस तरह के पाठ्यक्रम प्रारंभ होने जा रहे हैं जिसका लाभ खासकर इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को मिलेगा। उन्होंने जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे यहां भौतिकी, रसायनशास्त्र आदि कई विषयों में ऐसे प्राध्यापक हैं जिन्होंने अपनी शिक्षा आईआईटी एवं अन्य राष्ट्रीय स्तर के शिक्षण संस्थानों से हासिल की है। इन सबके सहयोग से इन नए पाठ्यक्रमों में स्तरीय पठन-पाठन सुनिश्चित होगा। वहीं आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तरीय पाठ्यक्रमों के लिए आधुनिकतम तकनीक से लैस ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध है। इन दोनों के सहयोग से इन पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी उच्चस्तरीय शिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों के प्रारंभ होने से खासकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय को काफी लाभ होनेवाला है। चूंकि, सीबीसीई, नियो टेक्नोलॉजी जैसे विषयों के लिए राज्य में इन दोनों संस्थानों से बेहतर कोई नहीं। लिहाजा इन व्यावसायिक एवं प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों का भरपूर लाभ क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिलेगा। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान के निदेशक प्रो. राणा सिंह ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बाजपेई को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हीं के प्रयास से दोनों संस्थानों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है। कुलपति महोदय की पहल से दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। दोनों संस्थानों के बीच ये गतिविधियां काफी दूर तक जाएंगी। आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के प्रो. राकेश कुमार ने कहा कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के पास पूर्णतः सुसज्जित 7 प्रयोगशाला हैं जो नवीनतम उपकरणों से लैश हैं। इन विषयों से संबंधित अबतक 212 अंतरराष्ट्रीय शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति ने उन्हें आश्वस्त किया है कि देशभर के नामचीन औद्योगिक घरानों से टाइअप कराया जाएगा। कुलसचिव प्रो. रणजीत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि कुलपति के मात्र 3 माह के कार्यकाल में ही अबतक विभिन्न विश्वविद्यालयों से कुल 5 एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियां बहुत कम हैं निजी क्षेत्रों में रोजगार के काफी अवसर हैं लेकिन इन क्षेत्रों में सामान्य डिग्रीधारियों की कोई खास मांग नहीं होती। यहां प्रोफेशनल कोर्स का बहुत महत्व है।

## एसएसबी द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली



प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत भारत-नेपाल सीमा पर तैनात सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी 47 वीं बटालियन के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। एसएसबी के सहायक कमांडेंट अश्वनी कुमार पाल नेतृत्व में निकाली गई जागरूकता रैली में एसएसबी जवान, ग्रामीण व स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। साइकिल से निकाली गई रैली सीमावर्ती गांव में घूम-घूम पर्यावरण के बारे में ग्रामीणों को बता कर जागरूक किया गया। वही सहायक कमांडेंट अश्वनी कुमार पाल ने ग्रामीणों को बताया कि पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग को लेकर चिंतित है। मौसम में जो बेरुखी देखी जा रही है, उसका मुख्य कारण पेड़ो की लगातार कम होने की वजह है। वही ग्रामीणों से पौध रोपण करने की भी अपील की। उन्होंने बताया कि एसएसबी के द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए लगातार ग्रामीण क्षेत्रो में जागरूकता अभियान निकाली जाएगी। जिससे सभी लोग पर्यावरण के प्रति जागरूक हो।

## जिलाधिकारी ने दिया निदेश

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। छपरा नगर निगम के श्यामचक में निमार्णाधीन आरओबी में अंडर पास की मांग को लेकर वार्ड नं 2 के मतदाताओं द्वारा मतदान बहिष्कार करने के निर्णय की सूचना जिलाधिकारी अमन समीर को प्राप्त हुई। एनएचएआई द्वारा बताया गया कि इस आरओबी के प्राक्कलन में अंडरपास का प्रावधान नहीं किया गया है। इस मामले को लेकर जिलाधिकारी ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक एवं अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर को संयुक्त रूप से स्थल जाँच कर निमार्णाधीन आरओबी में अंडर पास की आवश्यकता एवं उपयोगिता के संदर्भ में रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। जिलाधिकारी के निदेशानुसार एनएचएआई के अभियंता एवं अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया तथा स्थानीय लोगों से भी संवाद किया गया। जाँच दल द्वारा निमार्णाधीन आरओबी में अंडर पास की उपयोगिता एवं आवश्यकता बताई गई। जाँच दल से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी श्री अमन समीर द्वारा निमार्णाधीन आरओबी में अंडरपास की उपयोगिता एवं आवश्यकता बताते हुये पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव को अग्रेतर कार्रवाई हेतु अनुरोध पत्र भेजा गया है।

# परसा में दरवाजे पर पहुंच जीविका दीदियों ने की अपील, 20 मई को जरूर करें मतदान



प्रात : किरण, संवाददाता

परसाः-पांचवें चरण में 20 मई को सारण लोकसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदान के लिए जीविका दीदियों द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है।जिसके तहत परसा प्रखंड क्षेत्र के माड़र पंचायत स्थित खेमाडीह वार्ड एक मे बीडीओ दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत हर घर दस्तक अभियान चलाया गया।जीविका दीदियों,आंगनबाड़ी सेविकाओं ने हर घर का दरवाजा खटखटाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया।साथ ही उनसे वोट डालने की अपील की।बीडीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि माड़र पंचायत के कई गांव में अभियान चलाया गया।जीविका दीदी अपने-अपने पोषक क्षेत्रों में हर घर जाकर परिवारों को 20 मई को मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया।पिछले चुनाव में जहां मत प्रतिशत कम था,वहां अधिक ध्यान दिया जा रहा है।मतदाताओं को शपथ भी दिलायी गयी। लोगों को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से वोट डालने की अपील की गयी।जीविका बीपीएम ब्रजेश कुमार ने बताया कि जीविका दीदियां सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए निरन्तर अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही हैं।जीविका द्वारा संचालित गतिविधियों में प्रखंड प्रशासन एवं स्वीप कोषांग का भी विशेष सहयोग मिल रहा है।परसा प्रखंड में संचालित सामुदायिक संगठनों में मतदाता जागरूकता अभियान की कमान जीविका दीदियों के कंधों पर है।उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जीविका दीदियों द्वारा प्रभात फेरी,जागरूकता रैली, रंगोली-मेहंदी, हर घर दस्तक, कैंडल मार्च, गोष्ठी, पोस्टर प्रदर्शनी, हस्ताक्षर अभियान, मानव श्रृंखला, संकल्प सभा आदि गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।जीविका के मतदाता जागरूकता अभियान के प्रयासों का बेहतर परिणाम मतदान के दिन दिखेगा।

## रक्सौल आर पी एफ की जांच में सदभावना एक्सप्रेस से भारी मात्रा में चाइनीज लाइटर और सेव बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता



रक्सौल।आसान लोकसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर इलाके के रक्सौल रेलवे जंक्शन पर आरपीएफ के द्वारा चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के अंतर्गत सदभावना एक्सप्रेस से भारी मात्रा में लाइटर और सेव बरामद किया गया है। यह बरामदगी सद्भावना एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच संख्या एन आर 215803 और कोच संख्या एन आर 204569 से हुई।आरपीएफ इंस्पेक्टर ऋतुराज कश्यप के नेतृत्व में सुरक्षा कर्मियों के द्वारा रेलवे परिक्षेत्र में स्पेशल चेकिंग अभियान चलाने के दौरान प्लेटफार्म संख्या एक पर खड़ी उक्त ट्रेन की एक की स्लीपर कोच में 8 हजार चाइनीज लाइटर को कार्टून में रखे हुए बरामद किया गया।उक्त कार्टून पश्चिम शौचालय के समीप अज्ञात व्यक्ति के द्वारा रखा गया था। कार्टून के संदर्भ में जब यात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी ने इसका अपना होने की बात नहीं कही। इसके बाद इसको खोलकर जांच किया गया तो इसमें चाइनीस लाइटर बरामद किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 80 हजार रुपए आका गया है। वहीं इसी जांच के दौरान इस ट्रेन के दूसरे स्लीपर कोच में पूर्वी शौचालय के समीप लावारिस स्थिति में सेव के कार्टून बरामद किए गए।इसको भी किसी यात्री ने अपना होने की बात नहीं कही। जब जांच किया गया तो उसमें 16 हजार रुपए किमत के 80 किलो सेव बरामद किया गया। दोनों बरामद सामग्रियों को आर पी ए फ पोस्ट पर लाया गया है। यहां कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कार्यकताओं के लिए प्रेरणा स्रोत थे सुशील कुमार मोदी : रणजीत कुमार सिंह



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी छपरा द्वारा सांसद कार्यालय के प्रांगण में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामाशंकर शांडिल्य की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि हम सब अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उनके नेतृत्व में हम सभी को कार्य करने का अवसर मिला है। वह एक सच्चे कार्यकर्ता थे और कार्यकताओं का सम्मान करते थे एक छोटी-छोटी घटना पर भी कार्यकताओं के साथ खड़े होते थे। हर परिस्थितियों में उनका हाल-चाल लेते रहते थे। स्व सुशील कुमार मोदी जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर शहर के प्रसिद्ध डॉ राजीव कुमार सिंह ने श्राद्धा सुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जिला उपाध्यक्ष रमाशंकर शांडिल्य ने श्रद्धांजलि सभा में सुशील मोदी के जीवन यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि वह एक सच्चे कार्यकर्ता थे। जीवन भर वह भाजपा के एक सच्चे सिपाही एवं कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने कार्य किया। आज के श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से रालोमो जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा,हम जिला अध्यक्ष उज्जवल श्रीवास्तव,जिला प्रभारी अनूप श्रीवास्तव, पूर्व प्रत्याशी एवं लोकसभा संयोजक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह,पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा शैलेंद्र सेंगर,जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह , शत्रुघन भक्त,धर्मेंद्र कुमार साह, जिला उपाध्यक्ष अनु सिंह,गायत्री देवी, जिला मंत्री सत्यानंद सिंह,रंजन यादव, अर्द्धेन्दु शेखर, सरिता गुप्ता, सुनीता देवी, गणेश गोकुल, सुशील कुमार सिंह, ममता मिश्रा,पी डी बाबा, विक्की श्रीवास्तव सहित एन डी ए के सभी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी और एपीएफ की संयुक्त बैठक के बाद हुई पेट्रोलिंग



प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। आसान लोकसभा चुनाव को लेकर रक्सौल बॉर्डर पर भारतीय एस एस बी और नेपाली ए पी एफ ने संयुक्त रूप बैठक कर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य बॉर्डर इलाके में लोगों को दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों पर सुरक्षा हेतु विश्वास दिलाना है। इसके साथ ही बॉर्डर पर अवांछित गतिविधियों पर भी इस संयुक्त फ्लैग मार्च से रोक लगाना है । लोकसभा चुनाव को लेकर बॉर्डर इलाके में इधर उधर करने वाले आपराधिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने के उद्देश्य दोनों देशों के सुरक्षा एजेंसियों के द्वारा कई अन्य कार्यवाही भी की जा रही है।जिसमें नियमित बैठक और फ्लैग मार्च महत्वपूर्ण है। बता दे की बॉर्डर से अवांछित और आपराधिक तत्वों के आवाजाही पर रोकने व अन्य कई अपराधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर दोनों देशों के उच्च अधिकारियों की कई बार बैठक की जा चुकी है।और इस बैठक के अंतर्गत ही भारतीय एस एस बी और नेपाली ए पी एफ के द्वारा यह संयुक्त कार्यवाही की जा रही है। एस एस बी की तरफ से ए सी अश्वनी पाल, इंस्पेक्टर बी एल चकमा, ए एस आई दिनेश कुमार, आदर्श सिंह संजीव सैनी, रोशन पटेल इत्यादि व ए पी एफ की तरफ से डीएसपी सूरज पोलो रिजाल, इंस्पेक्टर विपिन कहनार, एस आई नर बहादुर राणा, झलक खड़का, उमेश यादव इत्यादि शामिल रहे।

## परिवार नियोजन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता




बेतिया(घनश्याम ).पश्चिमी चम्पारण जिले में परिवार नियोजन कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए पीएसआई इंडिया के सहयोग से शहर के एक निजी होटल में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में सीएस डॉ श्रीकांत दुबे ने कहा कि परिवार-समाज और देश की खुशहाली के लिए जनसंख्या पर नियंत्रण होना चाहिए। कम उम्र में विवाह पर रोक लगानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जरूरी हो गया है कि हर कोई छोटे परिवार के बड़े फायदे के बारे में गंभीरता से विचार करे। इसके अलावा बच्चे का जन्म तभी हो, जब माता-पिता उसके लिए पूरी तरह तैयार हों। अनचाहे गर्भ से बचने के लिए स्वास्थ्य विभाग के पास ह्यबास्केट ऑफ च्वाइसह्व मौजूद है। दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का हो अंतर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा ने बताया कि दो बच्चों के जन्म के बीच कम से कम तीन साल का अंतर रखना चाहिए। ताकि महिला का शरीर पूरी तरह से दूसरे गर्भधारण के लिए तैयार हो सके। इससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को भी सुधारा जा सकता है। उन्होंने नव दम्पतियों को शादी के दो साल बाद ही बच्चे के बारे में सोचने के प्रति जागरूक करने की बात कही, क्योंकि पहले जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे को अच्छी तरह से समझें, परिवार को समझें और अपने को आर्थिक रूप से इस काबिल बना लें कि अच्छी तरह से बच्चे का लालन-पालन कर सकें। तभी बच्चा पैदा करने की योजना बनाएं। अनचाहे गर्भ से बचने के लिए स्थायी व अस्थायी संसाधन मौजूद है जिले के आशा समन्वयक राजेश कुमार ने कहा की अनचाहे गर्भ से बचने के लिए जिले के स्वास्थ्य केन्द्रो पर स्थायी व अस्थायी संसाधन मौजूद है। उन्होंने बताया की आशा कार्यकत्ताओं द्वारा लोगों को जागरूक करते हुए नव विवाहित जोड़े को ह्यनई पहलह्व किट दी जाती है, उन्हें अनचाहे गर्भ से बचने के साथ ही गर्भनिरोधक गोली, कंडोम, छाया, प्रसव के तुरंत बाद लगने वाली पीपीआईयूसीडी, बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी की जानकारी दी जाती है। उन्होंने बताया की परिवार नियोजन के सूचकांक में अच्छी प्रगति हुई है, पश्चिम चंपारण जिले में कुल प्रजनन दर 4.0 से घटकर (एनएफएचएस) 3.01 हो गया है जो 0 .9 प्रतिशत का सुधार हुआ है, बिहार के 38 जिलों में अच्छा सुधार हुआ है। जिले में अनमेट नीड 22.3 से घटकर 12.1 तक हुआ है। यह भी बहुत अच्छा संकेत है। आशाओं, परिवार नियोजन कॉउंसलर व एएनएम के से सहयोग एवं जागरूकता से परिवार नियोजन साधनों की समुदाय स्तर मांग मांग बढ़ी है। उन्होंने बताया की अप्रैल 2023 से जनवरी 2024 तक 48 पुरुषों की नसबन्दी की गई है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 11 हजार 500 से ज्यादा बंध्याकरण किया गया। इस कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रमेश चंद्रा, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी, पीएसआई इंडिया के राज्य प्रतिनिधि विवेक मालवीय, डीसी प्रताप कोशियरी, डॉ प्रेमा, सिफार डीसी सिद्धांत कुमार, रंजन मिश्रा, बीसीएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थें।

## प्रतिनिधित्व की मांग को लेकर मूलनिवासी मंच की बैठक



प्रात : किरण, संवाददाता

बनियापुर। बनियापुर विधानसभा के अंतर्गत महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र मे मूलनिवासी राजनीतिक प्रतनिधितव को लेकर पार्वती रेस्टोरेंट बनियापुर मे पिछड़ा अति पिछड़ा अनुँसूचित जाति अनुसूचित जन जाति एव अल्पसंख्यक समुदाय के महागठजोर मूलनिवासी मंच के प्रबुद्ध जानों की बैठक हुई ।

मूलनिवासी मंच की बैठक 14 मई को ल्गभग तीन घंटे तक चली । इस बैठक में शामिल सभी राजनित्तिक सामाजिक न्याय के प्रबुद्ध जनों ने एक स्वर मे पिछड़ा अति पिछड़ा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एव अल्पसंख्यक समुदाय के लिए बनियापुर विधानसभा के राजनीति में मूलनिवासी प्रतिनिधित्व की मांग रखते नया स्लोगन दिया ह्ल जो लोकसभा प्रत्याशी मूलनिवासी का रखेगा ध्यान उसी को करें मतदानह्व इस शर्त के साथ महाराजगंज लोकसभा चुनाव के उम्मीदवार का समर्थन करने के अंतिम निर्णय लेने के लिए 16 मई को पुनः सीता राम वाटिका बनियापुर मे पिछड़ा अतिपिछरा अनुसूचित जाति अनुसूचित जन जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के सभी गणमान सामाजिक न्याय के राजनीतिक प्रबुद्ध नेताओं को मूलनिवासी मंच ने आमंत्रित किया है जहा सभी ने एक मत होकर सामूहिक प्रायार्शी के मतदान करने की सहमति बनी,

मूलनिवासी मंच की बैठक में मुख्य रूप से भाग लेने वालों मे बनियापुर प्रखंड के पूर्व प्रमुख राकेश शर्मा मुखिया मिराज शाह पूर्व सरपंच में राजुद्दीन पूर्व मुखिया प्रतिनिधि नंदकिशोर राय रविंद्र कुमार राम सुरेश शाह रिंकू शर्मा सरवन कुमार महतो राकेश राम मुखिया अनिल शर्मा बी डी सी सोनू राय अमित कुमार शर्मा श्री भगवान शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता जय प्रकाश प्रसाद कुशवाह, कौशल कुमार माँझी डॉ सूरज चौहान विकास पासवान संयोजक बिक्रम चौधरी सहित काफी तादाद मे लोग मौजूद रहे।

# मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से सारण जिला के सभी प्रखंडों में चलाया गया हर घर दस्तक अभियान

- स्वयं जिलाधिकारी ने विभिन्न पदाधिकारियों के साथ नगर निगम छपरा के विभिन्न मुहल्लों में घर घर जाकर मतदाताओं से किया संवाद, मतदाता पर्ची प्राप्त होने की ली जानकारी तथा उनसे मतदान अवश्य करने की की अपील

प्रात : किरण, संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी के निदेशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सुबह सारण जिला के सभी प्रखंडों में एक साथ हर घर दस्तक अभियान चलाया गया। स्वयं जिलाधिकारी अमन समीर ने विभिन्न पदाधिकारियों के साथ नगर निगम छपरा के विभिन्न मुहल्लों में घर घर जाकर मतदाताओं से संवाद किया।उन्होंने वार्ड संख्या 20, 21, 28 एवं 29 में महमूद चौक, दहियावां, जगदंबा रोड, आर्य समाज पथ, साहेबगंज चौक आदि मुहल्लों में मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने मतदाताओं से पूछा कि उन्हें मतदाता पर्ची मिली है या नहीं। कुछ घरों में उन्होंने मतदाता पर्ची का अवलोकन भी किया। एक मुहल्ले में स्थानीय बीएलओ मतदाता पर्ची बांटते भी मिले, जिनसे जिलाधिकारी ने पर्ची के वितरण के संबंध में पूछताछ की। कुछ घरों में मतदाता पर्ची के वितरण नहीं किये जाने की जानकारी मिली। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर को ऐसे सभी घरों में मतदाता पर्ची का वितरण सुनिश्चित कराने का स्पष्ट निदेश दिया। भ्रमण के दौरान स्थानीय मतदाताओं से संवाद के क्रम में जिलाधिकारी ने उनसे मतदान की तिथि के बारे में पूछा। अधिकांश लोगों ने बताया कि सारण लोकसभा के लिए 20 मई को मतदान निर्धारित है। जिन्हें मतदान तिथि की जानकारी नहीं थी, उन्हें मतदान की तिथि एवं समय के बारे में बताया गया। जिलाधिकारी ने अपने संवाद के क्रम में सभी लोगों से सपरिवार मतदान करने तथा अपने पड़ोसियों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने को कहा। उन्होंने घर वासियों के साथ साथ ठेले वाले, ई-रिक्शा वाले, दुकानदारों, डॉक्टर, सैलून संचालक, दवा दुकानदार, मॉल संचालक एवं अन्य लोगों को मतदान हेतु प्रेरित किया। दुकान वालों को अपने ग्राहकों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने को कहा गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, अपर समाहर्त्ता लोकशिकायत, अनुमंडल पदाधिकारी छपरा सदर, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्वीप कोषांग के सभी नोडल पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे। आज सभी प्रखंडों में भी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में हर घर दस्तक अभियान के माध्यम से मतदाताओं को उनके मताधिकार के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

## सेंट जोसेफ स्कूल का शानदार प्रदर्शन प्रियांशु ने 95 प्रतिशत अंक लाकर नाम किया रोशन




प्रात : किरण, संवाददाता

एकमा । सेंट जोसेफ हाई स्कूल के बच्चों ने दसवीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल किया सीबीएसई 10वीं की परीक्षा में प्रियांशु कुमार ने सर्वाधिक 95% अंक मिला दिव्यांशु कुमार को 94% अंक प्राप्त हुआ वही सौम्या ने 92% अंक लाई आरजू आना ने 90% विकास कुमार व मुस्कान खातून ने 90% अनुष्का कुमारी व प्रेम प्रकाश ने 89% आकृति सिंह 88% साजिद मोहम्मद व खुशी तारा 87% तथा निश्चय सिंह 85% अंक प्राप्त किया । इस सत प्रतिशत सफलता मिलने पर मैनेजर अंजनी कुमार उर्फ छोटे ने डायरेक्टर सीईओ पूनूश कुमार व प्रिंसिपल कविता मौर्य सहित विद्यार्थियों सहित शिक्षक को अभी भाव को एवं अपने शुभचिंतकों को ही सफलता पर बधाई दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### समाजसेवी ने किया महादेव आरओ प्लांट का उद्घाटन



बिक्रमगंज(रोहतास)। नगर परिषद बिक्रमगंज के तेंदुनी चौक पर कोरोना काल में राशन-दुत के नाम से विख्यात युवा समाजसेवी अनुराग आनंद उर्फ सोनु पाण्डेय द्वारा जनहित एवं आमजनों को भीषण गर्मी से निजात दिलाने हेतु निःशुल्क मिनिरल शुद्ध पेय जल की व्यवस्था का शुभारम्भ उनके माता-पिता राजनारायण पाण्डेय एवं माता आशा देवी की शादी के सालगिरह पर उनके करकमलों द्वारा फीता काटकर किया गया। भगवा परिवार के तरफ से नूतन प्रतिष्ठान महादेव आरओ वाटर प्लांट के द्वारा आज से लगातार पूरे गर्मी स्टाल लगाकर हर रोज आम लोगों के लिए समुचित प्रबंध किया गया। जिसके बाद वहां आमजनमानस ने इस कार्य को सराहा। मौके पर मंतोष यादव, गुड्डू कुमार, अविनाश कुशवाहा, रोहन पटेल, अभिषेक सिंह, शास्वत कुमार, मोनू पाण्डेय, आदित्या, दीपक कुशवाहा, मोनू चौरसिया, एस आई सुरेश कुमार, विवेक सिंह, प्रभात सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार, भेजा गया जेल

काराकाट(रोहतास)। काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनपुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब धंधेबाज मोहनपुर गांव निवासी विद्या पासवान पिता बलदेव पासवान बताया जाता है। थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने बताया कि शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी कर शराब धंधेबाज के पास से 4 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज को जेल भेज दिया गया।

### 30 लीटर देशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

दिनारा(रोहतास)। मद्य निषेध अधिनियम के तहत दिनारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो धंधेबाज को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब धंधेबाज दिनारा थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गांव निवासी गुड्डू कुमार एवं चंद्रशेखर कुमार बताया जाता है। थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पूर्व से लगातार शराब बिक्री करने की सूचना मिल रही थी। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार दोनों कारोबारी के पास से कुल मिलाकर 30 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। साथ ही गिरफ्तार दोनों धंधेबाज के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### 12 लीटर शराब बरामद, अभियुक्त फरार

दावथ(रोहतास)। सूर्यपुरा पुलिस ने देशी शराब बरामद कर लिया, मामले में संलिप्त अभियुक्त फरार। सूर्यपुरा थानाध्यक्ष प्रिया कुमारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा दलित टोला से गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 12 लीटर देशी शराब बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि मामले में संलिप्त अभियुक्त भाग निकला। बताया कि फरार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना के पुअनि विजेंद्र राम द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

### शांति निकेतन एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

गया। सीबीएसई बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में शांति निकेतन एकेडमी के बच्चों ने सफलता हासिल की, सीबीएसई द्वारा सोमवार को जारी दशम वर्ग के वार्षिक परीक्षा में बच्चों ने शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय के साथ अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है' रौनक कुमार 96 प्रतिशत, स्वीटी कुमारी 95 प्रतिशत, एंजेलिना सिंह 95 प्रतिशत, सुप्रिया कुमारी 94 प्रतिशत, भारती कुमारी 93 प्रतिशत, सुमित आनंद 93 प्रतिशत, दिव्यांशु कुमार 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तथा 120 से अधिक बच्चों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया गया है। विद्यालय परीक्षा परिणाम शानदार रहा तथा विद्यालय शत-प्रतिशत छात्र सफल रहे। विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने कहा कि विद्यालय के बच्चों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम तथा सही मार्गदर्शन से जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

### , भारत के सच्चे सिपाही नेता को खो दिए - कमलेश सिंह

गया। गया के कमलेश सिंह जो पूर्व सांसद हरी मांझी के नीजी सचिव ने बिहार के लोकप्रिय उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी के बारे मे बताया की जब जीएसटी बील की बहस लोक सभा में हो रही थी तब पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी को बुलाया गया था लेकिन संसद भवन में जाने के लिए पास कि आवश्यकता होती है। इनका पास एक्सपायरी हो गया था तब कमलेश सिंह ने इनका पास निर्गत किया, जब संसद भवन में सैक्योरटी जांच हो रही थी तब कमलेश सिंह ने सैक्योरटी गार्ड से सुशिल कुमार मोदी के बारे में जानकारी दी लेकिन इन्होने मना कर दिया और कहा इनको अपना काम करने दो यह एक खुले दिल के व्यक्ति थे।

# जिले में 'कनेक्ट विथ कम्युनिटी, कंट्रोल डेंगू' थीम पर मनाया जायेगा डेंगू दिवस

## लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य ये जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किए जाएंगे विभिन्न कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। प्रत्येक वर्ष 16 मई को डेंगू की रोकथाम के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। अब जनसहभागिता बढ़ाते हुए लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने की तैयारी की जा रही है। कुछ इसी उद्देश्य के साथ जिले में इस बार डेंगू से निपटने के लिए शहरी के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर जागरूक करने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए जिले में 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसमें शहरी के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में विशेष रणनीति तैयार की गई है। जिसके तहत ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों और किसान गोष्ठियों में लाभुकों और किसानों को डेंगू के लक्षणों की पहचान, जांच, इलाज और बचाव की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, इस बाबत अपर निदेशक-सह-राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. अशोक कुमार ने राज्य के सभी सिविल सर्जन, सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं सभी वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिया है।

**मानसून में बढ़ जाती है डेंगू के प्रसार की संभावना:** जारी पत्र में बताया गया है कि इस अवसर पर विभिन्न स्थानीय अधिकारीयों, विभागों तथा गैर सरकारी संगठनों एवं विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर डेंगू की रोकथाम के प्रति जनसमुदाय को जागरूक करने के लिए विभिन्न आईईसी/बीसीसी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जारी पत्र में बताया गया है कि पिछले कुछ वर्षों से राज्य में डेंगू का प्रकोप काफी बढ़ा है। मानसून के आरंभ होते ही डेंगू का प्रसार बढ़ जाता है। डेंगू दिवस से ही इसके रोकथाम की गतिविधियों को तेज कर दिया जाता है जो प्रसार सीजन के खत्म होने तक जारी रहता है।

**जिला स्तर पर कैंपेन मोड में आयोजित की जायेंगी गतिविधियां:** जिला अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि विभाग के निर्देश पर जिला स्तर पर डेंगू के रोकथाम के प्रति जन-जागरूकता के लिए विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों की योजना बनाकर कैंपेन मोड में संचालित करना सुनिश्चित किया जाएगा। इसमें स्थानीय निकाय के अधिकारीयों यथा पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम को भी सम्मिलित किया जाएगा। साथ ही, डेंगू के मच्छर एवं लार्वा के नियंत्रण के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर डेंगू के प्रसार को प्रभावी तरह से नियंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए भी विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोगों को डेंगू के प्रति जागरूक किया जा सके।

# लंबी आयु के लिए करें ब्रम्हचर्य व्रत का पालन : देवराहाशिवनाथ

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। परमपूज्य त्रिकालदर्शी संतश्री देवराहा शिवनाथ दास जी महाराज के सान्निध्य में आज बिहिया चौरास्ता स्थित दोघरा में ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज के पुण्यतिथि पर आगामी 2 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक होनेवाले श्रीविष्णु महायज्ञ सह सनातन धर्म सम्मेलन को लेकर आज ध्वजारोहण किया गया। वहीं ध्वजारोहण के पूर्व सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि यह ध्वजारोहण अंतरराष्ट्रीय महायोगी और श्रीराम जन्मभूमि के भविष्यवक्ता ब्रम्हलीन श्रीदेवराहा बाबाजी महाराज की 34 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित होनेवाले श्रीविष्णु महायज्ञ सह सनातन धर्म सम्मेलन को लेकर की गई है। संतश्री ने आगे कहा कि आज के मानव अल्पायु हो रहे हैं। इसका एकमात्र कारण ब्रम्हचर्य हीन होना है।पहले लोग हजारों वर्षो तक जीवित रहते थे क्योंकि वे ब्रम्हचर्य व्रत का पालन करते थे।जहां राम तहां काम नहीं जहां काम नहीं राम। दोनों कबहुं ना मिले रवि रजनी एक ठाम। संतश्री ने आगे कहा कि लोग भजन -कीर्तन करते हैं परन्तु उनका मन कहीं और रहता है। अरे ईश्वर के भजन में थोड़ा मन लगाओ। फिर देखो ईश्वर की अहर्निश कृपा तुम पर बरसती रहेगी। संतश्री ने आगे कहा कि श्री हनुमान जी जब लंका में माता सीता को खोजने गये,तो वहां वह माता सीता के चरण से उनको पहचान गये। क्योंकि श्री हनुमान जी ब्रम्हचारी थे। संतश्री ने आगे कहा कि हमारे गुरुदेव श्रीदेवराहा बाबा सभी धर्म और सम्प्रदाय से ऊपर थे।

# सहयोग संकल्प फाउंडेशन के भव्य शुभारंभ हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

भोजपुर (जगदीशपुर) प्रखंड के दुलौर स्थित सम्राट नगर में मंगलवार को स्वयंसेवी संस्था सहयोग संकल्प फाउंडेशन नामक संस्था का उत्सवी माहौल में शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री श्री भगवान सिंह कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर किया। पूर्व मंत्री ने संस्था के पदधारकों और सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संस्था को सहयोग करने की बात कही।

उन्होंने कहा कि जो संस्था का उद्देश्य बेहतर चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार और संसाधन का सुविधा दिलाना जनहित, समाजहित एवं देशहित



में है। इससे जरूरतमंदों का काफी फायदेमंद होगा। हालांकि संस्था का सचिव प्रमोद कुमार गिरि ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य लोगों का सेवा करना है। संस्था द्वारा अच्छा इलाज, बेहतर शिक्षा, रोजगार और संसाधन मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि गांव में कैंप लगाकर निशुल्क लोगों का इलाज किया जाता है। वहीं बेहतर स्कूल में छात्र-छात्राओं को नामांकन कराने में 20%, स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राइवेट अस्पताल और क्लीनिक में 25 से 50 प्रतिशत का छूट दिया जाता है। वही इंजीनियरिंग मेडिकल और मेडिकल कॉलेज में भी नामांकन के समय 25% तक नामांकन शुल्क माफ कराया जाता है। आगे बताया कि संस्था के द्वारा युवक-युवती और महिलाएं को कंप्यूटर की शिक्षा, सिलाई, ब्यूटीशियन, पेंटिंग और आकर्षक हैंडीक्राफ्ट बनाने का प्रशिक्षण शीघ्र शुरू किया जाएगा।

इस दौरान संस्था के पदधारकों और सदस्यों पश्चिमी आयर मुखिया उमेश कुशवाहा, जदयू अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुमताज वारसी,जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष अनूप पटेल,पूर्व उपमेयर पुष्पा कुशवाहा, युवा जदयू जिलाध्यक्ष अभिषेक मेहता,नावानगर के सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र सिंह,नागेंद्र केशरी सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का अगुवाई व्यवस्थापक प्रेम मौर्या, कोषाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, जिला कोऑर्डिनेटर रंजन टाईगर ने संयुक्त तरीके से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग संकल्प फाउंडेशन सदस्य पंकज प्रधान,भोला पंडित, रवि कुशवाहा, अभिषेक मेहता, सदस्य खुशबू सिंह, संजू सिंह, रुक्मणी कुमारी,कौशर जमाल,सोनम सिंह और गुड़ी कुमारी सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा बिक्रमगंज ने किया दसवीं कक्षा के टॉपर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को सम्मानित



बिक्रमगंज(रोहता)। बुधवार को स्थानीय शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल सेमरा में सम्मान समारोह आयोजित की गई ।जिसमें सीबीएसई दसवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्राचार्य श्रीकांत पांडेय द्वारा पुष्पमाला व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । साथ ही साथ प्राचार्य ने अभिभावकों को भी पुष्पमाला से सम्मानित किया । तत्पश्चात सभी को मुंह मीठा कराया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परीक्षा प्रभारी ने कहा कि इस बार डीएवी सेमरा का परिणाम शत प्रतिशत रहा है । सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 245 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए और सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए । उन्होंने सभी टॉपर्स को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के लगन एवं कड़ी मेहनत का यह नतीजा है कि इस विद्यालय का परीक्षा परिणाम काफी अच्छा रहा । तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य श्रीकांत पांडेय ने सभी टॉपर्स के अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके बच्चों के प्रति उचित संरक्षण के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं थी । उन्होंने सभी अभिभावकों को इसके लिए शुभकामनाएं व बधाई दी । पूर्व प्राचार्य पी सी त्रिपाठी ने मेधावी छात्रों एवं शिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । स्कूल टॉपर्स बच्चों में मेघा सिंह, मोहित राज, तेजस्वी चौहान, मृदुला, वैष्णवी राय, सोनी कुमारी, रौशन कुमार, वैभव राज , यश गुप्ता, रिया कुमारी उपस्थित थे। वहीं अभिभावकों में मनीष सिंह, किसलय सिंह , सुनील प्रसाद, बीरेंद्र प्रसाद, रविकांत, राजेश कुमार रॉय, सुनील कुमार आदि के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिका भी मौजूद रहे ।

# राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर में खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिंगही,आरा में भोजपुर विभाग में महाराजाहाता संकुल के संकुल स्तरीय समूह खेलकूद प्रतियोगिता का विद्यालय द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खेल पदाधिकारी अजय कुमार, भोजपुर विभाग के माननीय संघ चालक डॉ ओमप्रकाश अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, सदस्या बहन शकुंतला देवी एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस समूह खेलकूद प्रतियोगिता में शिशु वर्ग, बाल वर्ग में कबड्डी और किशोर वर्ग में खो खो के लिए संकुल के चार विद्यालयों यथा सिंगही, महाराजहता, गढ़हनी एवं उद्वंतनगर के भइया बहनों ने प्रतिभागिता की। जिला स्तर के



चार मान्यता प्राप्त निर्णायकों द्वारा समस्त मुकाबले का सफल संचालन किया गया।

इस अवसर पर प्रबन्ध समिति की बहन सुनीता सिंह जी, संजय कुमार सिंह जी, कोषाध्यक्ष श्री सोमेश्वर सिंह जी, जिला समिति के संयोजक श्री देवानंद उपाध्याय जी आदि गणमान्य लोगों की उपस्तिथि रही। प्रतियोगिता के समापन समारोह में प्रथम स्थान पर रहने वाली टीम सिंगही, द्वितीय स्थान पर उद्वंत नगर एवं तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम गढ़हनी के सभी प्रतिभागियों को माननीय जिला खेल पदाधिकारी, माननीय विभाग संघ चालक जी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों/ अतिथियों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र से पुरस्कृत किया गया। जिला खेल पदाधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागी भैया बहनों को खेल की बारीकियों के विषय में बताया गया और भविष्य में सरकार के स्तर पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया।

माननीय विभाग संघ चालक जी ने सभी भैया बहनों के सर्वांगीण विकास में खेल कूद की आवश्यकता पर बल दिया। समापन समारोह के पश्चात सभी बच्चों एवं उपस्थित समस्त जनों ने साथ साथ सुस्वादु भोजन का भी आनंद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्थानीय समाज की भी उत्साहजनक उपस्थिति रही। समस्त व्यवस्था का कुशल संचालन संकुल के खेल संयोजक आचार्य वीरेंद्र कुमार पांडेय ने किया। विद्यालय के सभी आचार्य, आचार्या एवं कर्मचारी बंधु भगिनी ने अपने शत प्रतिशत योगदान से कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित किया।

# आरजीएन स्कूल के बच्चे जिले में परचम लहराया

प्रात : किरण संवाददाता

गया। बड़की बाग शेरघाटी तथा किशोरी मोहन काम्प्लेक्स स्थित आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल के दोनो शाखाओ के विद्यार्थियों ने एक बार पुनः सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के 10 वीं में दीपक यादव पिता नन्दलाल यादव ने 96.40 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का टॉपर बना। दिपक ने ना केवल अपने माता पिता और शिक्षको बल्कि पूरे गया जिले का नाम रौशन किया। दीपक यादव एक बहुत ही मध्यम वर्ग से है जिनके पिता एक साधारण किसान एवं मां गृहिणी है। अनमोल गुप्ता पिता प्रभात गुप्ता 94 % प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा रौशन कुमार पिता सुनील कुमार 93.7% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। आशीष कुमार 92.6%, सोनू कुमार 92% भीम राज 91.4%, शिवम लाल 90.2%, वंदना मेहरा 90%, शुभरंजन कुमार 91% , अयाज खान 90% प्राप्त कर अपने अभिभावक व विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है ।विद्यालय के निदेशक श्री संजय कुमार ने बताया की सत्र 2023-24 में कुल 198 विद्यार्थियो ने बोर्ड की परीक्षा दी जिसका परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस विद्यालय के 31 छात्र छात्राओं ने 90% से अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम एक बार पुनः पूरे जिले में रौशन किया है। इसके साथ ही नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 51 बच्चों ने 80% से अधिक, 67 बच्चों ने 70% से अधिक अंक प्राप्त किये।




विद्यालय का पास प्रतिशत 100% रहा है। 10 वीं के बोर्ड परिणाम पर हर्ष व्यक्त करते हुए निदेशक संजय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों - बच्चियों एवं उनके अभिभावकों को ढेर सरी शुभकामनाये दी है और विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान करने के लिये उन अभिभावकों का आभार प्रकट किया है।

निदेशक संजय कुमार ने बच्चों को यह संदेश दिया की जीवन में सफल होना एक अच्छा छात्र होने के जैसा सरल है। आपको प्ररिश्रम ,उत्साह, और दृढ़ विश्वास बनाए रखना है यही सफलता का मूलमंत्र है तभी आप सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकते हैं। संजय कुमार ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं के साथ हीं सभी अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई दी है।

अभिभावकगण एवं बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के निदेशक संजय कुमार, उपनिदेशक ई. संजीव कुमार, प्राचार्य, उपप्राचार्य तथा कुशल शिक्षको को दिया है। विद्यालय के अभिभावकों ने बताया की निदेशक संजय कुमार की 38 वर्षो का अनुभव है जिससे वो बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हे एक सफल, संस्कारयुक्त तथा उज्जव्वल भविष्य देते है। आर. जी. एन. पब्लिक स्कूल निरंतर 38 वर्षो से बच्चों को संस्कार, संस्कृति व जीवनोपयोगी शिक्षा प्रदान कर रही है साथ ही कई वर्षो से इस विद्यालय के छात्र छात्राओं का गया जिले में सर्वश्रेष्ट प्रदर्शन रहा है।

# काराकाट बीडीओ के नेतृत्व में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट(रोहतास)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रोहतास जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश पर काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करूप बाजार व गांव के हर गली और हर घर में बुधवार को बीडीओ राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।जिसमें प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी रेणुका कुमारी,प्रखंड कृषि पदाधिकारी संजय शर्मा,पीओ राजेश कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अनुज कुमार, श्रम परावर्तन पदाधिकारी देवाशिष सिंह,प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी राज कुमार, प्रखंड बीपीएम जीविका आशा कुमारी, प्रखंड अंकेक्षक अंजू कुमारी,बीटीएम अजीत सिंह सहित प्रखंड के सभी कर्मियों ने भाग



लिया । रैली के दौरान पदाधिकारी ने मतदाताओं को निमंत्रण पत्र देकर लोकसभा चुनाव के लिए एक जून को मतदान करने के लिए प्रेरित किया । रैली में शामिल कर्मी पहले मतदान फिर जलपान का नारा लगा रहे थे । अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया और कहा कि किसी के प्रलोभन व धमकी या दबाव में आकर मतदान नहीं करना है। अगर कोई ऐसा करता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को तत्काल दें, वैसे लोगों पर तुरंत कार्रवाई होगी । बीडीओ ने कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें । बीडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि करूप बाजार से होते हुए करूप गांव के प्रत्येक घरों में जाकर मतदान के लिए जागरूक किया गया । वही सभी घरों के मुख्य द्वार पर मतदान जागरूकता स्टीकर भी चपकाया गया । मौके पर कृषि समन्वयक ककलेश कुमार ,एलएस मीना,बाली कुमारी, पंचायत सचिव सौरभ कुमार, मनोज कुमार(कचहरी सचिव),अनिल कुमार पासवान (शिक्षक), किशू कुमार,आवास सहायक साजिद हुसैन,किसान सलाहकार मृत्युंजय, जैनेन्द्र, अखिलेश, प्रकाश सहित जीविका सीसी ज्योति कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, आशा,जीविका दीदी, विकास मित्र व कर्मी शामिल थे ।

# डॉ दीपशिखा पांडेय द्वारा संपादित पुस्तक मिलेट्स फॉर हेल्थ एंड वैलनेस का हुआ लोकार्पण

प्रात : किरण संवाददाता

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर गृह विज्ञान विभाग में अलंकरण समारोह में बुधवार को गृह विज्ञान विभाग की विभागध्यक्षा डॉ दीपशिखा पांडेय द्वारा संपादित पुस्तक "मिलेट्स फॉर हेल्थ एंड वैलनेस" का लोकार्पण किया गया है। यह पुस्तक अंग्रेजी में प्रकाशित की गई है,जिसमें मोटे अनाज एवं उसके पोषक तत्व का संकलन है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष सह सोशल साइंस के संकायाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार, विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब ऑफ गया सिटी की अध्यक्षा राखी भदानी एवं राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला मंत्री वीणा गिरी के द्वारा संयुक्त रूप से लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अश्वनी कुमार ने डॉ दीपशिखा के द्वारा संपादित पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि यह पुस्तक पीएचडी शोधार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा,जो मील का पत्थर साबित होगा ।वही डॉ दीपशिखा ने बताया कि यूनाइटेड नेशंस के द्वारा वर्ष- 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स वर्ष घोषित किया गया था, इसके अंतर्गत 11 अगस्त 2023 को मगध विश्वविद्यालय में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई थी। जिसमें विभाग के शोधार्थी छात्रों ने हिस्सा लिया था। पुस्तक में मोटे अनाज के फायदे एवं पोषक तत्व के रूप में मोटे अनाज की भूमिका जैसे कई विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। पुस्तक में डॉ किशोर कुमार, डॉ स्मिता कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ सुषमा कुमारी, अर्चना श्रीवास्तव,मीनू कुमारी,भावना कुमारी, रीना कुमारी, और प्रियंका कुमारी, अनुभव सिन्हा, रंजना सिन्हा,रेखा कुमारी, अनुराधा ओझा,ज्योति कुमारी, प्रीति मिश्रा पूर्णिमा कुमारी, डॉ रीना रानी कुंदन, डॉ मनीषा सिन्हा समेत शोधार्थियों के 19 आलेख संकलित है। इस अवसर पर विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ स्मिता कुमारी, डॉ सुषमा कुमारी सहित बड़ी संख्या में विभाग की छात्राएं उपस्थित थी।

# 15 वर्षीय किशोर के ऊपर मकान का छज्जा गिरने से हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर। भभुआ प्रखंड के रतवार पंचायत के किशुनपुरा गांव में 15 वर्षीय किशोर के छत पर गिरा मकान का छज्जा हुई मौत सुचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि भभुआ प्रखंड के रतवार पंचायत की किशुनपूरा गांव के गुड्डू



राम का 15 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार अपने घर के बाहर खटिया लगा कर बैठा हुआ था तभी छत का छज्जा उसके शरीर पर जा गिरा जहां वह बुरी तरह लोहूँलोहान हो गया गांव के ग्रामीण आनन फानन में उसको लेकर मोहनिया हॉस्पिटल में पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया शिवम कुमार काफी मिलनसार प्रवृत्ति का बच्चा था गांव में सभी से का लगाव रहता था उसके चले जाने से पिता गुड्डू राम उनकी पत्नी पूरा परिवार सदमे मे है चार बच्चों मे सबसे छोटा शिवम था जिससे परिवार का काफी दुलार प्यार मिलता था पुत्र के चलो जल्दी से मन बार-बार बेहोश हो जा रही है। गांव की महिलाओं ने समझा बुझा कर शांत कर रही है लेकिन बेटे के चीले चले जाने से बार-बार अचेत हो जा रही है। काफी गरीब परिवार से हैं गुड्डू राम मजदूरी कर करते थे अपने परिवार का भरण पोषण भभुआ जिला परिषद सदस्य ने आर्थिक सहयोग करते हुए किशोर के अंतिम संस्कार की व्यवस्था की शोक संवेदना व्यक्त करते हुए इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ा रहे ।

# AC मैकेनिक की प्रेमिका के घर बेरहमी से हत्या, इलाके में मची सनसनी

आरा के टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले में बीती रात घर से काम पर एक युवक की प्रेमिका के घर पर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी फैल गयी है। वहीं, मृतक के परिजनों द्वारा प्रेमिका और उसकी मां पर फांसी लगा कर हत्या करने का आरोप लगाया है ।जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ला निवासी मो. नौशाद का 22 वर्षीय पुत्र मो. शादाब है। वह पेशे से एसी मैकेनिक था और वह इधर-उधर जाकर काम करता था। इधर, मृतक के भाई मो. इरशाद ने बताया कि वह इधर-उधर जाकर एसी सर्विसिंग का काम करता था और शाम को रौजा मोहल्ला स्थित ऑफिस आकर रोज हिसाब करता था। उसके ऑफिस के ठीक बगल में एक घर है, जिसमें एक लड़की रहती है और उस लड़की से उसका प्रेम-प्रसंग था।

# बिहार ने वैश्य परिवार का एक राष्ट्रीय नेता को खो दिया : राजू बर्नवाल

गया जिला जनता दल यूनाइटेड के महानगर जिला अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद ऊर्फ राजू वर्णवाल ने बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सह बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे सुशील कुमार मोदी के निधन पर बुधवार को जी.बी. रोड स्थित जदयू महानगर कार्यालय में एनडीए के सभी साथियों सहित जिला महानगर अध्यक्ष जदयू गया बिहार राजू बरनवाल ने सुशील कुमार मोदी के तैलिय चित्र पर माला व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भगवान विष्णु से प्रार्थना कर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्री चरणों में स्थान दें साथ ही सभी साथियों के साथ 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बरनवाल ने अपनी गहरी शोक संवेदना प्रगट करते हुए कहा कि सुशील मोदी के निधन से बिहार के समस्त वैश्य परिवार सहित सम्पूर्ण बिहारवासी मर्माहत है। बिहार ने वैश्य परिवार का एक राष्ट्रीय नेता को खो दिया है जिसका निकट भविष्य में भरपाई संभव नहीं है। मोदी ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पार्टी संगठन का जमीनी स्तर पर विस्तार कर पार्टी को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था तथा समता पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड के साथ भारतीय जनता पार्टी को गठजोड़ कराकर मुख्यमंत्री नितीश कुमार के मुख्यमंत्री और स्वयं उप मुख्यमंत्री की भुमिका में बिहार सरकार को एनडीए के तत्वाधान में लंबे अरसे तक चलाने और बिहार को सभी क्षेत्रों में प्रगति व विकास की ओर ले जाने में मुख्यमंत्री को किए गए सहयोग और अपनी सादगी और मिलनसार स्वभाव हेतु , जीवन पर्यंत बिहारवासियों के दिलो में याद किए जायेंगे।

# बिजली करंट से बच्ची की हुई मौत मामले में जिप सदस्य लल्लू पटेल ने मुआवजे को लेकर किया मांग

कैमूर। भभुआ प्रखंड के रतवार पंचायत के मीठापुर गांव में बिजली करंट से बच्ची की हुई मौत मामले में जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने मुआवजे को लेकर मांग किया है। उन्होंने बताया कि भभुआ प्रखंड के मीठापुर गांव निवासी रंजन बिंद की 4 वर्षीय पुत्री नीलम कुमारी



अपने घर के बाहर खेल रही थी। कुछ दूरी पर बिना कवर के बिजली का तार था जिसके संपर्क में आने से उसकी मौत हो गई। पुलिस को सूचना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लगाया गया। जहां मौके पर पहुंचकर जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल द्वारा उनकी उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जहां जिला प्रशासन से मुआवजा दिलाने को लेकर मांग भी किया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, गुरुवार, 16 मई, 2024





# शुरू हो रही एक नई लव स्टोरी, नव्या को छोड़ मृणाल संग वक्त बिताते दिखे सिद्धांत



सिनेमा की दुनिया में चट डेटिंग और पट ब्रेकअप जैसे किस्से आए दिन देखे जाते हैं। फिर, किसी नई प्रेम कहानी का जन्म होता है। खबरें वायरल होती हैं। इन दिनों इंडस्ट्री में ऐसे ही दो सितारों की प्रेम कहानी की खबरें सामने आ रही हैं। ये स्टार्स हैं- मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी। यह लव स्टोरी ऐसे समय शुरू हुई है, जब दोनों सितारों के साथ में फिल्म करने की चर्चा है। खैर, हाल ही में सिद्धांत और मृणाल को डिनर डेट पर साथ देखा गया। इस दौरान, दोनों एक-दूसरे से गले मिलते और हाथ थामे नजर आए।

सिद्धांत चतुर्वेदी का नाम इससे पहले अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नवेली नंदा से जुड़ चुका है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गाय। अब दोनों के बीच दूरियों की खबर आ रही हैं। वहीं, दावा किया जा रहा है कि सिद्धांत की नजदीकियां मृणाल के साथ बढ़ गई हैं। बीती रात दोनों को साथ देखा गया। इसके बाद दोनों के रिलेशनशिप के कयास लगने शुरू हो गए हैं। सामने आई तस्वीरों और वीडियो में दोनों को एक-दूजे को गले लगाए देखा जा सकता है। सिद्धांत चतुर्वेदी काफी लंबे वक्त से अपनी फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म अभी तक न तो रिलीज हुई है, न इसकी रिलीज तारीख का पता है। रवि उद्यवार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मालविका मोहनन भी लीड रोल में हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले यह फिल्म प्रोड्यूस हो रही है। फिल्म का एलान 2021 में किया गया था और इसे वर्ष 2022 में रिलीज करने की तैयारी थी। हालांकि, ऐसा नहीं हो सका। मृणाल ठाकुर की बीती रिलीज फिल्म फैमिली स्टार कमाल नहीं दिखा सकी। मृणाल और विजय देवरकोंडा अभिनीत यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। सिद्धांत चतुर्वेदी को जहां करियर की थम चुकी गाड़ी को आगे बढ़ाने की दरकार है। वहीं, मृणाल की नजर भी अपनी अगली फिल्म पर है। दिलचस्प बात यह है कि दोनों सितारों की अगली फिल्म साथ में है। सिद्धांत और मृणाल ठाकुर संजय लीला भंसाली की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि, अभी इस फिल्म का आधिकारिक एलान नहीं हुआ है।



# हम लड़कियों के लिए चुनौतियां ही चुनौतियां हैं, कोई भाव ही नहीं देता

एक्ट्रेस अलाया एफ ने अपनी पहली ही फिल्म से अलग रास्ता अख्तियार किया। जवानी जानेमन से शुरुआत करने वालीं अलाया एफ फ्रेडी, ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत और बड़े मियां छोटे मियां जैसी फिल्मों के बाद वह अब फिल्म श्रीकांत को लेकर चर्चा में हैं। दृष्टिबाधित भारतीय बिजनेसमैन श्रीकांत बोला की जिंदगी पर बनी इस फिल्म में राजकुमार राव लीड रोल में हैं। फिल्म में अलाया एफ का भी अहम होल है। अलाया एफ इसमें राजकुमार राव की हीरोइन बनी हैं। हाल ही उन्होंने हमसे खास बातचीत में श्रीकांत से लेकर अपने करियर और महिलाओं के लिए चुनौतियों व अन्य चीजों के बारे में खुलकर बात की।

**फिल्में हों या असल जिंदगी, आप एक आत्मनिर्भर और मजबूत लड़की का प्रतिनिधत्व करती हैं, मगर आपको लड़कियों को लेकर सबसे ज्यादा कौन-सी बात चुनौतीपूर्ण लगती है?**

मैं क्या कहूं? हम लड़कियों को लेकर तो बस चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। आपने कभी यह बात नोटिस की है कि आपके फोन पर जब भी किसी कंपनी से मेसेज आता है, तो उस पर लिखा होता है, डियर सर, हर चीज डियर सर से शुरू होती है। डियर मैडम से नहीं। लोगों को लगता है मर्द फैसले ले सकते हैं, औरतें नहीं। आप जब एक रेस्टॉरेंट के अंदर भी आते हैं, तो पहले, गुड आफ्टरनून सर कह कर मर्द का अभिवादन क्या जाता है। जैसे मैम यानी हम तो हैं ही नहीं।

**आप इतनी यंग हैं और चर्चित भी, प्यार-रोमांस के फ्रंट पर क्या हो रहा है?**


ईमानदारी से कहूं, तो अगर आपकी नजर में कोई योग्य लड़का हो, तो मुझे बताइए, क्योंकि सारे अच्छे लड़के पता नहीं कहां चले गए हैं? मैं मानती हूं कि लड़को को लेकर मेरी अपेक्षाएं भी काफी ऊंची हैं। मैं बहुत स्ट्रॉन्ग हूं, रिलेशनशिप को लेकर सिक्योर हूं। मैं रिलेशनशिप में इनसिक्योरिटी या जेलेसी नहीं रखती। सामने वाले को टेंशन नहीं देती। मैं ज्यादा डिमांडिंग नहीं हूं, तो एक तरह से अच्छी गर्लफ्रेंड मटीरियल हूं, तो मुझे टाइमपास वाले रिलेशन में नहीं रहना। मैं दिल टूटने वाले दौर से भी गुजरी हूं और इस तरह के एक्सपीरियंस से बहुत कुछ सीखने को भी मिलता है।

**यंग एक्ट्रेस होने के बावजूद आप हमेशा अलग राह के रोल चुनती हैं। श्रीकांत में आपके लिए क्या खास था?**

एक एक्ट्रेस के रूप में अलग-अलग भूमिकाएं करने में ही मजा है। श्रीकांत के दौरान जब मैं तुषार सर (फिल्म के निर्देशक तुषार हीरानंदानी) से मिली थी, तब उन्होंने मुझे श्रीकांत की जिंदगी की कहानी सुनाई थी और जब मैंने ये कहानी सुनी, तो मैं बहुत प्रभावित हुई। मैंने उनसे कहा कि मैं श्रीकांत की इस बायोपिक में स्वाति का रोल करना चाहूंगी। हालांकि मुझे इस रोल में कुछ खास करना नहीं था। वह श्रीकांत की सपोर्ट सिस्टम है। वह श्रीकांत के लिए मोरल कंपास (उसकी नैतिकता) है। उसे सही-गलत का पैमाना बताती रहती है।

**आप तब्बू, सैफ अली खान, कार्तिक आर्यन जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुकी हैं, राजकुमार राव आपके लिए किस तरह से अलग साबित हुए?**

राज इतने प्रतिभावान और स्थापित कलाकार हैं, इसके बावजूद वे सेट पर पूरी तैयारी के साथ आते हैं। वह बेहद गिविंग एक्टर हैं। वह अपने साथी कलाकार के प्रति काफी सहयोगी रहते हैं। राज जैसे ही आंखों में लेंस पहनते वह एकदम श्रीकांत बन जाते थे। मैं जब पहली बार सेट पर आई और मैंने राज को श्रीकांत के रूप में देखा, तो मैं बहुत हैरान हो गई थी, क्योंकि मैं तब तक असली श्री से मिल चुकी थी। राज ने श्रीकांत के हर मैनरिज्म को बहुत खूबसूरती से अपनाया है।



# भाई अनिल कपूर से कंपेरिजन पर बोले संजय कपूर

बॉलीवुड एक्टर संजय कपूर ने अपने दोनों भाइयों अनिल कपूर और बोनी कपूर के साथ बॉन्डिंग पर बात की है। उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने भाइयों के साथ कॉम्पिटिशन के बारे में भी अपनी राय रखी। संजय ने कबूला कि लोग हमेशा उन्हें भाई अनिल कपूर से कम सफल साबित करने पर तुले रहते हैं। संजय ने अनिल कपूर के साथ अपने कॉम्पिटिशन के बारे में कहा, मैं ये नहीं कहूंगा कि कॉम्पिटिशन नहीं है। मैं भी ये बात मानता हूं कि अनिल मुझसे ज्यादा सक्सेसफुल हैं लेकिन मैं खुद को उनसे ज्यादा खुश मानता हूं। मैं हमेशा मानता हूं भगवान मुझ पर मेहरबान रहे हैं। भले ही मैंने उनसे कम अचीव किया है लेकिन मुझे लगता है कि मैं ज्यादा खुश हूं। मैं हमेशा अच्छे मूड में होता हूं। मैं नहीं कह रहा कि अनिल दुखी रहते हैं लेकिन मैं कई मायनों में उनसे ज्यादा सुखी हूं।

## अनिल और बोनी के साथ बॉन्डिंग पर बोले संजय

संजय ने दोनों भाइयों अनिल और बोनी कपूर के साथ अपने संबंधों के बारे में बात करते हुए कहा, हम साथ रहे हैं, हम दो बेडरूम हॉल वाले घर में साथ रहे हैं, जब हमने शुरुआत की थी। हमारा परिवार एक-दूसरे के काफी क्लोज है। बेशक फिर आपके अपने बच्चे हो जाते हैं और कई चीजें होती हैं। कई बार ऐसे मौके आए जब मैं अनिल और बोनी से एक या दो महीने तक नहीं मिला लेकिन हम एक-दूसरे की इज्जत करते हैं, एक-दूसरे को प्यार करते हैं। भाइयों के साथ कॉम्पिटिशन की बातों से हमारे बीच कभी कोई अनबन नहीं होती है।

## संजय को फिल्मों में नहीं मिली सक्सेस


58 साल के संजय फिल्म प्रोड्यूसर सुरिंदर कपूर के बेटे हैं। बोनी और अनिल कपूर उनके बड़े भाई हैं। संजय ने 1995 में फिल्म प्रेम से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने औजार, राजा और सिर्फ तुम जैसी फिल्मों में काम किया लेकिन बॉलीवुड में उनका करियर कोई खास मुकाम तक नहीं पहुंच सका। संजय ओटीटी का रुख कर चुके हैं।

# फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार से सम्मानित हुईं शबाना आजमी



मशहूर अभिनेत्री शबाना आजमी को भारतीय सिनेमा में उनके शानदार योगदान और महिला अधिकारों के प्रचारक के रूप में फ्रीडम आफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अभिनेत्री वार्षिक यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सिनेमा में अपने 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए लंदन में थीं। इस दौरान एक समारोह में उन्होंने सम्मान प्राप्त किया। यह पुरस्कार जीवन में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जाता है। शबाना आजमी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कार और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्होंने लंदन में इस सम्मान को ग्रहण करने के बाद कहा, मैं फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा और सक्रियता की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा, मैं इस मान्यता के लिए आभारी हूं और हमेशा सकारात्मक बदलाव की वकालत करने के लिए अपनी आवाज और मंच का इस्तेमाल करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

# वेट्टैयन के बाद कुली की शूटिंग करने के लिए तैयार रजनीकांत



सुपरस्टार रजनीकांत ने बीते दिन वेट्टैयन की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी निर्माताओं ने फिल्म के सेट से तस्वीर साझा करते हुए दी थी। वहीं अब अभिनेता की अगली बहुप्रतीक्षित फिल्म कुली को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। निर्देशक लोकेश कनगराज कुली के जरिए रजनीकांत के साथ काम कर रहे हैं। अब फिल्म की शूटिंग को लेकर जानकारी सामने आई है। फिल्म के रोमांचक घोषणा वीडियो ने इंटरनेट पर धूम मचा दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कुली के लिए मुख्य फोटोग्राफी और शूटिंग 6 जून, 2024 को शुरू होने वाली है। इस वजह से रजनीकांत फिल्म के सेट पर कदम रखने से पहले तीन सप्ताह का अंतराल लेने के लिए तैयार हैं। छोटे से ब्रेक के बाद वे फिर कैमरे के सामने आएंगे। हाल ही में एक साक्षात्कार में निर्देशक लोकेश कनगराज ने खुलासा किया कि फिल्म में मजबूत महिला किरदार होंगे। खबरें हैं कि श्रुति हासन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि वे फिल्म में अभिनेता की बेटी के रूप में नजर आ सकती हैं। साथ ही कहा गया है कि अन्य बड़े कलाकारों को भी जल्द ही कास्ट किया जाएगा।



# हॉलीवुड सीरीज 'ड्यून - प्रोफेसी' का हिस्सा बनीं तब्बू

**तब्बू हॉलीवुड की फेमस सीरीज 'ड्यून - प्रोफेसी' में नजर आने वाली हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तब्बू इसमें सिस्टर फ्रांसेस्का के किरदार में नजर आएंगी।**

यह एक साइंस फिक्शन सीरीज है। यह सीरीज ब्रायन हर्बर्ट और केविन जे. एंडरसन द्वारा लिखी गई कहानी सिस्टरहुड ऑफ ड्यून से इंस्पायर्ड है। 'ड्यून- प्रोफेसी' सीरीज की शुरुआत साल 2019 में हुई थी। बता दें, पहले इस सीरीज का नाम ड्यून- द सिस्टरहुड था। ड्यून - प्रोफेसी दो हरकोनेन बहनों की कहानी है, जो मानव जाति के भविष्य को खतरे में डालने वाली ताकतों से लड़ती हैं, और एक कम्युनिटी की स्थापना करती हैं, जिसे बेने गेसेरिट के नाम से जाना जाएगा। तब्बू इस सीरीज में एमिली वॉटसन, ओलिविया विलियम्स, ट्रैविस फिमेल, जोहदी मे, मार्क स्ट्रॉन्ग, सारा-सोफी बौस्नीना, जोश ह्यूस्टन, क्लो ली, जेड अनौका, फोओलीन कनिंघम, एडवर्ड डेविस, एओइफ हिंड्स, क्रिस मेसन, और शालोम ब्रुने-फ्रैंकलिन जैसे एक्टर्स के साथ नजर आएंगी।

सोशल मीडिया यूजर्स का रिएक्शन सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा ये इंडिया के लिए सबसे अच्छी खबर है। तब्बू इस किरदार को बहुत अच्छी तरह से निभाएंगी। वहीं एक और यूजर ने लिखा कि इससे अच्छी खबर हो ही नहीं सकती है। यूजर्स सोशल मीडिया पर तब्बू के लिए बेहद खुश हैं, सभी उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट के लिए उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# बढ़ती उम्र को अपनाओ, इसमें शर्मिंदगी कैसी

टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने बढ़ती उम्र को अपनाने के बारे में बात की और साझा किया कि इसको लेकर शर्मिंदगी की कोई आवश्यकता नहीं है। निया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कैमरन डियाज और ड्रू बैरीमोर की एक पोस्ट शेयर की। एक्ट्रेस ने पोस्ट को कैप्शन के साथ साझा किया और लिखा, हम क्यों चौंक जाते हैं, जब मशहूर हस्तियां अपनी झुर्रियों वाली फोटो शेयर करती हैं। आखिर बढ़ती उम्र को दिखाने में शर्मिंदगी कैसी? निया ने बढ़ती उम्र को अपनाने के बारे में अपनी दो बातें साझा कीं, क्योंकि यह आप हैं। उन्होंने आगे कहा, फिलर्स ऑप्शन होना चाहिए, न कि आपके डेली प्रोटीन की तरह आवश्यकता...आप बहुत खूबसूरत हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो, निया अपकमिंग सुपरनेचुरल शो सुहागन चुड़ैल में एक नेगेटिव किरदार निभाएंगी। कलाकारों में जैन इबाद खान, सचिन खुराना, सुभलक्ष्मी दास और अराधना शर्मा जैसे नाम भी शामिल हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### प्लेऑफ में भी लय कायम रखेगी केकेआर- फिल साल्ट



**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट ने उम्मीद जताई है कि लीग चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली उनकी टीम इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में भी यह लय कायम रखेगी। दो बार की चैम्पियन केकेआर इस समय शीर्ष पर है। साल्ट ने केकेआर के नाइट्स डगआउट पॉडकास्ट में कहा, 'यह मैच दर मैच रणनीति बनाने की बात है। हम इस समय लय में है। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने कहा, 'हमारे लिए यह सत्र काफी सफल रहा है। हम ट्रॉफी जीतने आए हैं और उम्मीद है कि इस मकसद में कामयाब होंगे। दस साल बाद आईपीएल खेल रहे स्टार्क ने कहा, 'मैं लंबे समय बाद खेल रहा हूं। मुझे 2018 में केकेआर के लिए खेलना था लेकिन मैं चोटिल हो गया। अब वापसी करके अच्छा लग रहा है।

### सात्विक-चिराग थाईलैंड ओपन के दूसरे दौर में पहुंची




**बैंकॉक (एजेंसी)।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और तान वी कियोंग को हराकर पुरूष युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 34 मिनट में 21.13, 21.13 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के शि हाओ नान और जेंग वेइ हान से होगा। महिला एकल में अष्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरूमी त्रि वार्दोयो को 19.21, 21.15, 21.14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान युइ से होगा । युइ ने भारत की मालविका बंसोड़ को 21.11, 21.10 से हराया।

### गांगुली ने किया पंत का समर्थन

- **कोई भी पहले दिन से महान कप्तान नहीं होता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत एक बेहतरीन कप्तान है और समय तथा अनुभव के साथ उसकी कप्तानी में निखार आएगा। दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे के शिकार हुए पंत ने आईपीएल के इसी सत्र से मैदान पर वापसी की है।

## रोहित शर्मा ने कहा

# कप्तानी पर्सनल रिकॉर्ड से ऊपर, कुछ साल और खेलूंगा



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले एक विदेशी यूट्यूब चैनल को इंटरव्यू दिया है। दुबई आई 103.8 नाम के यूट्यूब चैनल पर 21 मिनट 34 सेकंड के इस वीडियो में रोहित ने दिल खोलकर बातचीत की। तीनों होस्ट के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। इस लाइव ब्रॉडकास्ट पर 37 साल के रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट करियर, भारतीय क्रिकेट की कप्तानी जैसे चैलेंजिंग टॉपिक पर बातचीत की।

### अभी कुछ साल और खेलना चाहता हूं

रोहित शर्मा ने कहा, भारत के लिए 17 साल का सफर शानदार रहा है और उम्मीद है कि मैं अभी भी कुछ और साल खेलूंगा और विश्व क्रिकेट पर प्रभाव डालूंगा मैंने अपने जीवन में चढ़ाव से ज्यादा उतार देखे हैं और आज मैं जो भी इंसान हूं, वह अतीत में जो मैंने उतार-चढ़ाव देखा है, उसकी वजह से हूं। रोहित शर्मा भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। 2007 में अपने डेब्यू लेकर अब तक उन्होंने साल दर साल खुद को निखारते हुए यहां तक का सफर तय किया है। बड़े-बड़े छक्के लगाने और लंबी पारी खेलने की उनकी क्षमता उन्हें अनोखा बल्लेबाज बनाती है।

### डेल स्टेन के वीडियो 100 बार देखे

रोहित शर्मा ने साउथ अफ्रीका की पिचों को वर्ल्ड में सबसे चैलेंजिंग बताया। बकौल रोहित साउथ अफ्रीका के हर मैदान में आपको अलग-अलग टेस्ट देना पड़ता है। दक्षिण अफ्रीका एक कठिन और चुनौतीपूर्ण जगह है। यहां तेज और उछालभरी पिच बहुत कुछ करती है। मजेदार खुलासा करते हुए रोहित कहते हैं, बल्लेबाजी करने जाने से पहले मैंने डेल स्टेन के वीडियो 100 बार देखे थे। वह एक लीजेंड हैं और उन्होंने जो हासिल किया है वह शानदार है, उनके खिलाफ खेलना अच्छा था, ऐसा नहीं है कि मुझे उनके खिलाफ बड़ी सफलता मिली थी, लेकिन मैंने अपनी लड़ाई का आनंद लिया।

### पर्सनल रिकॉर्ड से ऊपर है कप्तानी

विराट कोहली का उत्तराधिकारी बनना एक चैलेंजिंग टास्क था, इस सवाल के जवाब में रोहित शर्मा कहते हैं, भारत की कप्तानी करना मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यहां तक पहुंचूंगा और एक दिन टीम की कप्तानी करूंगा। अच्छी चीजें अच्छे लोगों के साथ होती है। जब मैंने टीम की कप्तानी संभाली तो तो मैं एक ही दिशा में आगे बढ़ना चाहता था। एक टीम स्पोर्ट्स गेम इसी तरह खेला जाना चाहिए। इसका पर्सनल माइलस्टोन, पर्सनल रिकॉर्ड से कोई लेना-देना नहीं है। 11 खिलाड़ी मिलकर खेले और ट्रॉफी जीते यही उद्देश्य होना चाहिए।

### मेरे घर में पत्थर नहीं फेंक सकते

रोहित शर्मा की माने तो भारत में क्रिकेट कुछ अलग है और यह यूरोप में फुटबॉल की तरह ही है, शायद यहां भारत में उससे 10 गुना ज्यादा बड़ा। एक सवाल के जवाब में रोहित शर्मा कहते हैं, जब चीजें आपके अनुकूल होती हैं और आप अच्छे होते हैं तो लोग आपको भगवान की तरह दिखने लगते हैं, लेकिन अगर चीजें आपके अनुकूल नहीं होती हैं, तो आपकी परेशानियां बढ़ जाती है। पूर्व क्रिकेटर्स के घर में पत्थरबाजी हो चुकी है, लेकिन मेरे साथ नहीं हुई क्योंकि मैं हाईराइज बिल्डिंग में रहता हूं (हंसते हुए)।

## नेशनल एथलेटिक्स फेडरेशन कप

# टोक्यो ओलिंपिक के बाद पहली बार शामिल होंगे नीरज, शॉटपुट में तूर, लॉन्ग जंप में जेस्विन एल्ड्रिन



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ओडिशा के कलिंगा स्टेडियम में चल रहे नेशनल एथलेटिक्स फेडरेशन कप में बुधवार को जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा फाइनल में उतरे। उनके साथ पेरिस ओलिंपिक का कोटा हासिल कर चुके थ्रोअर किशोर जेना भी होंगे। चोपड़ा 2021 टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीतने के बाद पहली बार नेशनल चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। नीरज और जेना डायरेक्ट फाइनल में हिस्सा लेंगे। बुधवार को जेवलिन के फाइनल में मंगलवार को 75 मीटर से ज्यादा फेंकने वाले सभी थ्रोअर्स को मौका मिलेगा।

### पोलवॉल्ट में रोजी मीना ने जीता गोल्ड

पोलवॉल्ट में रोजी मीना ने 4.05 मीटर के साथ गोल्ड जीता। रोसी 4.21 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गई, जो उन्होंने पिछले साल खुद बनाया था। तमिलनाडु की बारानिका इलांगोवेन ने सिल्वर और केरल की मारिया जैसन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### तेजिंदर पाल सिंह- और जेस्विन एल्ड्रिन ने जीता गोल्ड

एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट शॉटपुटर तेजिंदर पाल सिंह तूर और लॉन्ग जंपर जेस्विन एल्ड्रिन ने मंगलवार को अपने-अपने इवेंट में गोल्ड मेडल जीते, लेकिन दोनों ही पेरिस ओलिंपिक का क्वालिफाइंग मार्क नहीं छू सके। शॉटपुट में तूर ने 20.38 मीटर के साथ गोल्ड जीता। पर वह पेरिस ओलिंपिक के क्वालिफाइंग मार्क 21.50 मीटर से पीछे रह गए। तूर का श्रेष्ठ थ्रो 21.77 मीटर का रहा है। मध्य प्रदेश के समरदीप सिंह (18.93) ने सिल्वर और यूपी के आर्यन त्यागी (18.07) ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं लॉन्ग जंप में एल्ड्रिन ने 7.99 मीटर की छलांग के साथ गोल्ड जीता। केरल के मोहम्मद अनीस ने 7.83 के साथ सिल्वर और मध्य प्रदेश के आदित्य कुमार सिंह ने 7.81 मीटर के साथ ब्रॉन्ज जीता।

# सचिन के बेटे अर्जुन तेंदुलकर ही नहीं, इन 4 प्लेयर्स के करियर के साथ भी हार्दिक पंड्या खेल गए!



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल 2023 में न जसप्रीत बुमराह थे, न हार्दिक पंड्या, बावजूद इसके मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में पहुंची थी। उस सीजन जिन प्लेयर्स को परफॉर्म करते देखा गया था और उन्हें खुद भी उम्मीद थी कि अगर मौका मिला तो वह आईपीएल के रास्ते हार्दिक पंड्या की तरह नेशनल टीम में एंट्री के दावेदार बनेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। हार्दिक पंड्या ने उन्हें प्लेइंग-11 में मौका ही नहीं दिया। कहते हैं कप्तान वही सबसे बेहतर होता है, जिसे पता हो कि उसका कौन-सा खिलाड़ी क्या करने में सक्षम है। शायद इसलिए ही महेंद्र सिंह धोनी को महान कप्तान कहते हैं तो रोहित शर्मा 5 बार आईपीएल ट्रॉफी जीतने में सफल रहे। रोहित की कप्तानी में आईपीएल में डेब्यू करने वाले प्लेयर्स दूसरी टीमों के मैच विनर हैं तो इस लिस्ट में खुद हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। हालांकि, जबसे हार्दिक पंड्या कप्तान बने हैं टीम में तमाम दिग्गज सितारे होने के बावजूद मुंबई इंडियंस की परफॉर्मेंस बेहद खराब रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि जिन खिलाड़ियों ने पिछले सीजन मुंबई के लिए मुश्किल वक्त में परफॉर्म किया था और प्लेऑफ तक पहुंचने का काम किया था, उन्हें इस सीजन डगआउट में ही बैठकर बिताना पड़ रहा है।

हालांकि, अब जब मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 की प्लेऑफ से बाहर हो चुकी है तो संभव है कि आखिरी मैच में वह उन प्लेयर्स को मौका दे, जो लगभग दो महीने से इस उम्मीद में रोज पसीना बहा रहे हैं। रोचक बात यह है कि लिस्ट में महान सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर भी शामिल हैं, जिन्हें पिछले सीजन कुछ मैच मिले थे। उन्होंने खुद को साबित करने की कोशिश भी की थी। हालांकि, इस सीजन तो पूरी तरह से बेंच पर ही बैठे रहे।

### कुमार कार्तिकेय सिंह

लिस्ट में सबसे टैलेंटेड कुमार कार्तिकेय का नाम भी शामिल है। 2022 में टीम से जुड़े कार्तिकेय लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं। पिछले आईपीएल सीजन उन्होंने 8 मैचों में 5 विकेट झटके थे, जबकि रणजी ट्रॉफी के पिछले सीजन में 30 से अधिक विकेट अपने नाम किए थे। माना जा रहा था कि वह 2024 आईपीएल में कुछ अच्छा करेंगे, लेकिन उन्हें एक भी मैच में मौका नहीं दिया गया।

### विष्णु विनोद

विष्णु विनोद फिलहाल चोटिल हैं, लेकिन वह शुरुआती मैचों में उपलब्ध थे। विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ईशान किशन का प्रदर्शन भी बेहद उतार चढ़ा वाला रहा है। हालांकि, विष्णु विनोद को भी बेंच पर रहना पड़ा।

### अर्जुन तेंदुलकर

लिस्ट का सबसे प्रेस्टीजियस नाम अर्जुन तेंदुलकर हैं। महान सचिन तेंदुलकर के ऑलराउंडर बेटे को रोहित ने डेब्यू कैप पिछले सीजन पहनाई थी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 4 मैचों में 3 विकेट झटके थे। जब उन्हें पहला विकेट मिला तो सचिन ने कहा था कि अब तेंदुलकर फैमिली के नाम आईपीएल में विकेट हो गया। खैर, इस सीजन उनके बेटे को एक भी मैच खेलने को नहीं मिला।

### शिवालिक शर्मा

शिवालिक बाएं हाथ के शानदार बैटर हैं, जबकि दाएं हाथ के लेग ब्रेक बॉलिंग करते हैं, यानी लेग स्पिनर हैं। जब उन्हें टीम में शामिल किया गया था तो मुंबई इंडियंस ने शर्मा की तारीफ करते हुए बताया था कि वीनू मांकड़ ट्रॉफी और कूचबिहार ट्रॉफी में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था। उनका करियर स्ट्राइक रेट 130 से अधिक है।

### हार्विक देसाई

विष्णु विनोद के रिप्लेसमेंट के तौर पर अंडर-19 स्टार हार्विक देसाई को टीम में शामिल किया गया। वह विध्वंसक बैटिंग कर सकते हैं, लेकिन मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने उन्हें मौका नहीं दिया। पृथ्वी शॉ की कप्तानी वाली अंडर-19 टीम के लिए विनिंग स्कोर करने वाले हार्विक भी बेंच पर ही बैठे हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स अभी भी प्लेऑफ की रेस में, ऐसा हुआ तो होगा यह करिश्मा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत की वापसी के साथ ही लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपना आखिरी मुकाबला जीत लिया। प्लेऑफ की राह में दिल्ली के लिए यह जीत जरूरी थी। इस जीत के साथ ही दिल्ली के 14 प्वाइंट हो गए हैं। अगर चेन्नई और लखनऊ अपने आगामी मुकाबले गंवा देता है तो दिल्ली के कुछ चांस बन सकते हैं। अगर हैदराबाद अपने दोनों आगामी मुकाबले गंवा दें तो दिल्ली के लिए आगे जाने की राह खुल सकती है। चेन्नई और बेंगलुरु के मुकाबले पर भी नजरें रहेंगी जोकि दिल्ली का समीकरण बिगाड़ सकते हैं।

हैदराबाद टीम ही दिल्ली कैपिटलस के लिए प्लेऑफ का असली रास्ता खोल सकती है। हैदराबाद का आगामी मुकाबला गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के खिलाफ है। दिल्ली की नेट रन रेट के हिसाब से अगर गुजरात और पंजाब की टीमें दोनों पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 से ज्यादा रन बनाए और हैदराबाद से मुकाबले 100 से ज्यादा रन से जीते तो हैदराबाद की नेट रन रेट दिल्ली से नीचे आ सकती है। इस तरह दिल्ली चौथे स्थान की दावेदार हो सकती है। बता दें कि अभी राजस्थान रॉयल्स दिल्ली की इस जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंच चुकी है। वहां कोलकाता नाइट राइडर्स पहले से है।

बहरहाल, ऋषभ पंत ने मैच जीतने के बाद कहा कि सीजन की शुरुआत हमने बहुत उम्मीदों के साथ की थी। कुछ चोटें सामने आईं। लेकिन आखिरी गेम के बाद भी हम अभी भी प्रतिस्पर्धा में हैं। अगर मुझे आखिरी गेम में खेलने का मौका मिलता तो हमारे पास क्वालीफाई करने का बेहतर मौका होता। व्यक्तिगत रूप से, वापस आना शानदार था। पूरे भारत से समर्थन देखकर खुशी हुई। डेढ़ साल बाद इंतजार करने में काफी समय लगा। मैं हर समय मैदान पर रहना चाहता हूं। कोई भी कार्रवाई चूकना नहीं चाहता।

### ऐसा रहा मुकाबला

लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। दिल्ली ने अभिषेक पोरेल के 58, शाई होप के 38, ऋषभ पंत के 33 तो ट्रिस्टन स्टब्स के 57 रनों की बदौलत 4 विकेट खोकर 208 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 5वें ओवर में ही 4 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन निकोल्स पूरण ने 61 रन बनाकर फाइट जारी रखी। लखनऊ को आखिरी ओवर में 23 रन जीत के लिए चाहिए थे। अरशद खान (58) ने अर्धशतक जरूर जमाया लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। दिल्ली को 19 रन से जीत मिली।

# रोमांचक फाइनल राउंड के बाद भारत के प्रणव वी नें जीता दुबई पोलिस मास्टर्स शतरंज का खिताब



**दुबई (एजेंसी)।** दुबई पोलिस मास्टर्स शतरंज में आखिरकार भारतीय खिलाड़ियों के दबदबा रहा और एक बेहद रोमांचक फाइनल राउंड के बाद भारत के प्रणव वी नें 7 अंको के साथ बेहतर टाईब्रेक के आधार पर इस टूर्नामेंट का पहला संस्करण अपने नाम कर लिया। प्रणव और अरविंध चितांबरम 7 अंक बनाकर पहले स्थान के लिए टाई की स्थिति में थे पर अपने विरोधियों की औसत रेटिंग के आधार पर प्रणव विजेता और अरविंद उपविजेता के स्थान पर रहे। प्रणव नें कुल 16500 यूएसडी और अरविंद नें 14500 यूएसडी का पुरूस्कार अपने नाम किया। वहीं शीर्ष 10 खिलाड़ियों में भी भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा और इन दोनों खिलाड़ियों को मिलाकर 5 भारतीय खिलाड़ी शीर्ष 10 में शामिल रहे। 6.5 अंक बनाकर 7 खिलाड़ी भारत के प्राणेश एम, आदित्य मित्तल, उक्रेन के वेसली इवांचुक, इज़राइल के अमीन तबातबाई, यूएसए के नीमन हंस मोके, अर्मेनिया के सर्गस्यन शांत और अजरबैजान के एलताज सफारली क्रमशः तीसरे से नौवे स्थान पर रहे। 6 अंको पर सर्वश्रेष्ठ टाईब्रेक के साथ भारत के विसाख एनआर दसवें स्थान पर रहे।

# भारतीय गेंदबाजों का दमदार प्रदर्शन हमारे लिए सबसे सकारात्मक बात:कोच आमरे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना कम होने के बावजूद सहायक कोच प्रवीण आमरे टीम के भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन से काफी संतुष्ट है। दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा सत्र के अपने आखिरी लीग मुकाबले में मंगलवार को यहां लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) को 19 रन से शिकस्त दी। टीम की यह 14 मैचों में सातवीं जीत थी लेकिन खराब नेट रन रेट के कारण उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावना बेहद कम है।

आमरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि टीम के पास जो संसाधन था उसमें उसने से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस मामले में पिछले चार-पांच मैचों में टीम के भारतीय गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया है। आमरे ने कहा, 'पिछले चार-पांच मैचों में हमारे सभी भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा काम किया है। मेरा मानना है कि यह हमारे लिए काफी जरूरी था। जिस तरह से खलील (अहमद), मुकेश (कुमार), इशांत (शर्मा) ने गेंदबाजी की हमारे लिए सबसे सकारात्मक पहलू था।

दिल्ली ने अभिषेक पोरेल (58 रन) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 57) के आक्रामक अर्धशतकों से चार विकेट पर 208 रन बनाने के बाद इशांत की अगुवाई में शानदार गेंदबाजी के दम पर एलएसजी को नौ विकेट पर 189 रन पर रोक दिया। इशांत तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच चुने गये। उन्होंने इशांत की तारीफ करते हुए कहा, 'उन्होंने पावर प्ले में तीन विकेट चटकाये और वह सभी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के विकेट थे। वह ऐसे गेंदबाज है जिन्होंने 100 टेस्ट खेले है और उन्हें दिल्ली की विकेट (पिच) के बारे में अच्छी जानकारी है। मैं उनके लिए काफी खुश हूं उन्हें जो भी मौका मिला उन्होंने उसका फायदा उठाया। उन्होंने काफी अच्छा प्रदर्शन किया।

आमरे ने कहा कि इस सत्र में घरेलू मैदान पर पांच मैच जीतना टीम के लिए बड़ी सफलता है।। उन्होंने कहा, 'मैं इस फ्रेंचाइजी के साथ नौ साल से हूं लेकिन पिछले दो साल और खास यह साल हमारे लिए काफी अच्छा रहा है क्योंकि हम अपने घरेलू मैदान पर पांच मैच जीतने में सफल रहे है। हमने विशाखापत्तनम में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। घरेलू मैदान पर पांच मैच जीतना हमारे लिए और हमारे प्रशंसकों के लिए शानदार है। हमें इस साल प्रशंसकों का शानदार साथ मिला, इससे पहले के वर्षों में हमें इसकी कमी खलती थी। इस तरह के समर्थन के लिए प्रशंसकों का शुक्रिया।

उन्होंने कहा कि टीम तालिका में पांचवें स्थान पर है और कई मुख्य खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में यह बेहतरीन परिणाम है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल में इस तरह की चीजें होती है। हमें हैरी ब्रुक्स की सेवाएं नहीं मिली, मिचेल मार्श को वापस जाना पड़ा। इन सब के बीच (डेविड) वार्नर चोटिल हो गये। ईमानदारी से कहूं तो इन खिलाड़ियों की जगह लेने वालों ने अच्छा प्रदर्शन किया जिससे हम तालिका में अभी पांचवें स्थान पर है। हमारे पास जो संसाधन थे हमने उसके मुताबिक अच्छा किया है।

उन्होंने कहा, 'पिछले मैच (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ) में हमें ऋषभ (पंत) की काफी कमी खली क्योंकि वह हमारे लिए काफी अहम मैच था। पंत इस सत्र में टीम के तीन बार धीमी ओवर के लिए एक मैच के लिए निलंबित थे। उनकी गैरमौजूदगी ने आरसीबी ने दिल्ली को 47 रन के बड़े अंतर से हराया था। आमरे ने स्टब्स और पोरेल जैसे बल्लेबाजों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मौके का अच्छे से फायदा उठाया।

उन्होंने कहा, 'स्टब्स हमारे वैकल्पिक खिलाड़ी थे, अगर ब्रुक टीम में होते तो शायद उन्हें मौका नहीं मिलता। स्टब्स ने दक्षिण अफ्रीका लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। उन्होंने प्रथम श्रेणी के स्थानीय क्रिकेट में तिहरा शतक भी जड़ा है। वह स्पिनरों का अच्छे से सामना करते हैं। उनमें सफलता हासिल करने की ललक है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनोज जरांगे ने भरी हुंकार, मराठा आरक्षण आंदोलन फिर से करने का ऐलान

**मुंबई, एजेंसी।** मराठा आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे ने फिर हुंकार भरी है। उन्होंने मंगलवार को चेतावनी दी कि 4 जून से अभियान एक बार फिर शुरू किया जाएगा। जरांगे ने आंदोलन फिर से शुरू करने के लिए ऐसा दिन चुना है जिस दिन लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में दाखिलों में आरक्षण की मराठा समुदाय की मांग को लेकर 8 जून को रैली भी आयोजित की जाएगी। जरांगे ने 17वीं सदी के शासक छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वह पिछले साल से मराठा आरक्षण आंदोलन की अगुवाई कर रहे हैं। जरांगे ने माल्यार्पण के बाद कहा, हम अपने बच्चों के लिए आरक्षण चाहते हैं। हमें आर्थिक रूप से कमजोर तबके के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है जिसका कोई उपयोग नहीं है। यह वर्तमान पुलिस भर्ती में साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि हम 4 जून को सुबह नौ बजे से अनिश्चितकालीन अनशन के साथ फिर से आंदोलन शुरू करेंगे। यह आंदोलन शांतिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आशा है कि सरकार इससे पहले ही उनकी मांगों का समाधान कर देगी। जरांगे ने कहा कि बीड जिले के नारायणगड में 8 जून की रैली के लिए तैयारी जोर-शोर से चल रही है। लोकसभा चुनाव पर मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'मेरा इससे लेना-देना नहीं है और न ही मैंने किसी के लिए प्रचार किया। मैंने बस इतना कहा कि लोगों को उन्हें हराना चाहिए जो हमारे विरुद्ध हैं।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में पहले कभी इतनी रैलियां नहीं कीं। जरांगे ने कहा, 'अतीत में उन्होंने विभिन्न चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए प्रचार भी नहीं किया। लेकिन इस बार उन्होंने ऐसा किया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रदेश भाजपा के चार-पांच नेताओं के मन में मराठाओं और अन्य समुदायों के प्रति नफरत है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और चंद्रकांत पाटिल मराठाओं से घृणा करते हैं। उन्होंने कहा कि फडणवीस को अपनी नफरत का परित्याग कर देना चाहिए क्योंकि हम कभी भाजपा के खिलाफ नहीं थे।

### अमेठी में गरजे सीएम योगी! कहा- उनका धन्यवाद जिन्होंने राम के विरोध के कारण सपा से विद्रोह किया

**अमेठी, एजेंसी।** अमेठी में सपा और कांग्रेस के लोग नौजवानों के हाथ में तमंचा पकड़ाते थे, हमने टैबलेट दिया है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मुबारकपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही। योगी ने कहा अमेठी में मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाया था। आज आपकी सरकार मेडिकल कॉलेज का, जिला मुख्यालय, पुलिस लाइन, जिला कोर्ट का निर्माण कर रही है। पेशेवर गुंडों और अपराधियों का इलाज भी यही सरकार कर रही है। यहां के लोग दो जून भूखे रह सकते हैं लेकिन राम को नहीं भूल सकते। यहां से राम का परिवार का रिश्ता है। आप जिनको पहले चुनते थे वे राम को नकारते थे। उनके खिलाफ टिप्पणी करते थे। हमारे ही वोट से चुनकर आतंकवाद को बढ़ावा देते थे, रामलला पर हमले करने के लिए प्रेरित करते थे। आज एक्सप्रेस वे,हाईवे, रेलवे, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम मोदी बनवा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि एके 203 दुनिया की सबसे अच्छी रायफल भारत बना रहा, वह अमेठी में बन रही है। देश के जवानों के हाथों में जब एके 203 होती है तो पाकिस्तान थर्रा जाता है। सपा और कांग्रेस के लोग कहते हैं उनके पास एटम बम है। एटम बम हमारे पास भी है और फ्रिज में रखने के लिए नहीं है। कांग्रेस सरकार में गरीब भूख से मरता था। मोदी सरकार में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जो राम भक्तों पर गोली चलवाते थे, आतंकवादियों को समर्थन देते थे। आज वही राम विरोधी लोग मोदी का विरोध कर रहे हैं। विपक्ष के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, अरे अगर उसके पास एटम बम है तो हमारे पास भी तो एटम बम है। यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद संसदीय क्षेत्र के दरियाबाद विधानसभा में जेठौती कुर्मियान में जनसभा में कही।

# जो हाथ उठा उसे तोड़ देता; स्वाति मालीवाल के पूर्व पति तमतमाए, केजरीवाल पर भी बरस पड़े

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में हुई बदसलूकी के बाद उनके पूर्व पति नवीन जयहिंद बेहद गुस्से में दिख रहे हैं। नवीन ने कल दावा किया कि स्वाति की जान खतरे में है। बुधवार को उन्होंने आप के सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल पर एफआईआर की मांग की है। उन्होंने स्वाति की तुलना झांसी की रानी से की और कहा कि जो हाथ उस पर उठा उसे मैं तोड़ देता।मालीवाल के पूर्व पति नवीन ने कहा, जिसे आप सीएम हाउस कहते हो, वह गटर हाउस है। यह बहुत ही खतरनाक घटना है। इसके लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी एफआईआर होनी चाहिए। क्योंकि यह घटना उनके घर में हुई है। जिसने भी यह की है उसकी



औकात नहीं है, यह घटना करने की। स्वाति की जान को खतरा है। उसको डराया धमकाया गया है। नवीन जयहिंद ने आगे कहा, अभी भी स्वाति की आवाज दबाई जा रही है। यह सिर्फ मेरी पूर्व पत्नी का मामला नहीं है, यह लाखों महिलाओं का मामला है। पूर्व पत्नी का अगर मामला होता तो अब तक स्वाति पर जो हाथ उठे हैं, वे टूट चुके होते... और जिसने इसके लिए आदेश दिया, उसकी जुबान हम निकाल लिए होते। यह बहुत गहरा मामला है। इसपर कार्रवाई होनी चाहिए।

### स्वाति मालीवाल से नहीं हो रहा कॉन्टैक्ट: दिल्ली पुलिस

मालीवाल शिकायत दर्ज कराने के लिए सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन गई थीं, लेकिन कुछ कॉल आने के बाद वह एफआईआर कराए बिना ही चली गईं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह वापस आएंगी लेकिन मंगलवार देर रात तक भी वह नहीं आईं। उन्हें सार्वजनिक तौर पर भी नहीं देखा गया है। पुलिस ने मालीवाल की शिकायत को लंबित (पेंडिंग) के तौर पर मार्क किया है और फिलहाल कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस ने इस पर कानूनी राय मांगी है कि क्या वे डीडी (दैनिक डायरी) प्रविष्टि और पीसीआर कॉल के आधार पर मामले में आगे बढ़ सकते हैं। यह कई मामलों में अपनाया जाने वाला प्रोटोकॉल है।

इस बीच, पुलिस अधिकारियों ने मामले पर चर्चा के लिए मंगलवार शाम को एक बैठक की। पुलिस ने कहा कि उन्होंने मालीवाल से कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया। सूत्रों ने बताया कि पुलिस सीएम आवास के बाहर से सीसीटीवी फुटेज इकट्ठा करने की प्रक्रिया में है। बिभव और स्वाति केजरीवाल के एनजीओ के दिनों से ही उनके साथ हैं। मालीवाल को इसी साल जनवरी में दिल्ली से राज्यसभा भेजा गया था। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा, एक महिला के खिलाफ हिंसा के बाद तुरंत गिरफ्तारी की जानी चाहिए थी।

### सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात जवान ने सरकारी बंदूक से की आत्महत्या

**जलगांव, एजेंसी।** पिछली पीढ़ी के दिग्गज क्रिकेटर भारत रत्न सचिन तेंदुलकर की सुरक्षा में तैनात राजकीय रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) के एक जवान ने जामनेर शहर में अपने पुश्तैनी घर में आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतक जवान की पहचान प्रकाश कापड़े के रूप में हुई है। वह छुट्टी पर अपने पैतृक शहर गया था।

कापड़े (39) ने अपनी सरकारी बंदूक से गले में गोली मार ली। उसके परिवार में उसके बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी तथा दो नाबालिग बच्चे, एक भाई और अन्य सदस्य हैं। जामनेर थाने के वरिष्ठ पुलिस इंस्पेक्टर किरण शिंदे ने कहा कि घटना बीती रात (बुधवार) 1.30 बजे की है। उसने क्यों आत्महत्या कि इसके बारे में अभी पता नहीं चल सका है।

शिंदे ने आईएएनएस को बताया, प्राथमिक जांच से लगता है कि उसने निजी कारणों से यह कदम उठाया है, लेकिन हम जांच के पूरे विवरण का इंतजार कर रहे हैं। कापड़े का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।



### सीमा हैदर पर नया ऑडियो जिसने मचा दी खलबली, पाकिस्तानी भाभी ने दी सफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तानी भाभी उर्फ सीमा हैदर एक बार फिर चर्चा में है। वजह है सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप। इस ऑडियो ने एक बार फिर सवाल उठा दिया है कि क्या सीमा हैदर एक पाकिस्तानी जासूस है, जो प्यार की झूठी कहानी के सहारे भारत में दाखिल हुई? वायरल ऑडियो क्लिप पर खुद सीमा हैदर ने सफाई दी तो उनके वकील एपी सिंह ने भी कहा है कि भारत सरकार एनआईए से जांच करवा ले। आइए हम आपको बताते हैं कि आखिर पूरा मामला है क्या। वायरल ऑडियो को लेकर दावा है कि इसमें सीमा हैदर के पाकिस्तानी दोस्त और गुलाम हैदर के भारतीय वकील मोमिन मलिक की बातचीत हो रही है। इसमें दावा किया गया है कि सीमा हैदर ने भारत में दाखिल होने से पहले पाकिस्तानी सेना कैंप में ट्रेनिंग ली है। वायरल ऑडियो में वकील मोमिन सीमा हैदर को लेकर कुछ सवाल करते हैं जिसके जवाब में पाकिस्तानी व्यक्ति कहता है, अपने चाचा गुलाम

### तेलंगाना में कांग्रेस 12-13 सीटें जीतेगी - सीएम रेवंत रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के मतदान के एक दिन बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को विश?वास जताया कि उनकी कांग्रेस राज्य में 17 में से 12-13 सीटें जीतेगी। रेवंत रेड्डी राज्य के पार्टी प्रमुख भी हैं, उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए भरोसा जताया कि कांग्रेस उम्मीदवार डी. नागेंद्र सिकंदराबाद लोकसभा सीट 20,000 वोटों के बहुमत से जीतेंगे। रेवंत रेड्डी ने कहा कि मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही राजनीतिक गतिविधि समाप्त हो गई है और वह अब पूरी तरह से प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार किसान कल्याण निगम की स्थापना करेगी, जो किसानों का कर्ज माफ करने के लिए कर्ज लेगी।प्रचार के दौरान किए गए वादे के मुताबिक 15 अगस्त तक 2 लाख रुपये तक के कृषि ॠण माफ कर देगी।उन्होंने बेमौसम बारिश के कारण नुकसान झेलने वाले किसानों को आश?वासन दिया कि सरकार भीगे हुए धान की खरीद को प्राथमिकता देगी।

## बीजापुर एनकाउंटर पर सवाल, कांग्रेस ने जांच के लिए बनाई फैक्ट फाइंडिंग कमेटी, मारे गए थे 12 नक्सली

**बीजापुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 10 मई को 12 संदिग्ध नक्सलियों के एनकाउंटर पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि घटना के दो दिन बाद ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुठभेड़ फर्जी थी। कांग्रेस ने इस मुठभेड़ की जांच के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन भी कर दिया है। इस टीम का नेतृत्व आदिवासी नेता और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम कर रहे हैं। मंगलवार को गठित की गई इस कमेटी में इंद्र शाह मंडावी, विक्रम मंडावी, जनक राम ध्रुव, सावित्री मंडावी, देवती कर्मा, रजनू नेताम और शंकर कुडियाम शामिल हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्र जारी कर फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के सदस्यों से जल्द से जल्द विस्तृत जांच रिपोर्ट सौंपने की अपील की है। बीते शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के बाद कहा था कि उन्होंने प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) की सैन्य कंपनी नंबर 2 के दो सदस्यों, बुधु



ओयम और कल्लू पुनेम समेत कुल 12 नक्सलियों को एक एनकाउंटर में मार गिराया है। बुधु ओयम और कल्लू पुनेम के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम था।

मुठभेड़ में मारे गए अन्य संदिग्धों में नक्सलियों की गंगालूर एरिया कमेटी का सदस्य लाखे कुंजाम और सैन्य प्लाटून नंबर 12 का सदस्य भीमा कराम भी शामिल था। इनके सिर पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था। अन्य मृतकों में मिलिशिया प्लाटून कमांडर सन्नू लाकोम और जनता सरकार (पीपुल्स गवर्नमेंट) के उप-प्रमुख अवलम थे जिनके सिर पर 2 लाख रुपये का इनाम था।

एनकाउंटर के दो दिन बाद 12 मई को मृतकों के शवों के लिए स्थानीय ग्रामीण बीजापुर पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि मुठभेड़ फर्जी थी। इसमें क्षेत्र के निवासी सुरक्षा बलों की गोलीबारी का शिकार हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि कुछ ग्रामीण जंगल से तेंदू पत्ते तोड़ने गए थे। ये लोग भागने लगे तभी सुरक्षा बल उनकी ओर बढ़े और फायरिंग कर दी। कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने भी एनकाउंटर पर सवाल उठाए थे। उन्होंने सरकार से इसकी जांच कराने की मांग की। कवासी लखमा ने कहा- मीडिया से पता चला है कि पीडिया में मारे गए 12 लोग आसपास के गांवों के तेंदू पत्ता संग्राहक थे। यही वजह है कि कांग्रेस मामले की जांच के लिए एक राज्य स्तरीय जांच टीम भेज रही है। यह सीजन तेंदू पत्ता जुटाने का है। आदिवासियों को नक्सली बताना पुलिस की पुरानी आदत है। आदिवासी क्षेत्र की पहचान हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो इलाके से आदिवासी खत्म हो जाएंगे। भाजपा सरकार को ऐसी घटनाओं पर रोक लगानी चाहिए और जांच बैठानी चाहिए। वहीं आदिवासी महासभा के अध्यक्ष और सीपीआई के पूर्व नेता मनीष कुंजाम ने कहा कि वह बुधवार को गांव का दौरा करेंगे क्योंकि इस मुठभेड़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने एक 10 भरमार राइफल बरामद की है जो एक बार फायर कर सकती है।

## दुबई में ठिकाने ने लगाया जा रहा काला धन! सबसे ज्यादा भारतीयों ने खरीदी सम्पति, कंगाल पाकिस्तानियों ने भी तोड़ा रिकार्ड

**दुबई एजेंसी।** दुबई में सम्पति खरीद को लेकर कई देशों के बारे में बड़ा खुलासा हुआ है। वैश्विक खोजी पत्रकारिता प्रोजेक्ट की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि किन-किन देशों से लोग दुबई में प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। इस रिपोर्ट में दुबई में 2020-22 तक सैकड़ों हजारों संपत्तियों और उनके मालिक की जानकारी दी गई है।दुबई अनलॉक्ड की रिपोर्ट में जारी इस लिस्ट में राजनीतिक हस्तियां, प्रतिबंधित लोग और कई अपराधी शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुबई में आवासीय प्रॉपर्टी खरीदने के मामले में भारतीय सबसे आगे हैं क्योंकि,श्व में सबसे ज्यादा भारतीय रहते हैं जबकि पाकिस्तानी दूसरे नंबर पर है।



दुबई अनलॉक्ड के मुताबिक यहां 29700 भारतीयों ने संपत्ति खरीद रखी है। उनके पास कुल 35000 प्रॉपर्टी हैं। इन संपत्तियों की अनुमानित कीमत 17 अरब डॉलर है। वहीं 17000 पाकिस्तानी 23000 संपत्तियों के मालिक हैं। इस रिपोर्ट में 2020 से 2022 तक के डेटा का इस्तेमाल किया गया है। इस डेटा में निवास की स्थिति, आय के स्रोत, किराए के आय की घोषणा शामिल नहीं है। रिपोर्ट में जियो न्यूज के हवाले से बताया गया कि बेशक पाकिस्तान के आर्थिक हालात कंगाली वाले हैं लेकिन वहां रईसों की कमी नहीं है। इनके आलीशान बंगले और घर दुबई में है। दुबई अनलॉक्ड ने बताया है कि पाकिस्तानियों की कुल प्रॉपर्टी की कीमत लगभग 11 अरब डॉलर है। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर से ऐसे लोगों ने भी यहां की प्रॉपर्टी में निवेश किया है, जिन पर वैश्विक स्तर पर प्रतिबंध और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। आर्थिक अपराधी अपने काले पैसे को यहां के रियल एस्टेट में ठिकाने लगा रहे हैं लेकिन इसका ये मतलब नहीं कि हर कोई जो दुबई में निवेश कर रहा है उसके पास काला धन ही है। इसके अलावा डेटा में नाम होना वित्तीय धोखाधड़ी का सबूत नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका का न्यूयॉर्क और लंदन का रियल एस्टेट भी डर्टी मनी को आकर्षित करता है। लेकिन जिन लोगों को पश्चिमी देशों में प्रतिबंधों का खतरा है वह दुबई में प्रॉपर्टी लेना पसंद करते हैं।

## न्यू कैलेडोनिया दंगों में तीन लोगों की गोली मारकर हत्या, स्थानीय मीडिया ने दी जानकारी



**पेरिस , एजेंसी।** न्यू कैलेडोनिया के उच्चायुक्त का हवाला देते हुए बीएफएम टीवी ने बुधवार को बताया कि फ्रांस की नेशनल असेंबली द्वारा मंगलवार शाम को प्रशांत द्वीप में मतदान नियमों में बदलाव को मंजूरी देने के बाद न्यू कैलेडोनिया में दंगे जारी रहे, जिसमें तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक अधिकारी ने कहा कि न्यू कैलेडोनिया में अशांति है, क्योंकि फ्रांस की नेशनल असेंबली द्वारा प्रशांत द्वीप में मतदान नियमों में बदलाव को मंजूरी देने के बाद बुधवार को दंगे जारी रहे और दुकानें और स्कूल बंद रहे। न्यू कैलेडोनिया के राष्ट्रपति लुइस मपोउ के प्रवक्ता ने कहा कि मारे गए तीन लोग युवा मूल निवासी कनक थे। उन्होंने कहा कि यह जानकारी पुलिस द्वारा दी गयी है। इस सप्ताह पेरिस में सांसदों द्वारा न्यू कैलेडोनिया में 10 वर्षों से रहने वाले फ्रांसीसी निवासियों को प्रांतीय चुनावों में मतदान करने की अनुमति देने वाले विधेयक पर मतदान करने से पहले दंगे भड़क उठे। इस कदम से कुछ स्थानीय नेताओं को डर है कि इससे कनक वोट कमजोर हो जाएगा। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन और न्यू कैलेडोनिया के राष्ट्रपति लुईस मपोउ ने शांति और बातचीत का आह्वान किया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने कहा कि एक औद्योगिक क्षेत्र में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, उच्चायुक्त लुईस ले फ्रैंक ने कहा कि गोली पुलिस की ओर से नहीं, बल्कि किसी ऐसे व्यक्ति की ओर से मारी गई थी जो शायद अपना बचाव कर रहा था।

# पॉच घंटे में लंदन से न्यूयॉर्क पहुंचा देगा सुपरसॉनिक प्लेन

### आधा कर देगा लंबे सफर का समय

**वाशिंगटन , एजेंसी।** नया सुपर-सोनिक प्लेन मात्र एक घंटे से भी कम समय में यात्रियों को यहां से वहाँ पहुंचा देगा। लंदन से न्यूयॉर्क जैसे शहर के सफर को पांच घंटे से भी कम का कर देगा। 1836 किमी प्रति घंटे की तेज गति से 300 भाग्यशाली यात्रियों को सफर कराने के लिए तैयार है, जो कि आज की तुलना में दोगुने से भी अधिक है।

सबसे तेज़ वाणिज्यिक जेट की इस तकनीक का मतलब यह हो सकता है कि हम जल्द ही दिल्ली से लंदन तक नौ घंटे की उड़ान वाले थकाउ सफर को अलविदा कह देंगे। स्काई ओवी इवो के पीछे स्पैनियार्ड ऑस्कर विनल्स का ब्रेनबॉक्स है, और वह विलासिता पर कोई कंजूसी नहीं कर रहा है। यह उड़ने वाला चमत्कार शयनकक्षों, शानदार सुइट्स और यहां तक कि राजघरानों के लिए उपयुक्त बाथरूम का वादा करता है।

एक वेबसाइट बताती है कि भविष्य के हवाई जहाज के इंजन और विमान हल्के, शांत और अधिक कुशल होंगे, उड़ान भरने का अनुभव आज की तुलना में काफी अलग होगा, अधिक जगह, विशेष वस्तुएं, और सुविधाएं भी होंगी। विमान को पंख रहित कहा जा रहा है, जबकि वास्तव में इसमका मिश्रित पंख के आकार का डिजाइन है, जिसके बारे में कहा जाता है कि यह खिंचाव को कम करने में मदद करता है। दावा है कि इस आकृति का उपयोग नासा जैसे संगठनों ने भी किया है क्योंकि यह ईंधन अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में मदद कर सकता है। बूम सुपरसोनिक की नई विमान अवधारणा, ओवरचर, की रफ्तार 2000 किमी प्रति घंटे तक की गति तक पहुंच सकती है।

अमेरिका स्थित कंपनी का लक्ष्य मियामी और लंदन के बीच उड़ान के समय को आठ घंटे और 45



मिनट से घटाकर मात्र पांच घंटे करना है। अब लोगों को ऐसे विमानों का ज्यादा इंतजार नहीं करना होगा।वेबसाइट आगे कहती है कि इस प्रकार के विमान के पंखों का फैलाव बोइंग 747 से थोड़ा अधिक होगा और यह मौजूदा हवाई अड्डे के टर्मिनलों से संचालित हो सकता है, साथ ही यह भी कहा गया है कि विमान का वजन भी कम होगा, शोर और उत्सर्जन भी कम होगा।

### एक जून को होने जा रहे आंदोलन ने पाकिस्तान सरकार की बढ़ाई मुसीबत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** इस वक्त पाकिस्तान सरकार की चौतरफा मुसीबतें बढ़ रहीं है। महंगाई और बदहाली से मुक्ति मिलती इससे पहले यहां होने जा रहे आंदोलन ने पाकिस्तान सरकार की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। माना जा रहा है कि यह आंदोलन बहुत बड़ा होगा और इसमें करीब एक करोड़ लोग शामिल होंगे। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने चेतावनी दी है कि करोड़ों लोग आंदोलन में भाग लेंगे। फजलुर रहमान ने पाकिस्तान में संसद के घटते महत्व पर आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। रिपोर्ट के अनुसार, जेयूआई-एफ प्रमुख ने कहा कि पाकिस्तान में संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और संविधान लागू नहीं किया जा रहा है। जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने देश में संविधान की अनदेखी पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि 1 जून को मुजफ्फरगढ़ से मिलियन मार्च शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को आपत्ति होती है उनके पास कोई विकल्प ही नहीं है कि वे क्या करें। रिपोर्ट के अनुसार, रहमान ने कहा, संसद ने अपना महत्व खो दिया है, हम (जेयूआई-एफ) एक आंदोलन शुरू कर रहे हैं जिसमें जनता की प्रतिक्रिया अपेक्षा से अधिक है।उन्होंने 9 मई की हिंसा को याद करते हुए कहा कि अगर राजनीतिक अस्थिरता जारी रही तो व्यवस्था नष्ट हो जाएगी।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129